E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 05 | गुवाहाटी | गुरुवार, 1 अगस्त, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

सत्यमेव जयते
असम सरकार

এজুপি গছ মাৰ নামত

## एक पेड़ माँ के नाम

ऐतिहासिक आंदोलन से जुड़े

व्यावसायिक रूप से मूल्यवान

3 करोड़ पौधों का वृक्षारोपण

1 से 15 अगस्त 2024

Amrit Brikshya Andolan
PROMOTING TREE ECONOMY
An Initiative of Government of Assam



**लक्ष्य**

अमृत वृक्ष आंदोलन है नागरिकों को व्यावसायिक रूप से मूल्यवान वृक्षारोपण में शामिल करने का एक जन आंदोलन

**उद्देश्य**

- असम के हरित आवरण को वृद्धि करना
- वनों के बाहर वृक्षों (टीओएफ) के क्षेत्रों में वृद्धि करना
- वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देना
- राज्य की हरित अर्थव्यवस्था और कृषि वानिकी क्षेत्र को बढ़ावा देना
- सतत विकास को बढ़ावा देना

अपने पौधे प्राप्त करने तथा रोपण किए गए पौधों के साथ अपनी तस्वीरें अपलोड करने के लिए

**पंजीकरण करें**

aba.assam.gov.in या

Amrit Brikshya Andolan

या

**आइए एक पेड़ माँ के नाम लगाएं**

5 जून 2024, विश्व पर्यावरण दिवस पर, हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की शुरूआत की और भारत तथा विश्व के सभी लोगों से अपनी माँ के प्रति श्रद्धा के रूप में एक पेड़ लगाने का आह्वान किया। मैं असम के सभी लोगों से इस अभियान को सफल बनाने में तथा इसमें योगदान देने के लिए आह्वान करता हूं।

**डॉ. हिमंत विश्व शर्मा**
मुख्यमंत्री, असम

**12 अगस्त 2024 तक**

निकटतम वितरण केंद्रों से अपने पौधे संग्रह करें

#AmritBrikshyaAndolan
#PromotingTreeEconomy
#EkPedMaaKeNaam
#Plant4Mother

असम सरकार के **पर्यावरण एवं वन विभाग** की एक पहल

सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय, असम द्वारा प्रचारित
Connect with us @diprassam dipr.assam.gov.in

असम वार्ता सब्सक्राइब करने के लिए 7636834943 पर Assam लिखकर व्हाट्सएप करें

-- Janasanyog /D/3340/24/1-Aug-24

## भारत-भूटान सीमा पर हथियार बरामद

**चिरांग ( हिंस )।** चिरांग जिले में भारत-भूटान सीमा के पास शालबारी गांव नंबर 2 में किसानों को अपने खेतों में काम करते समय अत्याधुनिक हथियार मिले। खेत की जोताई के समय मिट्टी के नीचे दबा हुआ हथियार उन्हें दिखा। इसकी सूचना तत्काल ही चिरांग पुलिस को दी गई। पुलिस ने बुधवार को बताया कि बरामद हथियार (एके-56 राइफल) प्लास्टिक से लिपटी थी। इसके साथ तीन मैगजीन भी मिला। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जंग लगे इस आग्नेयास्त्र को बरामद किया और उन्हें आगे की जांच के लिए पुलिस स्टेशन ले गए। इस खोज के आलोक में, पुलिस ने एक व्यापक जांच शुरू की है। प्रारंभिक संदेह से पता चलता है कि हथियारों को किसी पूर्व उग्रवादी समूह द्वारा दफनाया गया हो सकता है, जो इस क्षेत्र में पिछली आतंकवादी गतिविधियों से संभावित संबंधों का संकेत देता है।

## भविष्य को सशक्त बनाना

# बीटीसी प्रमुख ने शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि की

**कोकराझाड़।** कोकराझाड़ सरकारी कॉलेज में आज बोड़ोलैंड युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत नोडल शिक्षकों के साथ एक अभिविन्यास-सह-परामर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाग लेने वाले बीटीसी प्रमुख प्रमोद बोरो ने बीटीआर में शैक्षिक नेटवर्क का विस्तार करने के लिए बीटीसी सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने भविष्य की पीढ़ियों के उत्थान और क्षेत्र में समग्र विकास को आगे बढ़ाने के साधन के रूप में शैक्षिक ज्ञान के प्रसार के महत्व पर जोर दिया। बैठक में सप्ताहांत कोचिंग कक्षाओं की शुरुआत के लिए व्यापक दिशा-निर्देश और रणनीति तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इन



कक्षाओं का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न राज्य और केंद्र सरकार की परीक्षाओं की तैयारी में मदद करना है, जिससे प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में उनकी सफलता की संभावना बढ़ जाती है। यह सहयोगात्मक प्रयास शैक्षिक परिणामों को बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि बोड़ोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र के छात्रों को अकादमिक रूप से उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक समर्थन मिले। इस सभा में बीटीआर के सभी पांच जिलों के 25 डिग्री कॉलेजों और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के नोडल शिक्षकों ने भाग लिया। बीटीसी के शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे, जिन्होंने चर्चा और योजना बनाने में अपना योगदान दिया। आईपीआरडी बीटीसी, कोकराझाड़ की ओर से शुभकामनाएं।

## भारी मात्रा में विदेशी सिगरेट जब्त, चार गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी सिगरेटों के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि आज असम पुलिस के विशेष शाखा (एसटीएफ) को एक सूत्र से सूचना मिली थी कि सीओटीपीए कर मानदंडों का उल्लंघन करने वाली विदेशी सिगरेट सिलचर से रायपुर (छत्तीसगढ़) ट्रक द्वारा ले जाई जाएगी। ट्रक को अमीनगांव में रोका गया और तलाशी लेने पर फर्नीचर की खेप के नीचे छिपाए गए विदेशी सिगरेट के 11 बड़े कार्टून बरामद किए गए। उन्हें जब्त कर लिया गया। कुल 22 हजार सिगरेट के डिब्बे और चार लाख 40 हजार सिगरेट बरामद की गईं। ट्रक चालक परशु बैश्य को गिरफ्तार कर लिया गया। स्टॉकिंग प्वाइंट के संबंध में चालक के कबूलनामे के आधार पर गुवाहाटी के बोरागांव स्थित एमआर किंग गोदाम के परिसर में छापामारी की गई।



गोदाम के प्रबंधक साहिल दीवान और दो अन्य आशिक इकबाल और अजीत सालोई को हिरासत में लिया गया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## बोकाजन में हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कार्बी आंग्लोंग ( हिंस )।** बोकाजन के बरपथार में साबुन के 22 डिब्बों में रखी गई 298.58 ग्राम हेरोइन जब्त की गई है। पुलिस ने हेरोइन के साथ असीदुल रहमान नामक एक ड्रग पेडलर को भी गिरफ्तार किया है। हेरोइन को बरपथार के खाकराजान नाका प्वाइंट पर छापेमारी के दौरान जब्त किया गया। सूचना थी कि हेरोइन को एक कार के गुप्त कक्ष में रखा गया है। पुलिस नगांव जिले के आसिदुल रहमान नामक एक ड्रग पेडलर को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार बरामद हेरोइन की अंतर्राष्ट्रीय काले बाजार में कीमत करीब दो करोड़ रुपए आंकी गई है।

## पूसीरे ने समपार फाटकों पर डुअल गेट फोन की दी सुविधा

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) अपने क्षेत्र में समपार फाटकों (एलसी) पर मौजूदा गेट फोन के स्थान पर दो गेट फोन लगा रहा है। इससे गेट फोन की विफलता की अवधि को कम करने में मदद मिलेगी, जिससे अक्सर परिचालन संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं। पूसीरे के 1447 समपार फाटकों में से अब तक 1030 फाटकों पर डुअल गेट फोन की सुविधा दी जा चुकी है। नॉन-इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों पर वॉयस रिकॉर्डिंग की भी सुविधा है। यह पहल रेलवे की दक्षता और यात्री सुरक्षा में सुधार के लिए पूसीरे की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। डुअल गेट फोन लगाने से गेटमैन और स्टेशन मास्टर के बीच निर्बाध संचार की सुविधा मिलती है, जिससे समय पर सामंजस्य सुनिश्चित होता है। कटिहार मंडल में 40 समपार फाटक, अलीपुरद्वार मंडल में 253 समपार फाटक, रंगिया मंडल में 290 समपार फाटक, लामडिंग मंडल में 163 समपार फाटक और तिनसुकिया मंडल में 284 समपार फाटक पर अब तक डुअल गेट फोन की सुविधा प्रदान की जा चुकी है। जून, 2024 में कटिहार मंडल में 8 समपार फाटक और रंगिया मंडल में 4 समपार फाटकों को वॉयस रिकॉर्डिंग की सुविधा से युक्त किया गया है।

## अपहृत छात्र का मिला शव आग्सू कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**तिनसुकिया ( हिंस )।** सदिया के एक 12 वर्षीय अपहृत छात्र की मौत को लेकर असम-अरुणाचल सीमा पर तनाव व्याप्त हो गया है। ऑल असम गोरखा स्टूडेंट्स यूनियन (आग्सू) के कार्यकर्ताओं ने अरुणाचल प्रदेश के दिगारू पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। अरुणाचल प्रदेश के कालीखोला के छात्र रोहित बहादुर छेत्री का अपहरण हो गया था। बाद में अपहृत रोहित का शव अपहरण स्थल से करीब 800 मीटर की दूरी पर एक गड्ढे में दफना किया हुआ मिला।

## प्रदेश भाजपा ने कैबिनेट के फैसले का किया स्वागत

**गुवाहाटी ( हिंस )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा की अध्यक्षता में आज हुई असम कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों का प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने स्वागत किया है। प्रदेश भाजपा के मीडिया संयोजक देवान ध्रुवज्योति मरल ने एक बयान जारी कर कहा है कि मंत्रिमंडल के फैसले से आने वाले दिनों में राज्य के लोगों को फायदा होगा। वहीं, उपायुक्त के साथ मुख्यमंत्री के दो दिवसीय सम्मेलन की भी भाजपा ने सराहना की है। यह सम्मेलन राज्य के प्रशासनिक पहलू को और अधिक जनोन्मुखी बनाएगा। भाजपा प्रवक्ता ने यह भी कहा कि इससे जिला प्रशासन अधिक स्वच्छ होगा। यह सम्मेलन प्रशासन को पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भाजपा प्रवक्ता ने सरकार के ऐसे कदम का स्वागत करते हुए कहा कि इस सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन होने से जनता का काम सुलभ हो जाएगा

## मयांग में हाथी के हमले में पबितरा के महावत की मौत

**मोरीगांव ( हिंस )।** मायंग में पालतू हाथी के हमले में एक वन कर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान पबितरा के हाथी महावत मंगलदै निवासी हीरा कुमार के रूप में हुई है। मृतक हीरा कुमार पबितरा में महावत का काम करता था। पवितरा अभ्यारण में बाढ़ के कारण पालतू हाथियों को मायंग के बूढ़ा पहाड़ पर इन दिनों स्थानांतरित कर दिया गया है। विक्रम नामक हाथी ने आज सुबह खाना दे रहे मृतक महावत को पैर से कुचलकर मार दिया। विक्रम नामक यह हाथी पहले भी दो और महावतों को मार चुका है।

## मारवाड़ी हॉस्पिटल में ओआरएस दिवस मनाया गया

**गुवाहाटी ( विभास )।** इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपीपी) ने मारवाड़ी हॉस्पिटल, गुवाहाटी में ओआरएस दिवस और सप्ताह मनाया। कार्यक्रम में डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्स और मरीजों के माता-पिता और अभिभावक शामिल हुए। अस्पताल के वरिष्ठ बाल विशेषज्ञ एवं बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रितेश कुमार जैन ने ओआरएस दिवस के महत्व और ओआरएस सप्ताह की थीम के बारे में बात की। उन्होंने डायरिया के प्रबंधन में ओआरएस और जिंक के महत्व के बारे में भी विस्तार से बताया और ओआरएस तैयार करने का तरीका दिखाया। उन्होंने ओआरएस के साथ जिंक की गोली देने पर जोर दिया। डॉ. जैन ने 6 महीने से 5 साल और 2-6 महीने के बच्चों और वयस्कों को दी जाने वाली सही खुराक के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों की घर पर निगरानी और खतरे के संकेतों के बारे में भी बात की जो स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क करने की आवश्यकता का संकेत देते हैं। उन्होंने लोगों से बाजार में आमतौर पर उपलब्ध शर्करा युक्त पेय न खरीदने का आग्रह किया और उन्हें डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुशंसित ओआरएस खरीदने की सलाह दी। कार्यक्रम का समापन प्रश्नोत्तरी सत्र के साथ हुआ। इस अवसर पर मारवाड़ी अस्पताल के अन्य शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एसके जैन एवं कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सुशांत कुमार साह भी शामिल हुए। कार्यक्रम में मारवाड़ी अस्पताल के चिकित्सा सेवा निदेशक डॉ. जेपी शर्मा भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

## माछखोवा में माखन भोग ने खोला अपना चौथा आउटलेट

**गुवाहाटी।** विश्वास का प्रतीक वाली अपनी टैग लाइन के साथ मशहूर प्रीमियम ब्रांड माखन भोग स्वीट्स एंड स्नैक्स ने आज माछखोवा में अपने चौथे आउटलेट का शुभारंभ किया। माछखोवा स्थित राजा मेंशन परिसर में बुधवार को जानी-मानी फैशन डिजाइनर तथा समाजसेवी पायल चड्ढा ने निदेशक संगीता आर्य, संजय आर्य, ध्रुव आर्य, प्रिया आर्य की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर नए आउटलेट का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर युवा व्यवसाय ध्रुव आर्य ने बताया कि बोरा सर्विस, फैंसी बाजार और गणेशगुड़ी आउटलेट की शानदार सफलता के बाद गुवाहाटी में अन्यतम व्यस्त माने जाने वाले माछखोवा तथा इसके आसपास के क्षेत्रों के लोगों को गुणवंता वाली मिठाई व स्नेक्स उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यहां हमने अपने चौथे आउटलेट का आज शुभारंभ किया है। श्री आर्य कहा कि यहां के मेन्यू में कई तरह की मिठाइयां, स्नैक्स, ड्राई फ्रूट्स के साथ



नमकीन और बेकरी उत्पाद शामिल होंगे, जो बेहतरीन गुणवत्ता वाले स्वच्छ परिस्थितियों में ताजा बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि माखन भोग जल्द ही कई और लाइव ब्रेकफास्ट और फास्ट फूड विकल्प जोड़ने की योजना बना रहा है। उन्होंने आगे कहा कि बहुत जल्द हमारा माछखोवा आउटलेट ऑनलाइन प्लेटफॉर्म स्विगी और जोमैटो पर उपलब्ध होगा। युवा महिला उद्यमी श्रीमती प्रिया आर्य ने कहा कि शहर की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए इस आउटलेट की बहुत जरूरत थी। हमें उम्मीद है कि गुवाहाटीवासियों का प्यार और सराहना मिलेगी, जैसा कि हमें अपने पिछले तीन आउटलेट के लॉन्च के दौरान मिला था। श्रीमती आर्य ने कहा कि हम इस इलाके और आस-पास के क्षेत्र में उच्चतम गुणवत्ता वाली मिठाइयां और स्नैक्स उपलब्ध कराने के लिए तैयार हैं। माखन भोग की शुरुआत वर्ष 2005 में एक शुद्ध शाकाहारी खानपान सेवा प्रदाता के रूप में हुई थी, जो 2007 में रेस्तरां व्यवसाय में विस्तारित हुआ और 2009 में अपने उत्पादों की सूची में मिठाइयों को भी शामिल किया। माखन भोग आपके खाने में सबसे बेहतरीन स्वाद लाने में अग्रणी रहा है और हमेशा अपने ग्राहकों को बेहतरीन सेवा देने का प्रयास करता रहा है। माखन भोग अपनी टैग लाइन, *विश्वास का प्रतीक* पर अत्यधिक विश्वास करता है और इस प्रकार उच्चतम स्तर की गुणवत्ता और स्वच्छता बनाए रखता है।

## एकल अभियान का प्रभाग स्तरीय योजना वर्ग आयोजित

**गुवाहाटी ( विभास )।** एकल अभियान का चार दिवसीय प्रभाग स्तरीय योजना वर्ग का आयोजन 25 से 28 जुलाई तक गुवाहाटी अम्बिकागिरि नगर स्थित शंकरदेव शिशु कुंज में कुशलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में पूर्वोत्तर के असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा और मणिपुर से कुल 68 प्रमुख सेवाव्रती कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक योगेश शास्त्री उपस्थित होकर राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की भूमिका के उपर बौद्धिक प्रदान किया। एकल अभियान के केंद्रीय उपाध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल, पूर्वोत्तर प्रभाग के अध्यक्ष अमल बैश्य, उपाध्यक्ष अतिन्द्र विजय चौधरी, शिक्षा प्रभारी रीना भौमिक, महिला




प्रभारी अध्यक्षा रीता अग्रवाल, वनबंधु परिषद महिला समिति अध्यक्षा वंदना बगड़िया, पश्चिमी संभाग सचिव चंद्रकांत राय, शिक्षा प्रभारी विनीता पारीक साथ अन्य कई सदस्य-सदस्या उपस्थित रहे। भारतवर्ष की गौरवमय इतिहास के उप प्रचारक डॉ. सुनील माहान्ती ने अपना बौद्धिक प्रस्तुत किया। समापन सत्र में विद्या भारती के क्षेत्र संगठन मंत्री पवन तिवारी ने मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण के अन्तर्गत 28 विषयों पर एकल अभियान के केंद्रीय सह अभियान प्रमुख दीप कुमार (हिमाचल), केंद्रीय ग्राम संगठन सह प्रमुख आशिष मिश्र (उडीसा), केंद्रीय महिला प्रमुख चन्द्रकान्ता शर्मा (पंजाब), केंद्रीय सह आरोग्य शिक्षा प्रमुख कर्ण गौड़ (असम), केंद्रीय सह प्रशिक्षण प्रमुख सनत कुमार (असम), प्रभाग प्रमुख रमेश लिंबु (असम) एवं उनके टोली ने प्रतिपादन किया। प्रशिक्षण के बीच अध्यक्षा वंदना बगड़िया और सदस्याओं ने प्रशिक्षणरत सेवाव्रती भाई-बहनों को रक्षासूत्र बांधकर रक्षा-बन्धन का पवित्र त्योहार मनाया। गांव की सर्वांगीण विकास हेतु यह अभियान निरन्तर प्रयासरत है। वर्तमान पूरे भारतवर्ष में एक लाख से अधिक ग्रामों में एकल अभियान का कार्य विस्तारित है। शिक्षा, स्वास्थ, स्वावलंबन, स्वाभिमान तथा संस्कार के माध्यम में समाज उत्थान तथा राष्ट्र निर्माण ही एकल अभियान का उद्देश्य है।

## रौता के लालपुल में युवक का शव बरामद

**उदालगुड़ी ( हिंस )।** उदालगुड़ी जिले के रौता के लालपुल में एक युवक का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि शव लालपुल के सर्वहेरुवा गांव स्थित एक घर से बरामद किया गया। मृतक की पहचान दलगांव के बरघुली गांव के रकीबुल इस्लाम (18) के रूप में हुई है। मृतक रकीबुल इस्लाम अपने दोस्त लाल मियां के घर में रात को ठहरा था। मृतक के परिजनों ने बताया कि युवक नशे का आदी था। संदेह है कि बीती रात जब वह सो रहा था, तभी उसकी मौत हुई होगी। स्थानीय लोगों को शक है कि युवक की मौत नशे के अत्यधिक सेवन से हुई है। उसके दोस्त लाल मियां ने मृतक के परिजनों को सूचित किया कि रकीबुल इस्लाम की आज सुबह मृत्यु हो गई है। बाद में घर के लोग पहुंचे और रकीबुल इस्लाम के शव को अपने घर ले गए।

## रंगिया में अत्याधुनिक फर्नीचर शोरूम *फर्नीचरवाला* का शुभारंभ

**रंगिया ( निसं )।** रंगिया में *फर्नीचरवाला* नामक एक अत्याधुनिक फर्नीचर शोरूम का कल शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रंगिया के विधायक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता द्वारा फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस मौके पर विधायक कलिता ने प्रतिष्ठान के मालिक और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। वहीं उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान प्रतिष्ठान की संचालिका प्रियल पहाड़िया, इशिका शर्मा, समृद्धि मालू और अंजलि अग्रवाल ने कहा कि अब अंचल के लोगों को फर्नीचर के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी,



फर्नीचरवाला शोरुम में अत्याधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि स्टोर में विभिन्न तरह के फर्नीचर के साथ फर्निशिंग के सामन भी उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश दास के अलावा आई ए एस अकादेमी संकल्प इंस्टीट्यूट दिल्ली के राजीव बरुवा, सेवा बोर्ड के चेयरमैन रमेश जैन, विहपुरिया पौरसभा की अध्यक्षा दीपशिखा बोरा सहित बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## रंगिया रेलवे स्टेशन पर पिस्तौल और गोलियों के साथ एक गिरफ्तार



**रंगिया ( निसं )।** रंगिया रेलवे पुलिस ने मंगलवार को एक बड़ी सफलता हासिल की है। नियमित तलाशी के दौरान रेलवे पुलिस ने एक नंबर प्लेटफार्म में एक व्यक्ति के पास से 2 पिस्तौल, 13 जाई सक्रिय गोलियां, 1 छुरी सहित बहुत से धारदार अस्त्र और नगद रुपए बरामद किए है। वहीं रेलवे पुलिस द्वारा घटना में शामिल एक युवक को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम नूर आलम बताया गया है जोकि बिहार के कटिहार का रहने वाला है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक युवक जागीरोड से अहमदाबाद की ओर जाने वाला था। फिलहाल गिरफ्तार नूर अहमद से रेलवे पुलिस द्वारा गहन पूछताछ की जा रही है। ये हथियार किस मकसद से और क्यों लाए गए थे यह अभी भी रहस्य है।

## विश्वनाथ : हिंदी नवलेखक शिविर का पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न

**बिश्वनाथ ( विभास )।** केंद्रीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग) भारत सरकार तथा बिश्वनाथ चारिआलि राष्ट्रभाषा प्रबोध विद्यालय परिचालना समिति के संयुक्त तत्वावधान में हिंदीतर भाषी हिंदी नवलेखक शिविर का कल अपराह्न 2 बजे समापन सत्र के साथ साहित्यिक कुंभ का भव्य समापन हुआ। इस पांच दिवसीय शिविर में हिंदी भाषा तथा साहित्य की विविध विधाओं पर परिचर्चा एवं कार्यशाला जो गत 25 जुलाई से 29 जुलाई तक था। कल (सोमवार) सर्वप्रथम द्वादश सत्र कृषि यंत्र प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, उत्तर पूर्वी क्षेत्र, विश्वनाथ तथा भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वीकृति प्राप्त भारत के सर्वश्रेष्ठ गांव पर्यटन नगरी गुप्तकाशी विश्वनाथ स्थल पर मार्गदर्शक द्वारा शिविरार्थियों के साथ हिंदी भाषा तथा साहित्य की विविध विधाओं पर प्रत्यक्ष दर्शन पर परिचर्चा हुई। इस सत्र के सान्निध्य के रूप में अखिल भारतीय मार्गदर्शक, स्थानीय हिंदी विद्वान और कृषि यंत्र प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, उत्तर पूर्वी क्षेत्र के निदेशक पी. कमलाबाई मौजूद थी। सर्वप्रथम निदेशक महोदया को समिति के तरफ से फुलाम गामोछा से अभिनंदन किया गया। इसके बाद अपराह्न 2 बजे समापन सत्र शुरू हुआ, जहां विचाराभा प्रबोध विद्यालय परिचालना



समिति के अध्यक्ष प्रभुनाथ सिंह की अध्यक्षता और उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता के संचालित समापन सत्र में शिविर प्रभारी के रूप में डॉ. शालिनी राजवंशी, सहायक निदेशक (भाषा), केंद्रीय हिंदी निदेशालय, भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अनुशब्द, वरिष्ठ सहायक आचार्य, हिंदी विभाग, तेजपुर विश्वविद्यालय, डॉ. चंद्रशेखर चौबे, क्षेत्रीय निदेशक, गुवाहाटी केंद्र, केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा, डॉ. चिंतामणि शर्मा, प्राचार्य, विश्वनाथ महाविद्यालय, निमंत्रित अतिथि दीप प्रज्ज्वलक के रूप में जितेन भागवती, वरिष्ठ शिक्षाविद व समाजसेवक, विश्वनाथ, अखिल भारतीय स्तरीय मार्गदर्शक डॉ. किंशुक पाठक, डॉ. बृजेश कुमार, डॉ. आलोक सिंह, स्थानीय मार्गदर्शक डॉ. राजीव रंजन प्रसाद को फुलाम गामोछा से भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद वरिष्ठ शिक्षाविद जितेन भागवती ने दीप प्रज्ज्वलित कर समापन सत्र का आगाज किया। शिविरार्थी द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सूर्य नारायण पांजेय ने प्रस्तुत किया। शिविर समन्वय व समिति के सचिव संतोष कुमार महतो ने पांच दिवसीय शिविर का विस्तार से रिपोर्ट प्रस्तुति दी। इस बीच शिविरार्थी प्रदीप पराजुली ने गीत, अरूण साहनी ने गीत और आनोवारा खातुन ने गजल पेश की। उपस्थित अतिथि ने विश्वनाथ में हुए हिंदी भाषी हिंदी नवलेखक शिविर का प्रशंसा का पुल बांधते हुए निदेशालय और समिति को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा- इस शिविर से सभी शिविरार्थी बहुत लाभकारी हुए होंगे और हिंदी भाषा व साहित्य के लिए कार्य करने के लिए शिविरार्थी से अपील की। इस मौके पर वरिष्ठ साहित्यकार व हिंदी प्रेमी हरि लुईटेल ( उपाध्याय ) का प्रथम निबंध संकलन *अष्ट-आयाम* का तेजपुर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ सहायक आचार्य, हिंदी विभाग के डॉ. अनुशब्द और केंद्रीय हिंदी निदेशालय के सहायक निदेशक डॉ. शालिनी राजवंशी ने संयुक्त रूप से पुस्तक का लोकार्पण किया। इस पुस्तक पर डॉ. अनुशब्द ने अपना श्रद्धांजलि देते हुए पुस्तक के समीक्षा पर व्याख्यान दी। तत्पश्चात अध्यक्ष, अतिथियों के कर कमलों से हिंदीतर भाषी हिंदी नवलेखक शिविरार्थी का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। शिविर प्रभारी डॉ. शालिनी राजवंशी ने सर्वप्रथम शिविरार्थी को धन्यवाद दिया, जो पांच दिन तक अपनी उपस्थिति नियमित देते रहे हैं। उन्होंने कहा आप सभी हिंदी साहित्य में कार्य करने के लिए आगे आएं और हिंदी के लिए कार्य करें। अंत में समापन सत्र के अध्यक्ष प्रभुनाथ सिंह ने अध्यक्षीय भाषण में केंद्रीय हिंदी निदेशालय को शुक्रिया किया जिन्होंने दिल्ली से सहायक निदेशक को भेज हिंदीतर भाषी में हिंदी साहित्य के जानकारी के साथ नवलेखक निर्माण में कार्य कर रहे हैं। इस कार्य में हमारे संस्थान को सहयोगी बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन करता हूं। इस शिविर से हमारे शिविरार्थी को हिंदी भाषा तथा साहित्य के विविध विधाओं की जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही इसके रोजगार के विविध आयामों की ज्ञान मिली। समापन सत्र में समिति के सदस्या व विश्वनाथ महाविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यापिका गीता वर्मा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ गरिमामयी कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। उल्लेखनीय है कि 25 जुलाई को 10.00 बजे से 11.30 बजे तक उद्घाटन सत्र हुए जिसमें अध्यक्षता की प्रभुनाथ सिंह, अध्यक्ष, विचाराभा प्रबोध विद्यालय परिचालना समिति जबकि मुख्य अतिथि प्रमोद बरठाकुर, विधायक, विश्वनाथ विधानसभा समष्टि, विशिष्ट अतिथि एंव अमरज्योति बरठाकुर, पौरपति, विश्वनाथ चारिआलि नगरपालिका मौजूद थे। दीप प्रज्ज्वलन शिविर प्रभारी डॉ. शालिनी राजवंशी ने किया जिसमें सरस्वती वंदना व स्वागत गीत संस्थान के विद्यार्थी तथा कार्यकर्ताओं द्वारा हुआ। स्वागत भाषण संस्थान के उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद ऑनलाइन माध्यम के जरिए केंद्रीय हिंदी निदेशालय, भारत सरकार के निदेशक प्रो. सुनील बाबुराव कुलकर्णी जी सभा उद्बोधन किए। संस्थान का परिचय शिविर निदेशक व संस्थान के सचिव संतोष कुमार महतो ने दी। केंद्रीय हिंदी निदेशालय के सहायक निदेशक (भाषा) व शिविर प्रभारी डॉ. शालिनी राजवंशी द्वारा निदेशालय का परिचय प्रस्तुत किया गया।

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित



राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 05 | गुवाहाटी | गुरुवार, 1 अगस्त, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करती है तो राष्ट्रीय... पेज 4
बजट में राजस्थान के विकास का रोडमैप : मुख्यमंत्री पेज 5
हमारी सरकार ने खोले आठ लाख कर्मचारियों के पेंशन खाते : मुख्यमंत्री योगी पेज 8
सुपर ओवर में जीती भारतीय टीम टी20 श्रृंखला में किया क्लीन स्वीप पेज 11

## वायनाड भूस्खलन से कई गांव तबाह, मलबे से निकल रहे शव, अब तक 158 की मौत



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन का कहर लगातार जारी है। भूस्खलन प्रभावित इलाकों में मरने वालों की संख्या 158 पहुंच चुकी है। वहीं लगभग 191 लोग अभी भी लापता हैं। इस बीच प्रभावित इलाकों में बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। भारतीय सेना, डीएससी केंद्र, प्रादेशिक सेना, एनडीआरएफ, भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना के 1200 बचावकर्मी यहां तैनात हैं और लगातार बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। केरल सरकार ने बताया कि 200 से अधिक लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और 5,592 लोगों को भूस्खलन से प्रभावित इलाकों से बचाया गया। पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भी घटना को लेकर केरल के सीएम से बात की है और केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। वायनाड त्रासदी का मुद्दा बुधवार को संसद में भी उठा। घटना पर चिंता जाहिर करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एनडीआरएफ की नौ टीमें पहले ही केरल भेजी जा चुकी है। साथ ही गृह मंत्री ने संसद में कहा कि केरल सरकार को एक हफ्ते पहले ही चेतावनी दे दी गई थी, लेकिन उन्होंने समय पर लोगों को नहीं निकाला। इधर, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में बताया कि बच्चों और गर्भवती महिलाओं सहित 8,017 लोगों को जिले में स्थापित 82 शिविरों में स्थानांतरित किया गया है। मुख्यमंत्री ने अपने बयान में कहा कि कैबिनेट की बैठक में स्थिति का मूल्यांकन किया गया। हम आदिवासी परिवारों को स्थानांतरित कर रहे हैं और उन लोगों को भोजन प्रदान कर रहे हैं, जो कहीं और जाने के लिए तैयार नहीं हैं। हमारे व्यापक और समन्वित बचाव कार्यों के माध्यम से कुल 1,592 लोगों को बचाया गया है। वर्तमान में, वायनाड में 82 राहत शिविर हैं, जिनमें जिले के 2,017 व्यक्तियों को रखा गया है। उन्होंने कहा कि मेप्पडी में आठ शिविरों में 421 परिवारों के 1,486 लोग रह रहे हैं, मुंडक्कई में बचाव कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और अट्टमाला एवं चूरलमाला में भी बचाव के प्रयास किए जा रहे हैं। आज अतिरिक्त 132 सेना कर्मी पहुंचे हैं। बचाव प्रयासों के लिए दो हेलीकॉप्टरों का भी उपयोग किया जा रहा है। कोझिकोड और थालास्सेरी सहित चार सहकारी अस्पतालों के डॉक्टरों की एक टीम भी सहायता के लिए पहुंचेगी। इधर, जिला प्रशासन के मुताबिक मरने वालों की संख्या अभी और बढ़ने की आशंका है और सैकड़ों लोगों के मलबे में दबे होने की -शेष पृष्ठ पांच पर

## लवलीना ने जीता पहला मैच, सीएम ने दी बधाई




गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को मुक्केबाज लवलीना बरगोहाईं को अपना पहला मुकाबला जीतने और 2024 पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए बधाई दी। बरगोहाईं ने महिलाओं की 75 किलोग्राम भारवर्ग के राउंड ऑफ 16 में नॉर्वे की सुन्नीवा हॉफस्टैड को 5-0 से हराया। शानदार, लवलीना! क्या शुरुआत है। सुन्नीवा हॉफस्टैड के खिलाफ राउंड ऑफ 16 मुकाबले में आपका प्रदर्शन बिल्कुल शानदार था। क्वार्टर फाइनल के लिए शुभकामनाएं, चैंपियन! मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया। इससे पहले दिन में शर्मा ने एक अन्य पोस्ट में लवलीना के ओलंपिक अभियान के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की थीं। उन्होंने लिखा कि असम की बेटी और बेहतरीन भारतीय मुक्केबाज @LovlinaBorgohai आज अपना #Paris2024 अभियान शुरू कर रही हैं, क्योंकि वह प्रतिष्ठित #Olympics गौरव की ओर बढ़ने के लिए मुक्केबाजी रिंग में उतरेंगी। असम में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर कार्यरत लवलीना को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) जीपी सिंह ने भी बधाई दी। सिंह ने एक्स पर लिखा कि शुभकामनाएं @लवलीनाबरगोहाईं। हम सभी की प्रार्थनाएं आपके साथ हैं। भगवान भला करें। मालूम हो कि लवलीना ने 2020 टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता।

शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

**सुप्रभात**

*जब क्रोध में हों, तो दस बार सोचकर बोलिए, जब ज्यादा क्रोधित अवस्था में हों, तो हजार बार सोचिए।*

-जेफरसन

## खतरनाक रूप ले रहा है रोहिंग्या घुसपैठ : सीएम



**गुवाहाटी ( एजे / हि.स. )।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि भारत में रोहिंग्या घुसपैठ में काफी वृद्धि हुई है, और जनसांख्यिकीय आक्रमण का खतरा वास्तविक और गंभीर दोनों है। शर्मा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रोहिंग्या लगातार भारत-बांग्लादेश सीमा का उपयोग करके भारत में आ रहे हैं और कई राज्य जनसांख्यिकीय आक्रमण से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि असम भारत-बांग्लादेश सीमा के केवल एक हिस्से की सुरक्षा कर रहा है, लेकिन एक बड़ा क्षेत्र अभी भी छिद्रपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल और झारखंड सरकारें इन घुसपैठियों के प्रति नरम हैं और इन्हें रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की है। शर्मा ने कहा कि वास्तव में, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने बयान दिया था कि राज्य बांग्लादेश से आने वालों को आश्रय देगा, जिसका पड़ोसी देश की सरकार ने भी समर्थन नहीं किया है। एक्स हैंडल पर असम सीएम ने लिखा कि मुझे आश्चर्य है कि बंगाल की माननीय मुख्यमंत्री पड़ोसी देश से घुसपैठियों को देश में आने की अपील कर रही हैं। कांग्रेस यह स्वीकार नहीं कर रही है कि असम की जनसांख्यिकी बदल रही है। यदि आप 2019 और 2024 की मतदाता सूचियों का विश्लेषण करें, तो सच्चाई खुद सामने आ जाएगी। उन्होंने कहा कि असम और त्रिपुरा सरकारों ने इस मामले में कड़े कदम उठाए हैं और दोनों राज्यों की पुलिस ने कई मौकों पर कई रोहिंग्या घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम अब रोहिंग्याओं के लिए सुरक्षित पनाहगाह नहीं रहा, क्योंकि हम नरम नीति नहीं अपनाते। हमारी स्थिति पश्चिम बंगाल और झारखंड से बेहतर है और भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद से स्थिति और खराब नहीं हुई है।

## राज्य में इस साल बाढ़ से 117 लोगों की मौत हुई : सरकार

**नई दिल्ली।** राज्य सभा को बुधवार को बताया गया कि पिछले पांच वर्षों में असम में बाढ़ के कारण कुल 880 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से इस वर्ष अब तक 117 लोगों की मौत हुई है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि असम सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 2019 से 27 जुलाई 2024 तक असम में विनाशकारी बाढ़ के परिणामस्वरूप कुल 880 लोगों की जान चली गई।

## असम कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा की अध्यक्षता में असम कैबिनेट की आज हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि अरुणोदय 03 योजना शुरू करके इसके तहत 20 लाख नए लाभार्थियों को जोड़ने का निर्णय लिया गया है। सभी राशन कार्ड धारी परिवारों को इस योजना का लाभ -शेष पृष्ठ पांच पर

## आरएसएस राष्ट्र सेवा में लगा संगठन, उसकी आलोचना संविधान के खिलाफ : रास सभापति



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को देशसेवा में कार्य करने वाला संगठन बताया और कहा कि ऐसे संगठन के खिलाफ बोलना संविधान की आलोचना करने के समान है। संगठन को भारतीय संविधान के तहत अपना कार्य करने का अधिकार मिला है। राज्यसभा में समाजवादी पार्टी के नेता रामजीलाल सुमन की आरएसएस पर की गई टिप्पणी पर सभापति ने आपत्ति जताते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि वे पहले ही आरएसएस के बारे में कह चुके हैं कि संगठन की एक साफ छवि है। हालांकि सदस्य को बोलने से रोकने पर राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने आपत्ति जताई और कहा कि वे नियमों के तहत अपनी बात रख रहे हैं। खड़गे के बयान के बाद सभापति ने रूलिंग देते हुए कहा कि आरएसएस एक ऐसा संगठन है, जिसके पास -शेष पृष्ठ पांच पर

### न्यूज गैलरी

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का निर्माण अक्तूबर 2025 तक पूरा हो जाएगा : गडकरी

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारत के सबसे लंबे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का निर्माण अक्तूबर 2025 तक पूरा हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने आज राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सड़क परिवहन और -शेष पृष्ठ पांच पर

## वायनाड जा रही स्वास्थ्य मंत्री हुई सड़क हादसे का शिकार, अस्पताल में भर्ती

**मलप्पुरम।** केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज का बुधवार (31 जुलाई) को एक्सीडेंट हो गया। वीना की गाड़ी मल्लपुरम जिले के मंजेरी के पास सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। दरअसल, वह वे भूस्खलन प्रभावित जिले वायनाड जा रही थीं। उन्हें मामूली चोटें आई हैं और उनका इलाज मंजेरी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। राज्य स्वास्थ्य विभाग और पुलिस -शेष पृष्ठ पांच पर

## यूपीएससी ने पूजा खेडकर की अनंतिम उम्मीदवारी रद्द की

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने पूजा खेडकर की अनंतिम उम्मीदवारी को रद्द कर दिया। आयोग ने खेडकर पर भविष्य में होने वाली किसी भी परीक्षा में शामिल होने पर रोक लगा दी है। यूपीएससी ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि यूपीएससी द्वारा सिविल सेवा परीक्षा-2022 (सीएसई-2022) की अनंतिम रूप से अनुशंसित उम्मीदवार पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर को 18 जुलाई को फर्जी पहचान बताकर परीक्षा नियमों में निर्धारित अनुमेय सीमा से अधिक बार प्रयास करने के लिए कारण बताओ नोटिस (एससीएन) जारी किया गया था। उन्हें 25 जुलाई तक एससीएन का जवाब देना था। हालांकि, उन्होंने 4 अगस्त तक का और समय मांगा ताकि वे अपने जवाब के लिए आवश्यक दस्तावेज जुटा सकें। यूपीएससी ने पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर के अनुरोध पर सावधानीपूर्वक विचार किया और न्याय के उद्देश्य को पूरा करने के लिए उन्हें 30 जुलाई को दोपहर 3:30 बजे तक का समय -शेष पृष्ठ पांच पर

## बजट में आर्थिक वृद्धि पर जोर : सीतारमण

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को राज्यसभा में केंद्रीय बजट 2024-25 पर हुई चर्चा का जवाब दिया। वित्त मंत्री ने सदन को बताया कि बजट में आर्थिक वृद्धि, रोजगार, पूंजी निवेश और राजकोषीय मजबूती के बीच बेहतर संतुलन स्थापित किया गया है। बजट में किसी राज्य का नाम नहीं लेने का मतलब यह नहीं है कि उसे पैसे जारी नहीं किए गए हैं। वित्त मंत्री ने राज्यसभा में केंद्रीय बजट 2024-25 और जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के बजट 2024-25 पर हुई चर्चा -शेष पृष्ठ पांच पर

## बिहार में पहली कक्षा के छात्र ने तीसरी क्लास के बच्चे को मारी गोली



**पटना।** बिहार के सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज में बुधवार को सनसनीखेज घटना सामने आई है। लालपट्टी स्थित एक प्राइवेट स्कूल में पहली क्लास के छात्र ने तीसरी क्लास में पढ़ रहे 10 साल के छात्र को गोली मार दी। छात्र को हाथ में गोली लगी है। बच्चा बैग में पिस्टल लेकर स्कूल आया था। आनन-फानन में जख्मी बच्चे को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, छात्र की हालत खतरे से बाहर है। इस घटना के बाद स्कूल में हड़कंप मच गया। पुलिस को तुरंत सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि छात्र के पास हथियार कैसे -शेष पृष्ठ पांच पर

## त्रिपुरा : कांग्रेस ने की छात्र की मौत की न्यायिक जांच की मांग

**अगरतला।** कांग्रेस की त्रिपुरा इकाई ने धलाई जिले के गंडाटविसा में एक छात्र की मौत और उसके बाद हुई हिंसा की घटनाओं की उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश से न्यायिक जांच की मांग की है। बता दें कि 19 वर्षीय कॉलेज छात्र परमेश्वर रियांग 7 जुलाई को दो समूहों के बीच हुई झड़प में घायल हो गया था। 12 जुलाई को अस्पताल में उसकी मौत -शेष पृष्ठ पांच पर

## चीन में सीसीपी सरकार लिख रही नई बाइबल, यीशु को बताया जाएगा *हत्यारा*




**बीजिंग।** चीन में मुसलमानो के साथ-साथ इसाइयों का अस्तित्व खतरे में है। दुनिया भर में हर किसी को अपनी पसंद के भगवान की पूजा करने की स्वतंत्रता है, लेकिन चीन में ऐसा लगता है कि सीसीपी खुद को भगवान बना रही है। सीसीपी चाहती है कि लोग अपने विश्वास को छोड़कर पार्टी की सेवा करें, न कि किसी ईश्वरीय आकृति के सामने झुकें। चीन सरकार अब नई बाइबल लिख रही है । बाइबल के इस नए संस्करण यीशु की छवि को तोड़-मरोड़कर पेश करने की योजना है। कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) एक दस साल के प्रोजेक्ट के तहत बाइबल को चीनी भाषा में फिर से लिखने और पुनर्व्याख्या करने में जुटी है। इस नए *चीनी* बाइबल में एक चौंकाने वाला बदलाव यह है कि यीशु को एक हत्यारे के रूप में दर्शाया जाएगा। चीन में लगभग 130 मिलियन लोग ईसाई धर्म का पालन करते हैं। 2017 में 19वें पार्टी कांग्रेस के दौरान, सीसीपी अध्यक्ष शी जिनपिंग ने *चीनी धर्मों के सिनिसाइजेशन* और *धर्म और समाजवाद के सह-अस्तित्व के लिए सक्रिय मार्गदर्शन प्रदान करने* की अपनी मंशा घोषित की थी। उन्होंने सभी धार्मिक सिद्धांतों और प्रथाओं -शेष पृष्ठ पांच पर

*No.BDB/Tender/46/2023-24/2292* *Date 30/07/2024*

**SHORT NOTICE INVITING TENDER.**

Sealed tender affixing a non-refundable Court fee stamp of Rs.8.25(Rupees eight & twenty five paisa) only with a validity period of 180 days which will subsequently to be converted and drawn up in the printed of F-2 form are invited from the registered contractors of Class-I (A, B & C),Class-II & Class III category of Assam PWD (Roads & Building) and BTC according to their eligibility for submitting tenders for the works under Revenue Gap Grant of 6th ASFC Under P&RD Deptt. for the year 2022- 23 during 2024-25 ,BTR Kokrajhar as stated below. The tenders will be received by the undersigned up to 2.00PM on 27/8/24 and will be opened on the next date (as on 28/8/24 ) & place at 2.30 PM.

| Sl. No. | Name of activity | Estd. Value (in Lakhs) | Tender Value | EMD/Bid Security (in Rs.) | Cost of Tender paper (in Rs.) | Pre-bid date and Time | Last date & time of bid submission | Date & Time of bid opening | Time of completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | "Const. of sand gravel road from Nagrasara - Totlapara PWD road to Auchen Daimary house at No.2 Totlapara Village". | 10,00,000/- | 9,91,221/- | (for 10,000/-S/T, S/C) 20,000/- (for OBC/ General) | 300 | 5/8/24 | 27/8/24 | 28/8/24 | 6 month |

Detail N.I.T. may be seen in all working days during office hours in the office of the undersigned. Tender papers will be issued to the contractors or their authorized agents from 5/8/24 to 28/8/24 up to 1.30 PM. In the office of the undersigned on payment in the form of demand draft/bankers cheque from any Nationalized Bank, duly pledged in favour of the Principal Secretary, BTC Kokrajhar payable at Kokrajhar. The Block Dev. officer, Bhergaon Dev. Block reserves the right of accepting of tender papers or outright rejection of the same without assigning any reason thereof.

Sd/-
Block Dev. Officer,
Bhergaon Dev. Block, Bhergaon

*IPR(BTC)/C/2024-25/203*

# बजट में राजस्थान के विकास का रोडमैप : मुख्यमंत्री

**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बुनियादी ढांचा एक विकसित राज्य की आधारशिला होता है। राज्य सरकार द्वारा इस आधारशिला को मजबूती देने के लिए बजट में स्वास्थ्य-शिक्षा के साथ सड़कों एवं बुनियादी ढांचे के विकास पर भी जोर दिया गया है। बजट में पांच साल के रोडमैप के साथ विकसित राजस्थान-2047 की संकल्प सिद्धि को पूरा करने की कटिबद्धता दिखाई गई है। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर बजट सौगातों के लिए पचपदरा विधानसभा क्षेत्र से आए निवासियों की आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम बजट में लोक लुभावनी घोषणाएं कीं तथा उन घोषणाओं को धरातल पर नहीं उतारा गया, जबकि हमने सरकार गठन के बाद पहले ही बजट में महिला, युवा, किसान, गरीब सहित सभी वर्गों के सशक्तिकरण के लिए पर्याप्त प्रावधान किए हैं जो हमारी सरकार के विजन को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि आमजन की समस्याओं से वाकिफ होने के लिए लगातार आमजन से संपर्क एवं संवाद करें। उन्होंने कहा



कि मंत्री सप्ताह में तीन दिन जयपुर में रहकर जनता की समस्याओं की सुनवाई करें तथा एक दिन विधायकों की सुनवाई के लिए रखें। उन्होंने कहा कि विधायक प्रत्येक 15 दिनों में तथा मंत्री प्रत्येक सात दिनों में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए समीक्षा करें। शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान के विकास की शुरुआत गांव की समृद्धि से होगी। गांवों में शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, बिजली सहित आधारभूत सुविधाओं सहित आधुनिक तकनीकयुक्त नवाचार किए जा रहे हैं। जिससे गांव का निवासी शहर की तरफ पलायन नहीं करे। शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद कुछ राजनीतिक दलों द्वारा झूठे वादे किए गए तथा तुष्टिकरण की राजनीति एवं भ्रष्टाचार कर आमजन को गुमराह किया गया लेकिन पिछले 10 वर्षों से यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश में गरीब कल्याण, सीमा सुरक्षा तथा आर्थिक सशक्तिकरण के विभिन्न निर्णय किए गए हैं, जिससे विदेशों में भारत का सम्मान बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पचपदरा के विकास के लिए बिजली, रिफाइनरी, चिकित्सा और कृषि प्रसंस्करण के क्षेत्र में अनेक घोषणाएं की हैं। पचपदरा एवं बोरावास में 132 केवी जीएसएस का निर्माण किया जाएगा, जिससे इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था बेहतर होगी। साथ ही, पचपदरा रिफाइनरी से निकलने वाले डाउनस्ट्रीम उत्पादों पर आधारित उद्योगों के लिए बालोतरा में राजस्थान पेट्रो जोन (आरपीजेड) की स्थापना होगी। यह कदम क्षेत्र की आर्थिक तरक्की में अहम साबित होगा। उन्होंने कहा कि रणछोड़राय खेड़ तीर्थ में विभिन्न विकास कार्य करवाएंगे। अनूपगढ़, खेतड़ी, भिवाड़ी, बालोतरा, नाथद्वारा, रतनगढ़ व शाहपुरा (जयपुर) सहित 30 आईटीआई में आधारभूत सुविधाएं तथा बालोतरा जिला अस्पताल के भवन निर्माण के कार्य किए जाएंगे। इस दौरान विधायक अरुण चौधरी तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने पचपदरा क्षेत्र को बजट में दी गई सौगातों के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों ने मुख्यमंत्री का साफा पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पचपदरा विधानसभा क्षेत्र के निवासी उपस्थित रहे।

# हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने राजस्थान के राज्यपाल के रूप में ली शपथ

**जयपुर ( हिंस )।** हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने राजस्थान के 39वें राज्यपाल के रूप में बुधवार को शपथ ली। राजस्थान हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एमएम श्रीवास्तव ने राजभवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पहले मुख्य सचिव सुधांश पंत ने राष्ट्रपति का वारंट हिंदी एवं अंग्रेजी में पढ़ा। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 27 जुलाई को हरिभाऊ बागड़े को राजस्थान का राज्यपाल नियुक्त किया था। बागड़े मूलत: महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के रहने वाले हैं। इससे पूर्व वे मंगलवार को अपने परिवार सहित जयपुर पहुंच गए थे। बुधवार को उन्होंने गोविंददेव जी



मंदिर परिवार के साथ पूजा-अर्चना की। हरिभाऊ किसनराव बागड़े का जन्म 17 अगस्त 1945 को औरंगाबाद जिले के फुलंबरी कस्बे में हुआ। एक मराठा परिवार में जन्मे बागड़े पहली बार 1985 में औरंगाबाद पूर्व सीट से महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुने गए थे। महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं। उन्होंने 2014 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कल्याण काले के खिलाफ फुलंबरी निर्वाचन क्षेत्र से विधायक का चुनाव जीता था। उसी निर्वाचन क्षेत्र से 2019 का विधानसभा चुनाव जीता था। भाजपा ने 2014 में महाराष्ट्र में अपनी सरकार बनाई तो उन्हें विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया था।

# नई अनाज मंडी में सात अगस्त को मनाया जाएगा राज्य स्तरीय तीज महोत्सव

**जींद ( हिंस )।** हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमरिंदर कौर ने सात अगस्त को जींद में मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय तीज महोत्सव को लेकर बुधवार को लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के बाद अमरिंदर कौर ने अनाज मंडी स्थित समारोह स्थल का दौरा किया और समारोह को भव्य बनाने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। अमरिंदर कौर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय तीज महोत्सव सरकारी स्तर पर बड़ी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। यह महोत्सव इस वर्ष जींद में मनाए



जाएगा। महोत्सव में मुख्यमंत्री नायब सिंह मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। समारोह को भव्य बनाने मे कोई कसर बाकि न रहे। इसके लिए संबंधित अधिकारी समय रहते सभी तैयारियां पूरी कर लें। उन्होंने कहा कि संस्कृति और विरासत को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री और प्रदेश सरकार प्रतिबद्धता सर्वविदित है। राज्य के सांस्कृतिक उत्सवों एवं त्योहारों को बहुत उत्साह और उमंग के साथ मनाने के लिए सरकार द्वारा समय.समय पर अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समारोह में पूरे प्रदेश से लगभग 25 हजार महिलाओं के आने के लिए आमंत्रित किया गया है।

# डबल इंजन की सरकार कर रही शहीदों के सपनों को साकार : नायब सिंह सैनी

**सिरसा ( हिंस )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए उनके दिखाए मार्ग पर चल रही है। देश व प्रदेश में विकास कार्यों में आमूलचूल परिवर्तन आया है। डबल इंजन की सरकार ने नई योजनाओं को शुरु करके शहीदों के सपनों को पूरा करने का बी?ा उठाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 9वीं कक्षा की इतिहास की पुस्तक में प्रदेश सरकार ने शहीद उधम सिंह जी की जीवनी को शामिल किया है। यह उनके प्रति हमारी एक सच्ची श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री बुधवार को जिला सिरसा में डेरा बाबा भूमणशाह संगर सरिस्ता में शिरोमणि शहीद उधम सिंह के 84वें शहीदी महासम्मेलन में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत एक विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह ने डेरा में शहीद उधम सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके नमन किया। इसके उपरांत उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने साध संगत को पौधे भी वितरित किए। बाबा ब्रह्मदास महाराज ने मुख्यमंत्री नायब सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा सभी अतिथियों को सिरोपा पहना कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मदर टेरेसा स्कूल के बच्चों ने शहीद उधम सिंह के जीवन पर आधारित कॉरियोग्राफी प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि क्रांतिकारी वीरों की शहादत की बदौलत आज हम खुली हवा में सांस



ले रहे हैं। शहीद उधम सिंह एक महान क्रांतिकारी थे। उन्होंने बाल्यकाल में ही यह संकल्प धारण कर लिया था कि जलियांवाला बाग हत्याकांड के दोषी जनरल डायर से बदला लेंगे। उन्होंने कहा कि 21 सालों की कड़ी तपस्या के बाद शहीद उधम सिंह ने एक सभा में जनरल डायर को गोलियां मार कर जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लिया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने हमारे क्रांतिकारियों पर अनेक जुल्म ढाए। क्रांतिकारी वीरों ने तपस्या की, कष्ट सहन किए। उनकी गाथा सुनकर आज हमारे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। उन्होंने शहीद उधम सिंह के माता पिता को भी याद किया कि उन्होंने ऐसे महान वीर को जन्म दिया। इस अवसर पर बिजली मंत्री रणजीत सिंह, स्थानीय शहरी निकाय मंत्री सुभाष सुधा, विधायक गोपाल कांडा, विधायक दूड़ाराम, विधायक लक्ष्मण नापा, संत बाबा ब्रह्मदास महाराज, भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य जगदीश चोपड़ा, जिलाध्यक्ष भाजपा शीशपाल कंबोज, पूर्व सांसद डॉ. अशोक तंवर, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, सरदार मनजिंदर सिंह सरसा, पूर्व जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट, युवा भाजपा नेता अमन चोपड़ा, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मोजूद थे।

# कांग्रेसियों ने अनुराग ठाकुर का पुतला फूंका

**जौनपुर ( हिंस )।** शहर कांग्रेस कमेटी ने भाजपा नेता अनुराग ठाकुर का बुधवार को शहर कांग्रेस पार्टी कार्यालय के बाहर पुतला फूंका। ज्ञात हो कि कल संसद की कार्रवाई के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भाजपा सांसद ने अपमानित करने की नीयत से अपशब्द का प्रयोग किया था। जिसके विरोध मे जौनपुर कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अनुराग ठाकुर का पुतला फूंका और नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसे कृत्य की पुनरावृति होती है तो हम पुरजोर विरोध और आंदोलन करेंगे। जनहित की आवाज उठाने वाले हमारे नेता राहुल गांधी का अपमान हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का और देश की जनता का अपमान है और देश की जनता आपको सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है। उत्तर प्रदेश मे मिली जनादेश की पुनरावृति पूरे देश में होने जा रही है। इस मौके पर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप सोनकर, शहर कांग्रेस कमेटी के महासचिव अमन सिन्हा, राजकुमार गुप्ता, अमित मिश्रा, पुष्कर, आदिल, अली हैदर, इकबाल, पवनेश यादव मौजूद रहे।

# हड़ताली एनएचएम कर्मियों ने किया शहीद उधम सिंह को नमन, वित्त विभाग के आदेशों की प्रतियां फूंकी

**फतेहाबाद ( हिंस )।** नेशनल हेल्थ मिशन के तहत काम कर रहे कर्मचारियों ने बुधवार को भी हड़ताल को जारी रखा और नागरिक अस्पताल के बाहर धरना देकर सरकार के अड़ियल रवैए पर रोष जताया। मंगलवार को एनएचएम एमडी के साथ हुई बातचीत में भी अधिकारी द्वारा कोई लिखित आश्वासन न देने से एनएचएम कर्मचारियों में काफी रोष है और एनएचएम सांझा मोर्चा ने आंदोलन को जारी रखने का ऐलान किया है। बुधवार को एनएचएम कर्मचारियों ने शहीद उद्यम सिंह के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजली दी और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया। वित्त विभाग द्वारा एनएचएम कर्मचारियों के वेतन आयोग को फ्रीज करने के आदेशों ने जले पर नमक छिड़कने का काम किया और इससे खफा एनएचएम कर्मचारियों ने आज धरना स्थल पर प्रदर्शन करते हुए वित्त विभाग के आदेशों की प्रतियां फूंकी। आज युवा कांग्रेस नेता आनंदवीर गिलांखेड़ा ने भी धरनास्थल पर जाकर एनएचएम कर्मचारियों के आंदोलन को अपना समर्थन दिया। एनएचएम सांझा मोर्चा के विष्णु मित्तल, बलराज, नरेंद्र खरब, सुमन, कमलदीप, वीना आदि कर्मचारियों ने कहा कि प्रदेश सरकार और विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ सांझा मोर्चा की कई दौर की बातचीत हो चुकी है। एनएचएम के अधिकारी कर्मचारियों की मांगों को जायज बताते हुए उन्हें पूरा करने का आश्वासन तो दे रहे है लेकिन कोई भी बात लिखित तौर पर मानने को तैयार नहीं है। एनएचएम एमडी ने पहले हड़ताल खत्म करने और उसके बाद लिखित आश्वासन देने की बात कही है लेकिन सांझा मोर्चा सरकार व अधिकारियों को साफ करना चाहता है कि पहले भी कर्मचारी कई बार धोखा खा चुके हैं।

# तलाक के नौ साल बाद पत्नी ने मांगा भरण-पोषण

**जोधपुर ( हिंस )।** मुस्लिम रीति रिवाज को मानने वाले पति-पत्नी के बीच उपजे वैवाहिक विवाद का आपसी समझौते के आधार पर तलाक के जरिए निपटारा होने और पति द्वारा एकमुश्त भरण-पोषण राशि का भुगतान करने के नौ वर्ष बाद तलाकशुदा पत्नी की ओर से दायर भरण-पोषण के दावे की पोषणीयता पर राजस्थान हाईकोर्ट विचार करेगा। मामले में पति का प्रतिनिधित्व कर रहे राजस्थान हाईकोर्ट के अधिवक्ता रजाक खान हैदर ने अदालत को बताया कि पति-पत्नी दोनों ने वर्ष 2013 में चार गवाहों की मौजूदगी में आपसी सहमति से सौ रुपए के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर तलाकनामा निष्पादित किया था, जिसे नोटेरी पब्लिक द्वारा तस्दीक भी किया गया था। उसी समय पत्नी व नाबालिग पुत्र के जीवन निर्वाह हेतु दोनों पक्षों की सहमति से एकमुश्त भरण-पोषण राशि तय की गई, जिसका भुगतान तत्काल पति द्वारा उसी समय कर दिया गया। तलाकनामे की



इबारत के अनुसार पति ने पत्नी को दहेज, स्त्रीधन, मेहर राशि आदि लौटा दी थी। दोनों पक्षों ने यह भी घोषणा की थी कि दोनों पक्षों में अब ना तो कुछ बकाया है और ना ही भविष्य में कोई कानूनी कार्रवाई करने के अधिकार रहेगा।

## पृष्ठ तीन का शेष

### वायनाड भूस्खलन से ...

आशंका है। इससे पहले मूसलाधार बारिश के कारण मंगलवार तड़के मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ, जिसमें महिलाओं और बच्चों सहित कई लोगों की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह पहाड़ी दरकने की घटनाएं उस समय हुईं जबकि लोग गहरी नींद में थे। पहला भूस्खलन देर रात करीब दो बजे हुआ और उसके बाद तड़के सवा चार बजे अगला भूस्खलन हुआ। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण काफी संख्या में मकान नष्ट हो गए। नदी-नाले उफन आए। रिहायशी इलाकों समेत चारों तरफ पानी और मलबा ही नजर आ रहा था। पेड़-पौधे उखड़ गए। कई वाहन पानी में बहते नजर आए। कई लोग सोते-सोते ही बाढ़ में बह गए। आपदा की विभीषिका का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बचावकर्मियों को नदियों और कीचड़ से लोगों के क्षत-विक्षत अंग मिल रहे हैं। प्राकृतिक सौंदर्य को समेटे रहने वाले इस पहाड़ी क्षेत्र में अब चारों तरफ दिख रहा है तो सिर्फ और सिर्फ बर्बादी का मंजर। भारतीय सेना समेत बचाव दल फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। ध्वस्त हो चुके घरों और मलबे के ढेर के नीचे फंसे लोगों द्वारा मदद की गुहार लगाने के लिए किए जा रहे फोन भी प्राकृतिक आपदा की भयावह तस्वीर को बयां कर रहे हैं। रोते हुए लोगों द्वारा खुद की जान बचाने की गुहार लगाए जाने की वीडियो और तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर भी चलीं। आपदा प्रभावित लोग या तो अपने घरों में फंसे हुए थे या बाढ़ और बह गए पुलों के कारण उनके पास आने-जाने का कोई रास्ता नहीं था।

### आरएसएस राष्ट्र सेवा ...

इस राष्ट्र की विकास यात्रा में भाग लेने का पूर्ण संवैधानिक अधिकार है। यह संगठन बेदाग साख रखता है, इसमें ऐसे लोग शामिल हैं जो निस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। यह ध्यान देने योग्य बात है कि एक संगठन के रूप में आरएसएस राष्ट्रीय कल्याण, हमारी संस्कृति के लिए योगदान दे रहा है और वास्तव में हर किसी को ऐसे किसी भी संगठन पर गर्व करना चाहिए जो इस तरह से कार्य कर रहा है। सभापति ने कहा कि सदस्य भारत के संविधान को दबा रहे हैं। मैं किसी भी संगठन को कठघरे में खड़ा करने की इजाजत नहीं दूंगा। यह संविधान का उल्लंघन है। आरएसएस को इस राष्ट्र की विकास यात्रा में भाग लेने का पूरा संवैधानिक अधिकार है।

### तेहरान में मारा ...

जिम्मेदार ठहराया है। सनद रहे, इसी साल अप्रैल में इजराइली सुरक्षाबलों ने हानिया के तीन बेटों को मौत के घाट उतार दिया था। गाजा पट्टी में एयरस्ट्राइक के दौरान तीनों की मौत हुई थी। इजराइल ने दावा किया था कि कि हानिया के तीन बेटे आमिर, हाजेम और मोहम्मद, आतंकी गतिविधियों में शामिल थे। पिछले साल 7 अक्तूबर की आधी रात हमास आतंकवादियों ने इजराइल पर हवाई हमले किए थे। इस हमले में करीब 1,200 लोगों की मौत हो गई थी। तब से इजराइल ने हमास के खिलाफ जंग छेड़ रखी है। इजरायली सेना लगातार गाजा में हमास के खिलाफ सैन्य कार्रवाई कर रही है। हमास प्रमुख इस्माइल हानिया का जन्म साल 1962 में गाजा पट्टी के अल-शती शरणार्थी शिविर में हुआ था। वह साल 2006 से 2007 तक फिलिस्तीन प्राधिकरण का प्रधानमंत्री रहा। साल 2017 में उसे खालिद मेशाल की जगह हमास चीफ बनाया गया था। इससे पहले इजराइल ने बेरूत में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला किया। इजराइली सेना ने कहा कि गोलन हाइट्स पर किए गए रॉकेट हमले के जिम्मेदार आतंकी कमांडर को निशाना बनाया गया। इस हमले में हिजबुल्लाह सैन्य कमांडर फुआद शुक्र मारा गया।

### असम कैबिनेट की ...

दिया जाएगा। अरुणोदय के सभी लाभार्थियों का आधार सीडिंग किया जाएगा। कैबिनेट की बैठक में आत्मनिर्भर योजना के आवेदकों का 16 अगस्त से इंटरव्यू लेने का निर्णय लिया गया। सितंबर से धनराशि उपलब्ध करवाना शुरू होगा। इसके पहले चरण में सरकार 30 हजार बेरोजगार युवकों को दो-दो लाख रुपए की सहायता मुहैया कराएगी। इसमें से एक लाख रुपए बाद में लौटाने होंगे। वहीं, अगले चरण में अन्य 70 हजार बेरोजगार युवाओं को इस योजना के तहत धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। कैबिनेट की बैठक में उत्तर गुवाहाटी से गुवाहाटी को जोड़ने वाली निर्माणाधीन पुल की लागत राशि को बढ़ाकर 3,030 करोड़ रुपए करने का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार द्वारा इस मद में 164 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। शेष राशि एशियन डेवलपमेंट बैंक की ऋण से खर्च किया जा रहा है। कैबिनेट की बैठक में स्वायत्तशासी परिषदों के अधीनस्थ ग्रामीण भीसी, डीसी इलाकों में 478 सचिवों की नियुक्ति को मंजूरी दी गई। वहीं, स्टील डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाने तथा इससे संबंधित बिल असम विधानसभा के आगामी सत्र में लाने का भी कैबिनेट में निर्णय लिया गया। इनके अलावा भी आज कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

### बजट में आर्थिक...

का जवाब देते हुए कहा कि हम सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। यह सिद्धांत अगले पांच साल जारी रहेगा और हम तब तक इसे जारी रखेंगे जब तक भारत विकसित देश नहीं बन जाता। सीतारमण ने चर्चा के दौरान विपक्ष पर दुष्प्रचार करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बजट भाषण में किसी राज्य का नाम नहीं होने का मतलब यह नहीं है कि उन्हें कोई पैसा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि कृषि और इससे जुड़े सेक्टर्स के लिए केंद्रीय बजट में 1.52 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान है जो इससे पिछले वित्त वर्ष से 8000 करोड़ रुपए ज्यादा है। यूपीए सरकार के अंतिम वित्त वर्ष 2013-14 से यदि इसकी तुलना करें तो कृषि के लिए सिर्फ 30 हजार करोड़ का आवंटन हुआ था।

### बिहार में पहली कक्षा ...

पहुंचा। स्थानीय लोगों ने बताया कि पूर्व में आरोपी छात्र का पिता इसी स्कूल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। घायल छात्र के परिजन ने बताया कि स्कूल के प्रिंसिपल ने सूचना दी कि आपके बच्चे को गोली लगी है। इसे अस्पलाल में भर्ती कराया गया है। जल्द से जल्द आ जाइए। तुरंत घरवाले अस्पताल गए। बच्चा जख्मी हाल में था। डॉक्टर ने उन्हें बताया कि घबराने की जरूरत नहीं है, उसकी हालत खतरे से बाहर है। जल्द ही ठीक हो जाएगा। घायल बच्चे के मामा ने बताया कि उनका भांजा सेंट जॉन बोर्डिंग स्कूल में पढ़ता है। बच्चा जब स्कूल पहुंचा तो सबसे पहले वह प्रेयर में गया, उसके बाद अपने क्लास में गया। क्लास में गया तो मुकेश कुमार यादव के बेटे ने भांजे को गोली मार दी। भांजे का आरोपी लड़के के साथ किसी प्रकार का लड़ाई-झगड़ा नहीं हुआ था। उन्होंने बताया कि बच्चे ने पहले कमर में गोली मारने की कोशिश की। लेकिन हाथ में गोली लग गई। गोली लगने के बाद स्कूल के प्रिंसिपल ने पिस्टल को अपने कब्जे में ले लिया और लड़के के माता-पिता को बुलाया गया। गोली चलाने वाले लड़के का पिता स्कूल पहुंचा और प्रिंसिपल के कमरे में टेबल पर रखी बंदूक को देखा। टेबल पर बंदूक और मैगजीन अलग-अलग रखी हुई थी। उसने बंदूक पर झपट्टा मारा और बच्चे को लेकर वहां से दीवार फांदकर फरार हो गया। जिस बाइक से वह स्कूल पहुंचा था, वह अभी भी स्कूल में ही है। घायल बच्चा 2 साल से स्कूल में पढ़ रहा है। उसके बाए हाथ में गोली लगी है। घायल छात्र के परिजन ने स्कूल प्रशासन और पुलिस से इस मामले की पूरी जांच की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। इस घटना के बाद से पीड़ित बच्चे के घरवाले सदमे में हैं। उन्हें विश्वास नहीं हो रहा है कि एक छोटा बच्चा इस तरह की हरकत को अंजाम देगा। घरवालों ने मांग की है कि आरोपी बच्चे के माता-पिता से भी पूछताछ की जाए।

### त्रिपुरा : कांग्रेस ने की ...

हो गई। अधिकारियों ने बताया कि उसकी मौत के बाद गंडाटविसा में दंगे और आगजनी हुई, जिससे कम से कम 40 परिवार बेघर हो गए। पार्टी के वरिष्ठ विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने संवाददाताओं को बताया कि मंगलवार को त्रिपुरा प्रदेश कांग्रेस समिति (टीपीसीसी) की पांच सदस्यीय टीम ने गंडाटविसा में स्थिति का जायजा लेने के लिए परमेश्वर रियांग और अन्य हिंसा प्रभावित परिवारों के घर का दौरा किया। उन्होंने कहा कि पुलिस की मौजूदगी में परमेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गया। लूटपाट, दंगा और आगजनी भी पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में हुई। इसलिए हमने न्यायिक जांच की मांग की है। इसके अलावा, रॉय बर्मन ने कहा कि टीपीसीसी गंडाटविसा के संवेदनशील इलाकों में *स्थायी सुरक्षा शिविर*, पीड़ितों के परिजनों के लिए सरकारी नौकरी और हिंसा प्रभावित परिवारों को पर्याप्त मुआवजा चाहती है। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों के घर पूरी तरह जल गए, उन्हें केवल 25,000 रुपए दिए गए हैं और परमेश्वर की मां को 5 लाख रुपए दिए गए हैं। हम चाहते हैं कि राज्य सरकार गंडाटविसा के सभी हिंसा प्रभावित परिवारों को पर्याप्त मुआवजा दे।

### चीन में सीसीपी ...

को नियंत्रित करने की इच्छा व्यक्त की और बौद्ध और मुस्लिम जातीय अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को बढ़ावा दिया, और अब ध्यान चीन के ईसाइयों पर है। 2018 में, वेटिकन ने सीसीपी के साथ समझौता किया ताकि चीन में रोमन कैथोलिक पादरी नियुक्त किया जा सके। पश्चिम में चर्च के तहत धार्मिक स्वतंत्रता की अवधारणा है, लेकिन सीसीपी का मानना है कि राज्य से ऊपर कुछ भी नहीं होना चाहिए और यह उनके काम करने के तरीके में हस्तक्षेप कर सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि सीसीपी अगले दलाई लामा, तिब्बती बौद्ध धर्म के सर्वोच्च नेता, को चुनने की योजना बना रही है, और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों पर मजबूत पकड़ रखने से उनके उद्देश्य में मदद मिलेगी। पूर्व अमेरिकी प्रतिनिधि और राजनीतिक टिप्पणीकार माइक गैलाघर ने सीसीपी के बाइबल को फिर से लिखने के प्रयासों पर नज़र रखी है और पवित्र पुस्तक में दो बड़े बदलावों का उल्लेख किया है। पहला परिवर्तन योहन के सुसमाचार में यीशु के उस कथन में है जहां वह व्यभिचार में पकड़ी गई महिला से कहते हैं कि जा, और अब से पाप न कर। लेकिन 2020 में एक चीनी विश्वविद्यालय के एक पाठ्यपुस्तक में यह कहानी बदलकर दिखाया गया कि यीशु ने खुद उस महिला को पत्थर मारकर मार डाला और कहा कि मैं भी एक पापी हूं।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे ...

राजमार्ग मंत्रालय ने 1,386 किलोमीटर लंबाई वाले 53 पैकेजों में स्पर्स सहित दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य शुरू किया है। उन्होंने कहा कि जून 2024 तक कुल 26 पैकेज पूरे हो चुके हैं। कार्य की भौतिक प्रगति 82 प्रतिशत है और कुल 1,136 किलोमीटर लंबाई का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि संशोधित निर्धारित समापन तिथि अक्तूबर, 2025 है।

### वायनाड जा रही स्वास्थ्य ...

ने जानकारी देते हुए बताया कि वीना जॉर्ज को सड़क दुर्घटना में मामूली चोटें आई है और उनका इलाज मंजेरी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। इस समय केरल के हालात बिल्कुल ठीक नहीं है। भारी बारिश के कारण वायनाड में सोमवार देर रात 4 अलग-अलग जगहों पर भुस्खलन आया। अब तक 143 लोगों की मौत हो चुकी है और सेना का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

### यूपीएससी ने पूजा खेडकर ...

दिया ताकि वे एससीएन का जवाब दे सकें। पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर को यह भी स्पष्ट रूप से बता दिया गया कि यह उनके लिए अंतिम अवसर है और समय में कोई और विस्तार नहीं दिया जाएगा। उन्हें यह भी स्पष्ट शब्दों में बता दिया गया कि यदि उक्त तिथि व समय तक कोई जवाब नहीं मिलता है, तो यूपीएससी उनसे कोई और संदर्भ लिए बिना आगे की कार्रवाई करेगा। उन्हें दिए गए समय में विस्तार के बावजूद, वे निर्धारित समय के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने में विफल रहीं। यूपीएससी ने उपलब्ध अभिलेखों की सावधानीपूर्वक जांच की है और उन्हें सीएसई-2022 नियमों के प्रावधानों के उल्लंघन में कार्य करने का दोषी पाया है। सीएसई-2022 के लिए उनकी अनंतिम उम्मीदवारी रद्द कर दी गई है और उन्हें यूपीएससी की सभी भावी परीक्षाओं व चयनों से भी स्थायी रूप से वंचित कर दिया गया है।

संपादकीय

# 'विकसित' अभी सपना है

वर्ष 2047 तक भारत को 'विकसित देश' के रूप में देखना फिलहाल एक सुखद सपना है। किसी वर्ग के लिए यह संकल्प और महत्वाकांक्षा भी है। कोई स्वतंत्र देश 100 साल में ही 'विकसित' श्रेणी में आ जाए, यह बेहद दुर्लभ लक्ष्य है। लक्ष्य दुर्लभ ही हुआ करते हैं। यह अभियान प्रधानमंत्री मोदी ने ही शुरू किया था और उसे निरंतर भी बनाए रखा। अब तो नीति आयोग के स्तर पर 'दृष्टिकोण पत्र' भी बना लिया गया है। उसमें दो लक्ष्य फिलहाल असाध्य लगते हैं। एक, देश की प्रति व्यक्ति आय 15 लाख रुपए सालाना तक पहुंचाना। दूसरा, 'गरीबी मुक्त गांव' बनाना। यानी जिस गांव में कोई गरीब न हो और गरीबी के हालात भी न हों। फिलहाल देश की प्रति व्यक्ति आय औसतन 2 लाख रुपए सालाना है। कुछ 1.75 लाख रुपए के करीब मानते हैं। यानी 7-8 गुना आमदनी बढ़ानी होगी। आकलन है कि 2047 तक देश की जीडीपी 30 ट्रिलियन डॉलर होनी चाहिए। फिलहाल भारत की जीडीपी करीब 3.75 ट्रिलियन डॉलर है। यानी 8-9 गुना जीडीपी बढ़ानी होगी। यह उस देश के संदर्भ में असंभव-सा लगता है, जिसके 80 करोड़ से अधिक लोगों को 'मुफ्त अन्न' बांटा जा रहा है। जहां अब भी 20-22 करोड़ लोग गरीबी-रेखा के तले जीने को अभिशप्त हैं। यह संभव हो सकता है कि अंबानी, अडानी सरीखे उद्योगपतियों की आय के आधार पर जीडीपी का आकलन किया जाए। अधिकांश भारतीय गरीब हैं अथवा निम्न मध्यवर्गीय हैं। उनकी आमदनी 'कुबेरपतियों' की आय के किसी विशेष मद के मद्देनजर मान ली जाए। भारत की आर्थिक असमानता बेनकाब न हो और 5 ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य भी हासिल कर लिया जाए। दरअसल भारत का गांव आज भी जर्जर और बेहाल है। कुछ गांवों को चमका दिया जाता है, लेकिन उस 'चमकदार परत' के नीचे का यथार्थ क्या है, शायद नीति आयोग भी नहीं जानता। 'दृष्टिकोण पत्र' में उल्लेख किया गया है कि गरीबी मिटाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिल कर 24 घंटे 7 दिन शुद्ध पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और बिजली की उपलब्धता पर काम करें। युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और उद्यमी बनाने के लिए उन्हें कौशल विकास के प्रशिक्षण देने सहित अन्य कदम उठाए जाएं। हमारी सलाह है कि प्रधानमंत्री, उनकी सरकार, सत्तारूढ़ी मुख्यमंत्री और नीति आयोग की अलग-अलग गंभीर समितियां बनाई जाएं। वे आम आदमी की तरह राजधानी दिल्ली के ही ग्रामीण और गरीब इलाकों के सर्वेक्षण कर लें। देश का यथार्थ सामने आ जाएगा कि 'विकसित' वाला दर्जा हासिल करना कितनी दूर है? बेशक पंजाब के 97 फीसदी से ज्यादा घरों तक पेयजल उपलब्ध है और इस संदर्भ में वह प्रथम स्थान पर है, लेकिन 33.5 फीसदी पेयजल की स्थिति के साथ बिहार सबसे नीचे है। 2022 में भारत में 61.5 फीसदी ग्रामीण आबादी को पाइप जल आपूर्ति के जरिए अपेक्षाकृत सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल मिल रहा था। आज कुछ स्थिति सुधरी होगी! नीति आयोग ने भी इसी गर्मियों में, राजधानी दिल्ली के विभिन्न इलाकों में, पानी के लिए तरसती, लड़ती और आक्रोशित आबादी को देखा होगा! देश के पिछड़े, अनधिकृत और गरीब इलाकों में सामान्य पानी की उपलब्धता की कल्पना की जा सकती है। देश के जीडीपी का कितना फीसदी हिस्सा भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च किया जा रहा है, नीति आयोग केवल बजट के आवंटनों को ही देख ले। 'दृष्टिकोण पत्र' में 'विकसित भारत' के सामाजिक संकेतकों का भी आकलन किया गया है। मसलन-2047 में भारतीयों की औसत आयु 84 साल होगी। अभी यह उम्र 71 साल है। कुल प्रजनन दर तब गिर कर 1.8 रहनी चाहिए, जो अभी 2.03 है। इसके मायने ये नहीं हैं कि देश की आबादी कम होगी। हमारी आबादी तब 165 करोड़ के करीब होगी। उसमें 112 करोड़ लोग कामकाजी आयु वर्ग के होंगे। इतनी आबादी को रोजगार और नौकरी मुहैया कराने के संसाधन कितने होंगे, क्या इस पक्ष पर विचार किया जा रहा है? जिस तरह कुछ मुख्यमंत्रियों ने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार किया, उससे सवाल उठते हैं कि केंद्र और राज्यों में सामंजस्य कैसे होगा, नीति क्रियान्वयन कैसे होगा व निवेश कैसे बढ़ेगा।

स्वतंत्र देश 100 साल में ही 'विकसित' श्रेणी में आ जाए, यह बेहद दुर्लभ लक्ष्य है। लक्ष्य दुर्लभ ही हुआ करते हैं। यह अभियान प्रधानमंत्री मोदी ने ही शुरू किया था और उसे निरंतर भी बनाए रखा। अब तो नीति आयोग के स्तर पर 'दृष्टिकोण पत्र' भी बना लिया गया है। उसमें दो लक्ष्य फिलहाल असाध्य लगते हैं। एक, देश की प्रति व्यक्ति आय 15 लाख रुपए सालाना तक पहुंचाना। दूसरा, 'गरीबी मुक्त गांव' बनाना। यानी जिस गांव में कोई गरीब न हो और गरीबी के हालात भी न हों। फिलहाल देश की प्रति व्यक्ति आय औसतन 2 लाख रुपए सालाना है। कुछ 1.75 लाख रुपए के करीब मानते हैं। यानी 7-8 गुना आमदनी बढ़ानी होगी। आकलन है कि 2047 तक देश की जीडीपी 30 ट्रिलियन डॉलर होनी चाहिए। फिलहाल भारत की जीडीपी करीब 3.75 ट्रिलियन डॉलर है। यानी 8-9 गुना जीडीपी बढ़ानी होगी। यह उस देश के संदर्भ में असंभव-सा लगता है, जिसके 80 करोड़ से अधिक लोगों को 'मुफ्त अन्न' बांटा जा रहा है।

## नई मांग का निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं, डिजिटल शिक्षा, ग्रीन एनर्जी पर खर्च बढ़ाने के बेहतर प्रावधानों से सजाया है

# विवेक और साहस से परिपूर्ण नया बजट

डा. जयंती लाल भंडारी

अमृतकाल के इस ऐतिहासिक बजट में 7 प्रतिशत विकास दर का लक्ष्य रखते हुए विकसित भारत के लिए नौ प्राथमिकताओं को रेखांकित किया गया है। बजट के इन नवरंगों में कृषि उत्पादकता, रोजगार व कौशल, समावेशी मानव संसाधन विकास व सामाजिक न्याय, विनिर्माण विकास एवं सेवाएं, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, बुनियादी ढांचा तथा अनुसंधान व नवाचार एवं अगली पीढ़ी के सुधार शामिल हैं।

यकीनन वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा 23 जुलाई को पेश किए गए वर्ष 2024-25 के बजट की तस्वीर में दिखाई दे रहा है कि यह बजट विवेक और साहस से परिपूर्ण बजट है। यह बजट विकसित भारत के सपने को मजबूती देने वाला बजट है। अमृतकाल के इस ऐतिहासिक बजट में 7 प्रतिशत विकास दर का लक्ष्य रखते हुए विकसित भारत के लिए नौ प्राथमिकताओं को रेखांकित किया गया है। बजट के इन नवरंगों में कृषि उत्पादकता, रोजगार व कौशल, समावेशी मानव संसाधन विकास व सामाजिक न्याय, विनिर्माण विकास एवं सेवाएं, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, बुनियादी ढांचा तथा अनुसंधान व नवाचार एवं अगली पीढ़ी के सुधार शामिल हैं। जहां वित्तमंत्री सीतारमण ने उद्योग-कारोबार, श्रम, कृषि, एमएसएमई, टैक्सेशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, उपभोक्ता, आधारभूत ढांचा, वित्त क्षेत्र सहित बजट से संबंधित विभिन्न पक्षों के लिए अभूतपूर्व आवंटन किए हैं तथा महंगाई नियंत्रण के उपाय सुनिश्चित किए हैं, वहीं राजस्व घाटा 1.8 फीसदी तथा राजकोषीय घाटा भी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.9 फीसदी तक सीमित रखने में सुझबूझ व चतुराई दिखाई है। खास बात यह भी है कि नए बजट में बुनियादी ढांचे के लिए 11 लाख करोड़ रुपए से अधिक रखे गए हैं, जो कि जीडीपी का 3.4 फीसदी है। इस पूंजीगत व्यय से रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ेंगे। वस्तुतः यह बजट नई गठबंधन सरकार की नीतियों और भविष्य के दृष्टिकोण के लिहाज से बहुत ही प्रभावी दस्तावेज है। वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्तुत करते हुए जहां वित्तमंत्री की एक मुठ्ठी आम आदमी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सौगातों की झड़ी लगाते हुए दिखाई दी, वहीं उनकी दूसरी मुठ्ठी आर्थिक सुधारों और नए दौर की वैश्विक जरूरतों से संबंधी प्रावधानों के लिए खुलते हुए दिखाई दी। इसमें कोई दोमत नहीं है कि वित्तमंत्री ने नए बजट को बहुआयामी गरीबी में कमी, महिलाओं और युवाओं के विकास, रोजगार वृद्धि, कृषि और किसान हितों, बुनियादी ढांचे की मजबूती, उद्योग-कारोबार की गतिशीलता, रोजगार के नए अवसर, महंगाई पर नियंत्रण, नई मांग का निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं, डिजिटल शिक्षा, ग्रीन एनर्जी पर खर्च बढ़ाने के बेहतर प्रावधानों से सजाया है। निश्चित रूप से वित्तमंत्री ने आर्थिक तथा सामाजिक मोर्चे पर बड़े ऐलान किए हैं। नए बजट में 22 जुलाई को पेश आर्थिक समीक्षा के तहत बताई गई हर साल 80 लाख नौकरियों की दरकार के मद्देनजर निजी क्षेत्र




और गैर कृषि क्षेत्र के तहत नई नौकरियों और कौशल विकास की व्यवस्था सुनिश्चित की है। ऐसी नौकरियों के लिए उत्पादन प्रोत्साहन संबद्ध (पीएलआई), मित्र टैक्सटाइल योजना, मुद्रा योजना, केयर इकोनॉमी क्षेत्रों की पहचान की गई है। वित्तमंत्री ने 5 सालों में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल व अन्य अवसरों की सुविधा के लिए पांच योजनाओं के प्रधानमंत्री रोजगार पैकेज की व्यवस्था सुनिश्चित की है। एक करोड़ युवाओं को 500 बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप सुनिश्चित की जाएगी तथा प्रत्येक छात्र को 5000 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाएगा। मुद्रा योजना के तहत रोजगार के लिए ऋण की सीमा दोगुनी कर 20 लाख रुपए तक बढ़ाई गई है। एक लाख ऐसे छात्रों को उनके अध्ययन के लिए 10 लाख रुपए तक का ऋण दिया जा सकेगा, जो अन्य कोई शासकीय सहायता का लाभ नहीं ले रहे हैं। निश्चित रूप से वित्तमंत्री सीतारमण ने वर्ष 2024-25 के बजट के तहत किसानों के कल्याण और कृषि को विकास का इंजन बनाने की रणनीति के तहत किसानों के हित में कृषि व ग्रामीण क्षेत्र की क्षमता के दोहन के लिए अभूतपूर्व कदम आगे बढ़ाए हैं। वित्तमंत्री ने इस बजट के माध्यम से कृषि सेक्टर के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए और ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपए सुनिश्चित किए हैं। नए बजट के तहत सरकार कृषि और ग्रामीण विकास पर प्रभावी खर्च बढ़ाते हुए दिखाई दी है। कृषि की विकास दर बढ़ाने, कृषि क्षेत्र की योजनाओं को तर्कसंगत बनाने और कृषि सुधारों को व्यापक प्रोत्साहन सुनिश्चित किए गए हैं। कृषि के बुनियादी ढांचे और कृषि के मशीनीकरण की दिशा में संरचनात्मक सुधार लाने के प्रभावी कदम भी नए बजट में हैं।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत देश के 80 करोड़ से अधिक गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों को दिए जाने वाले निशुल्क अनाज के मद्देनजर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच साल के लिए बढ़ाया गया है। नए बजट में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को जिला और राज्य कृषि योजनाओं के विकास हेतु आवंटन बढ़ा है। पांच राज्यों में जनसमर्थन आधारित क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे। कृषि शोध पर आवंटन बढ़ाया गया है। नए बजट के तहत प्राकृतिक खेती पर भारी प्रोत्साहन सुनिश्चित किए गए हैं और आगामी दो वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मौसम की मार के कारण खराब होने वाली फसलों के लिए समर्थन राशि बढ़ाई जाने से कृषि को नया प्रोत्साहन मिलेगा। जिन ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं, सरकार ने उनकी भी सहायता बढ़ाई है। निःसंदेह नए बजट के तहत एक लाख करोड़ रुपए के शोध कोष से निजी क्षेत्र में अनुसंधान व नवाचार को व्यापक बढ़ावा मिलेगा। वर्ष 2024-25 के बजट से निर्यात और विदेशी निवेश में वृद्धि, बाजारों में उपभोक्ता मांग में तेजी, विनिर्माण और सर्विस क्षेत्र में बड़ा सुधार दिखाई देगा। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहनमूलक राहत दी गई है। एमएसएमई इकाइयों को क्रेडिट गारंटी योजना के तहत टर्म लोन देने के लिए 100 करोड़ रुपए तक का प्रावधान सुनिश्चित किया गया है।

वित्तमंत्री सीतारमण ने जहां आयकर की पुरानी रिजीम में कोई बदलाव नहीं किया है, वहीं नई रिजीम के तहत करदाताओं को राहतों से लाभान्वित किया है। नई कर व्यवस्था में 3 लाख रुपए तक की कमाई कर मुक्त है। 3 से 7 लाख पर 5 फीसदी, 7 से 10 लाख पर 10 फीसदी, 10 से 12 लाख पर 15 फीसदी, 12 से 15 लाख पर 20 फीसदी, 15 लाख से अधिक पर 30 फीसदी टैक्स का प्रावधान सुनिश्चित किया गया है। खासतौर से वेतनभोगी वर्ग के लिए मानक कटौती (स्टैंडर्ड डिडक्शन) सीमा को 50000 रुपए से बढ़ाकर 75 हजार रुपए किया गया है। इससे करीब 4 करोड़ वेतनभोगियों व पेंशनभोगियों को लाभ होगा। निश्चित रूप से वित्तमंत्री सीतारमण ने 7 फीसदी से अधिक विकास दर का लक्ष्य रखते हुए तथा राजकोषीय घाटे को जीडीपी के करीब 4.9 फीसदी तक सीमित रखते हुए अर्थव्यवस्था को गतिशील करने, रोजगार अवसरों को बढ़ाने तथा विभिन्न वर्गों को राहत देने के लिए आर्थिक प्रोत्साहनों से सजा-धजा वर्ष 2024-25 का अभूतपूर्व बजट प्रस्तुत किया है।

दृष्टि कोण

# माइक बंद करने का आरोप लगाने वाले विपक्षी नेता दूसरों के बोलने का अवसर क्यों छीनना चाहते हैं?

नीति आयोग की बैठक का विपक्ष शासित राज्यों के तमाम मुख्यमंत्रियों ने बहिष्कार किया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बैठक का बहिष्कार तो नहीं किया लेकिन इसमें शामिल होने से पहले ही उन्होंने यह ऐलान कर दिया था कि वह विरोध जताकर आयेंगी। ऐसा उन्होंने किया भी। उन्होंने आरोप लगाया कि बैठक के दौरान उनका माइक बंद कर दिया गया। देखा जाये तो विपक्ष के नेता आजकल माइक बंद करने का आरोप धड़ल्ले से लगा रहे हैं। लेकिन उन्हें समझना होगा कि संसद की कार्यवाही हो या अन्य कोई सरकारी बैठक, उसमें भाग लेने वालों के लिए कुछ नियम हैं। सबके लिए समय आवंटित करने और कौन कितना समय बोलेगा इसका निर्धारण करने के लिए भी पहले से नियम बने हुए हैं। यदि कोई निर्धारित अवधि से ज्यादा समय बोलेगा तो जाहिर है कि यह दूसरों के अधिकारों का हनन होगा। देखा जाये तो नीति आयोग की बैठक को लेकर ममता बनर्जी भले कुछ भी आरोप लगायें, मगर सच यह है कि उनके आग्रह पर उन्हें उनके निर्धारित समय से पहले ही बोलने का अवसर दिया गया। उनके भाषण का समय खत्म होने का इशारा घड़ी ने किया और भाषण खत्म करने का संकेत देने वाली बेल भी उनके लिए नहीं बजायी गयी। इसके अलावा, जो मुख्यमंत्री अपने राज्य के साथ भेदभाव करने का केंद्र पर आरोप लगा रहे हैं यदि वह यूपीए और एनडीए शासन के दौरान अपने राज्य को मिली केंद्रीय मदद पर एक श्वेतपत्र ले आयें तो हकीकत उन्हें भी पता चल जायेगी और सारी स्थिति जनता के समक्ष भी आ जायेगी। केंद्र पर अपने राज्य से भेदभाव का आरोप लगाने वाले मुख्यमंत्रियों को यह भी बताना चाहिए कि उनकी किन मांगों को अनसुना कर दिया गया? इन मुख्यमंत्रियों को यह भी बताना चाहिए कि अपने राज्य की



आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए उन्होंने क्या-क्या कदम उठाये और उनका क्या परिणाम रहा? वैसे, ममता बनर्जी ने बैठक से बीच में ही बाहर आकर जो आरोप लगाये हैं उससे यह भी प्रदर्शित होता है कि यह सब इंडिया गठबंधन के नेताओं की सोची समझी रणनीति के तहत उठाया गया कदम था। दरअसल विपक्ष शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने जब नीति आयोग की बैठक के बहिष्कार का निर्णय किया था तब उन राज्यों में विपक्ष और जनता ने सवाल उठाया था कि जब प्रधानमंत्री के समक्ष अपने राज्य की मांगों को सीधा रखने का अवसर मिला है तो उसका लाभ क्यों नहीं उठाया जा रहा? ऐसे में इंडिया गठबंधन में शामिल मुख्यमंत्रियों ने अपने प्रदेश की जनता की नजरों में नीति आयोग की बैठक के बहिष्कार के निर्णय को सही ठहराने के लिए ममता बनर्जी को भेजा। ममता बनर्जी से गलती सिर्फ इतनी हो गयी कि उन्होंने पहले ही कह दिया था कि वह बैठक में विरोध जताएंगी। इसलिए जब वह बाहर आकर केंद्र सरकार पर आरोपों की बौछार कर रहीं हैं तो किसी को यकीन नहीं हो रहा। वैसे रणनीति के मुताबिक, विपक्ष ने पहले ही तैयारी कर रखी थी कि ममता बनर्जी के अपमान का आरोप लगाकर हंगामा खड़ा किया जायेगा। इसलिए संसद के वर्तमान सत्र के दौरान विपक्ष का और उग्र रूप देखने को मिल सकता है। बहरहाल, यह साफ प्रदर्शित हो रहा है कि इस बार के लोकसभा चुनावों में जनता ने विपक्ष को जो ताकत दी है उसका वह सदुपयोग नहीं कर पा रहा है। सिर्फ हंगामे की राजनीति और सरकार को अपनी ताकत दिखाने का खेल चल रहा है।

कुछ अलग

# भारत की ओलंपिक उम्मीदें

फ्रांस की राजधानी पेरिस में 53वें ओलंपिक खेलों का आगाज हो गया। 'प्रेम की नगरी' में ये खेल 11 अगस्त तक खेले जाएंगे और समन्वय, सौहार्द और स्नेह के असंख्य उदाहरण पेश किए जा सकते हैं। दुनिया के 206 देशों के 10,714 खिलाड़ी ओलंपिक में शिरकत करेंगे। उनमें से भारत के 117 खिलाड़ी 16 खेलों और 69 इवेंट्स में पदक और राष्ट्र के सम्मान के लिए जूझेंगे। करीब 100 साल पहले 1924 में भी पेरिस में ओलंपिक खेलों का आयोजन किया गया था, जिसमें पहली बार भारतीय दल ने अधिकृत तौर पर भाग लिया था। भारत की पहली महिला खिलाड़ी ने भी उसी ओलंपिक में हिस्सा लिया था। इतिहास उसी को दोहरा रहा है, लेकिन आज भारत एक स्वतंत्र और संप्रभु देश है। विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। खिलाडियों के हुनर को तराशने और विश्वस्तरीय बनाने के मद्देनजर भारत ने खिलाडियों पर 470 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। सबसे ज्यादा 96 करोड़ रुपए एथलेटिक्स पर खर्च किए गए हैं, लिहाजा पदकों की उम्मीदें भी देश कर रहा है। बैडमिंटन में दो बार ओलंपिक पदकवीर पीवी सिंधु और 5वीं बार ओलंपिक खेल रहे, 42 वर्षीय, टेबल टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी शरथ कमल भारतीय खिलाड़ी दल के ध्वजवाहक बने। यह भी राष्ट्रीय सम्मान है। इस बार सबसे अधिक खिलाडियों ने ओलंपिक की पात्रता हासिल की है, लिहाजा सबसे अधिक खिलाड़ी भेजे गए हैं। भारतीय दल में कई विश्व चैम्पियन खिलाड़ी हैं-नीरज चोपड़ा (भाला फेंक), निकहत जरीन (मुक्केबाजी), अंतिम पंघाल (कुश्ती) और मनु भाकर (निशानेबाजी) आदि। कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं, जिन्होंने विश्व स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किए हैं-सात्विक चिराग की जोड़ी, लक्ष्य सेन, सिंधु (सभी बैडमिंटन खिलाड़ी), विनेश फोगाट (कुश्ती), मीराबाई चानू (भारोत्तोलन) और पुरुष हॉकी टीम। काश! शतरंज और क्रिकेट भी ओलंपिक खेलों में शामिल होते, तो उनके खिलाड़ी भी विश्वस्तरीय श्रेणी में गिने जाते! भारत में खेल मंत्रालय का बजट 3442 करोड़ रुपए तय किया गया है। यह देश के जीडीपी का मात्र 0.01 फीसदी से भी कम है। पश्चिम में कई विकसित देश खेलों पर 0.2 फीसदी से 0.6 फीसदी तक खर्च करते हैं। भारत में प्रति नागरिक औसतन 25 रुपए खेल पर खर्च किए जा रहे हैं। इसके बावजूद भारत की उम्मीद है कि इस बार उसके खिलाड़ी पदकों की दहाई पार करेंगे। 2004 में ब्राजील ने 10 पदक जीत कर अपना लक्ष्य हासिल किया था। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में एक स्वर्ण पदक समेत 6 पदक जीते थे। देश के लिए वह महान उपलब्धि थी, क्योंकि अधिकतर खेल मुकाबलों में भारत पदकहीन ही रहता आया है। इस बार एथलेटिक्स, हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी, निशानेबाजी आदि खेलों में पदकीय जीत की उम्मीदें कर सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन खेलों के खिलाडियों ने विश्व चैम्पियन टीमों और खिलाडियों को भी मात दी है। दुर्भाग्य और विडंबना है कि टोक्यो ओलंपिक में हॉकी की जिस महिला टीम ने चौथा स्थान हासिल किया था, वह पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर पाई। यह खेल और प्रशिक्षण के हरेक स्तर की अयोग्यता है। भारोत्तोलन में कोई भी पुरुष खिलाड़ी ओलंपिक का पात्र नहीं समझा गया। महिला वर्ग में भी मीराबाई चानू अकेली ही दायित्व उठा रही है। उनके बाद कोई भी दूसरी महिला खिलाड़ी ओलंपिक के स्तर की नहीं है। जिम्नास्टिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व शून्य है। तलवारबाजी में भवानी देवी का कोई भी उत्तराधिकारी नहीं है और पुरुष पहलवान भी एक रह गया है।

देश दुनीया से

# बेहतर पोषण से कारगर होती टीबी खात्मे की मुहिम

हमारे देश में कुपोषण की जड़ों पर प्रहार कर टीबी को मात देने के सराहनीय प्रयास हो रहे हैं, जिनके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। यह कोई छुपी हुई बात नहीं है कि टीबी फैलने के कारणों में एक बड़ा कारण गरीबी है और टीबी से मौत की वजह रोगी का कुपोषित होना है। यानी लोग पर्याप्त पोषण के अभाव में रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण टीबी की चपेट में आ रहे हैं। कई लोग टीबी ग्रस्त होने के बाद पोषण न मिलने से मर जाते हैं। गरीब लोग सुचारू रूप से इलाज भी नहीं करवा पाते, वे अच्छा पोषण कहां से ले सकते हैं।

टीबी की बीमारी को खत्म करने के लिए दुनिया भर में व्यापक प्रयास हो रहे हैं। भारत में टीबी एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या है जिसके खात्मे के लिए 2025 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एक सामाजिक बीमारी के रूप में टीबी के फैलने के लिए गंदी बस्तियों, अस्वच्छ घुटन भरे अंधेरे मकानों में निवास, भीड़भाड़ में रहने, असुरक्षित कार्यस्थलों में काम करने, इलाज में लापरवाही, अंधविश्वास आदि को जिम्मेदार माना जाता है, लेकिन इसके साथ-साथ गरीबी एवं कुपोषण भी ऐसे कारक हैं, जो टीबी के प्रसार में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। हमारे देश में कुपोषण की जड़ों पर प्रहार कर टीबी को मात देने के सराहनीय प्रयास हो रहे हैं, जिनके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। यह कोई छुपी हुई बात नहीं है कि टीबी फैलने के कारणों में एक बड़ा कारण गरीबी है और टीबी से मौत की वजह रोगी का कुपोषित होना है। यानी लोग पर्याप्त पोषण के अभाव में रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण टीबी की चपेट में आ रहे हैं। कई लोग टीबी ग्रस्त होने के बाद पोषण न मिलने से मर जाते हैं। गरीब लोग सुचारू रूप से इलाज भी नहीं करवा पाते, वे अच्छा पोषण कहां से ले सकते हैं। अभी भी कुपोषण टीबी की बड़ी वजह बना हुआ है, लेकिन पिछले छह सालों में, जब से टीबी रोगियों में कुपोषण की समस्या से निपटने के प्रयास शुरू हुए हैं, टीबी के खात्मे की मुहिम और भी कारगर हो चली है। इसका श्रेय निश्चय ही सरकार और सरकार की पहल कर टीबी रोगियों के लिए अच्छे पोषण की व्यवस्था करने के लिए आगे आ रहे देशवासियों को है। सरकार ने कुपोषण की समस्या के समाधान के लिए अप्रैल 2018 में निक्षय पोषण योजना का आगाज किया, जो प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में एक उत्कृष्ट पहल साबित हुई है। इसके तहत प्रत्येक टीबी रोगी को उपचार की पूरी अवधि के लिए 500 रुपए प्रति माह पोषण के लिए दिए जा रहे हैं। यह राशि बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन बीमारी को झेल रहे एक गरीब व्यक्ति के लिए यकीनन संबल बन रही है। इसी तरह का एक और सकारात्मक कदम सरकार की पहल पर 19 सितंबर 2022 को शुरू की गई निक्षय मित्र योजना है। निक्षय मित्र योजना एक तरह से टीबी रोग से पीड़ित लोगों को गोद लेने की योजना है। इसके तहत कोई भी नागरिक, जन प्रतिनिधि, राजनीतिक दल, गैर सरकारी संस्थान, कॉर्पोरेट संस्थान टीबी के मरीज को गोद ले सकता है। इस अभियान के तहत व्यवस्था की गई है कि निक्षय मित्र बनने वाला व्यक्ति अथवा संस्था कम से कम एक साल और अधिक से अधिक तीन साल के लिए किसी गांव, वार्ड, पंचायत, ब्लॉक या जिले के किसी टीबी रोगी या रोगियों को गोद लेकर उन्हें भोजन, पोषण, आजीविका के स्तर पर जरूरी मदद उपलब्ध करा सकते हैं। आम तौर पर सरकार की पहल पर शुरू की जाने वाली योजनाओं को अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाती है, लेकिन खुशी का विषय है कि समूचे देश के लोग सामाजिक दायित्व के तहत निक्षय मित्र योजना से जुडकर देश को टीबी मुक्त करने में योगदान दे रहे हैं। निक्षय मित्र योजना को शुरू हुए पौने दो साल हो चुके हैं। ताजा आंकड़ों के अनुसार देश में 13 लाख 55 हजार 600 रोगियों का उपचार चल रहा है, इनमें से दस लाख 10 हजार 66 रोगियों ने समुदाय से सहायता पाने की सहमति दी है और उन्हें पोषण उपलब्ध कराने के लिए दस लाख 4 हजार 679 लोग संकल्प ले चुके हैं। संकल्प ले चुके लोगों में से एक लाख साठ हजार 997 लोग निक्षय पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराकर रोगियों को बेहतर पोषण उपलब्ध करवा रहे हैं। राजस्थान में लोग निक्षय मित्र के रूप में मदद के लिए तेजी से आगे आ रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार राज्य में इस समय 80 हजार 611 रोगियों का उपचार चल रहा है, इनमें से 61 हजार 729 रोगियों ने समुदाय से सहायता पाने की सहमति दी है और उन्हें पोषण उपलब्ध कराने के लिए इतने ही लोग संकल्प ले चुके हैं। संकल्प ले चुके लोगों में से सात हजार 946 लोग निक्षय पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराकर रोगियों को बेहतर पोषण उपलब्ध करवा रहे हैं। राज्य में विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, व्यक्तिगत परोपकारी लोगों और निर्वाचित प्रतिनिधियों ने भी मासिक भोजन किट प्रदान करने के लिए रोगियों को गोद लिया है। हनुमानगढ़ जिले की स्थिति पर नजर डाली जाए तो आंकड़ों के अनुसार जिले में इस समय 2382 रोगियों का उपचार चल रहा है। इनमें से 1807 रोगियों ने समुदाय से सहायता पाने की सहमति दी है और उन्हें पोषण उपलब्ध कराने के लिए इतने ही लोग संकल्प ले चुके हैं। संकल्प ले चुके लोगों में से 557 लोग निक्षय पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराकर रोगियों को बेहतर पोषण उपलब्ध करवाने में जुटे हैं। संगरिया के निकट ढाबां गांव की सरपंच सिमरजीत कौर व उनके एनआरआई बेटे डॉ. प्रीतपाल सिंह संगरिया तहसील के सभी टीबी रोगियों को बेहतर पोषण पहुंचा रहे हैं। रोड़ावाली के पूर्व सरपंच नूर नबी भाटी भी यह पुण्य कार्य कर रहे हैं।

आप का नजरीया

# विजन की खिड़कियां

दो कदम अगर केंद्र आगे बढ़े, तो हिमाचल चार कदम चल सकता है। इन्हीं कदमों से कई पहाड़ लांघते हुए कभी इंदिरा गांधी ने पूर्ण राज्यत्व का दर्जा दिया, कभी नरसिंहा राव ने बिजली की मुफ्त रॉयलटी, तो अटल बिहारी वाजपेयी ने औद्योगिक पैकेज दिया। मोदी सरकार ने बल्क ड्रग पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क देकर एक संदेश दिया, लेकिन योजनाओं-परियोजनाओं की निरंतरता में बजट का मानसून भी इस बार मौसम की तरह सूखा व रुखा है। हिमाचल में दो सरकारों का राजनीतिक बंटवारा जिस मुस्तैदी, समझ व नागरिक जागरूकता से हुआ है, वहां भाजपा के केंद्र को यह नहीं भूलना चाहिए कि लोकसभा व राज्यसभा के चुनावों में पर्वतीय प्रदेश ने अपना सर्वस्व सौंप कर जो अर्जियां भेजीं थीं, उनके मजमून में इल्तिजा थी। बेशक अब स्पष्टीकरण के चुंबक रेलवे के आश्वासनों से चस्पां हैं, लेकिन केंद्र सरकार का बजट हमारे लिए बोला कब और हमारे जनप्रतिनिधियों ने कहा किससे। देखना यह होगा कि जिन्हें जनता उम्मीदों के साथ दिल्ली भेजती है, उनसे यह अपेक्षा तो करती ही है कि वे पहाड़ की अस्मिता के लिए संसद में सशक्त पक्ष रखें। बहरहाल कांगड़ा के नवनिर्वाचित लोकसभा सांसद डा. राजीव भारद्वाज का वक्तव्य सामने आया है। सांसद भारद्वाज कांगड़ा-चंबा के लिए दो ट्रॉमा सेंटर, पौंग बांध बैकवाटर टूरिज्म, धार्मिक कोरिडोर, पठानकोट-जोगिंद्रनगर ब्रॉडगेज रेल लाइन तथा धर्मशाला में रोप-वे सिस्टम की मांग कर रहे हैं। कहने में इन परियोजनाओं में कुछ और इजाफा हो सकता है, लेकिन इस क्षेत्र में राज्य व केंद्र के संबंधों की हरियाली तो कांगड़ा एयरपोर्ट परियोजना में योगदान से ही बढ़ेगी। राज्य सरकार ने 3500 करोड़ की अनुमानित लागत का पचास फीसदी हिस्सा केंद्र से मांगा है और अगर यह कहने मात्र से मिल जाएगा, जो सांसद की भाषा में यह सामुदायिक जिम्मेदारी भी इंगित होनी चाहिए। हिमाचल में या तो विजन की महत्त्वाकांक्षा है ही नहीं और अगर कोई कहता भी है तो विजन की अनेक खिड़कियां आपस में उलझ जाती हैं। वैसे यहीं से सांसद एवं केंद्रीय मंत्री रहे शांता कुमार के नजरिए पर देश को गर्व है, लेकिन कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के लिए उनके ड्रीम प्रोजेक्ट केवल सियासी अनुबंध करते ही रह गए। वह चंबा सीमेंट प्लांट, पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलवे लाइन का चौड़ाकरण व केंद्रीय विश्वविद्यालय की धर्मशाला में स्थापना को अधिमान देते हुए पर्यटन परियोजनाओं में केंद्र का दखल चाहते थे, लेकिन आज तक इनमें से एक भी ख्वाब पूरा नहीं हुआ। बहरहाल नए सांसद ने पैरवी का रुख बदलते हुए टोपी बदली है, तो अब देखना होगा कि वह कितना रंग जमाते हैं। हालांकि केंद्र सरकार में जगत प्रकाश नड्डा का रुतबा ऐसी पायदान पर टिका है, जहां से हिमाचल के घाव भरे जा सकते हैं। बेशक एम्स की नींव के पत्थर उन्हें सदियों याद रखेंगे या बिलासपुर की तरफ बढ़ती रेल में उनकी भूमिका की रेलमपेल है, लेकिन इस चारदीवारी के बाहर हिमाचल छोटा पड़ गया है। यह दीगर है कि महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारियों में युवा ऊर्जा के सारे स्रोत लिए अनुराग ठाकुर ने वंदेभारत ट्रेन को अंब-अंदौरा से जोड़ दिया, लेकिन हमीरपुर को रेल से छूने के उनके प्रयास दर्ज नहीं हुए। इसी तरह खेल मंत्रालय के सुखद संदेश हिमाचल तक नहीं पहुंच पाए।





# बागमती नदी उफान पर, काठमांडू के कई इलाके जलमग्न

**काठमांडू।**
नेपाल की राजधानी काठमांडू में बीती रात से हो रही मूसलाधार बारिश से बागमती नदी उफान पर है। इस वजह से त्रिपुरेश्वर, कालीमाटी, टेकु इलाके के अलावा बागमती कॉरिडोर के किनारे की बस्तियां जलमग्न हो गई हैं।

जल एवं मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार बागमती और उसकी सहायक नदियां हनुमंते, मनोहरा, धोबीखोला, बिष्णुमती, नख्खू, बल्खु का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। विभाग ने अनुरोध किया है कि बागमती कॉरिडोर के अलावा अन्य नदियों के आसपास न जाएं। उधर, धोबीखोला, बल्खु खोला, कागेश्वरी मनोहरा इलाके की गलियारे वाली सड़कों पर अब भी काफी पानी जमा है। नदी किनारे बने कॉरिडोर के जलमग्न होने के कारण यातायात प्रभावित है। इन सड़कों पर यातायात को फिलहाल पूरी तरह से रोक दिया गया है।



काठमांडू में बाढ़ के कारण सत्तारूढ दल यूएमएल का केंद्रीय कार्यालय सहित शंखमूल पार्क, कालीमाटी सब्जी बाजार क्षेत्र सहित अन्य स्थान भी जलमग्न हो गए हैं। भक्तपुर में मनोहरा नदी ने भी रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। महादेव नदी की बाढ़ से सैकड़ों घर जलमग्न हो गए हैं।

भक्तपुर के पुलिस इंस्पेक्टर टेकेंद्र पौडेल ने कहा कि सूर्यबिनायक और मध्यपुर थिमी नगरपालिका में नदी में फंसे 33 लोगों को बचाया लिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### नेपाल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पद से शंकर दास वैरागी ने दिया इस्तीफा



**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शंकर दास वैरागी ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री के मातहत रहे राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के तौर पर 6 महीने पहले ही वैरागी की नियुक्ति हुई थी। नेपाल में सत्ता गठबन्धन और सरकार के नेतृत्व परिवर्तन के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शंकर दास वैरागी के इस्तीफा देने की जानकारी आई है। प्रधानमंत्री कार्यालय में सचिव रहे कृष्णहरि पुष्कर ने वैरागी के इस्तीफे की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि वैरागी का इस्तीफा 24 जुलाई को ही आ गया था लेकिन आज हुई कैबिनेट की बैठक में उसको मंजूर कर लिया गया है। शंकर दास वैरागी का नाम कुछ दिन पहले तक भारत में नेपाल के राजदूत के रूप में भेजे जाने की व्यापक चर्चा थी लेकिन सरकार ने वर्तमान राजदूत डा शंकर शर्मा को ही निरन्तरता देने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि प्रचण्ड सरकार द्वारा उनकी नियुक्ति होने के कारण इस्तीफा लिया गया है। उन्हें प्रचण्ड ने अपने कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का पद सृजित कर नियुक्ति दी थी। कभी नेपाल के विदेश सचिव रहे वैरागी देश के मुख्य सचिव भी रह चुके हैं। अपने कार्यकाल के 6 महीने पहले ही मुख्य सचिव के पद से इस्तीफा देने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने उन्हें सुरक्षा सलाहकार का विशेष पद सृजित कर नियुक्ति दी थी।

### पाकिस्तान में शिया-सुन्नी जंग में अब तक 43 लोगों की मौत



**खैबर पख्तूनख्वा।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी कुर्रम आदिवासी जिले में एक भूमि विवाद में सुन्नी और शिया जनजातियों के बीच जारी खूनी संघर्ष में अबतक 43 लोग मारे जा चुके हैं और 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार स्थानीय जनजातीय जिरगा की सहायता और समर्थन से युद्धरत जनजातियों ने सोमवार को अस्थायी युद्ध विराम की घोषणा की। अस्थिर पहाड़ी कुर्रम क्षेत्र में पिछले कई दशकों में जनजातियों और धार्मिक समूहों के बीच सांप्रदायिक झड़पें और आतंकवादी हमले हुए हैं। सरकार के गृह और आदिवासी मामलों के विभाग के अनुसार, वर्तमान में कुर्रम में आठ बड़े संघर्ष देखने को मिले। पिछले सप्ताह शिया और सुन्नी के दो परिवारों के बीच एक संपत्ति के स्वामित्व को लेकर खूनी लड़ाई शुरू हुई थी। यह दुश्मनी तेजी से कई गांवों और बस्तियों में फैल गई जिसके बाद पूरे जिले में हिंसा होने लगी। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में 34 शिया जनजाति के और आठ सुन्नी जनजाति से थे। कुर्रम के मकबल और टेरी मंगल इलाकों में, रविवार रात और सोमवार सुबह तक शिया और सुन्नी जनजातियों के बीच गोलीबारी जारी रही। स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में सुन्नी जनजातियों को सीमा पार से समर्थन मिल रहा है क्योंकि ये परिवार पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच विवादित सीमा डूरंड रेखा के दोनों ओर रहते हैं। क्षेत्र के अधिकांश गांवों में संघर्ष और अशांति को रोकने के लिए सड़कें बंद कर दी गई है। हालांकि, इसके कारण खाने और दवाओं की कमी का लोगों को सामना करना पड़ रहा है।

### ब्राजील की नदी में नाव पलटने से तीन लोगों की मौत, नौ लापता



**साओ पाउलो।** उत्तरी ब्राजील की अमेजन नदी में नाव पलटने से एक साल के बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई और 16 घायल हो गए जिनमें से नौ लापता बताए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नाव पर दो सौ से ज्यादा यात्री सवार थे। ब्राजील के एमेज़ोनस स्टेट के उआरिनी म्युनिसिपैलिटी के पास विस्फोट के बाद उसमें आग लग गई। रिपोर्ट में पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि नाव में सवार दो सौ लोगों में से कम से कम 183 लोग सुरक्षित बचने में सफल रहे। यह तीन दिनों में एमेज़ोनस में यात्री नाव पर लगी दूसरी घटना थी। शनिवार को भी एक नाव में आग लगने के बाद पलट गई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और पांच लापता हो गए।

## 24 घंटे में इजराइल के दो बड़े दुश्मन खत्म

# हमास प्रमुख हानिया की तस्वीरें सामने आने के चंद घंटों बाद ही कर दिया ढेर

**तेहरान।**
इजराइल-हमास जंग को लेकर अब तक की सबसे बड़ी खबर सामने आई है. ईरान के तेहरान में हमास चीफ इस्माइल हानिया मारा गया. इस्माइल हानिया के मारे जाने पर हमास ने इजराइल को दी अंजाम भुगतने की धमकी. हमास ने कहा है कि हानिया की हत्या की सजा जरूर मिलेगी.

ईरान में एक बड़ा हमला हुआ है, जिसमें हमास प्रमुख इस्माइल हानिया का खात्मा कर दिया गया है. इस बीच पिछले 24 घंटों में इजराइल के दो बड़े दुश्मनों को मारा गया है. इजराइली सेना का कहना है कि उसने मजदल शम्स में हुए हमले का बदला ले लिया है और बेरूत में हिजबुल्लाह के कमांडर फुआद शुकर को ढेर कर दिया है.ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने इस्माइल हानिया के संबंध में बयान जारी किया है. इस्माइल हानिया की मौत पर इजराइल का बयान भी सामने आया है. उसके हैरिटेज मिनिस्टर का कहना है कि हानिया की मौत से दुनिया थोड़ी बेहतर हुई है.

आईआरजीसी के एक बयान में कहा गया है कि तेहरान में उनके आवास को निशाना बनाया गया है और हमास प्रमुख इस्माइल हानिया और उनके एक बॉडी गार्ड की हत्या कर दी गई.इस्माइल हानिया की हत्या विस्फोट कर की गई है. आईआरजीसी के जनसंपर्क विभाग की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि हमला बुधवार तड़के किया गया और घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है. इससे पहले मंगलवार को हनीयाह ईरान के नए राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे और ईरान के सर्वोच्च नेता से मुलाकात की थी.



इस्माइल हनीया का जन्म 1962 में गाजा पट्टी के अल-शती शरणार्थी शिविर में हुआ था. वह एक फिलिस्तीनी नेता थे. इस्माइल ने 2006 से लेकर 2007 में फिलिस्तीनी प्राधिकरण (पीए) के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया. हमास ने 2006 के फिलिस्तीनी विधायी चुनावों में अधिकांश सीटें जीती थीं. प्रतिद्वंद्वी फतह के साथ गुटीय लड़ाई के बाद सरकार को भंग कर दिया गया और गाजा पट्टी में एक स्वायत्त हमास के नेतृत्व वाले प्रशासन की स्थापना की गई थी. हानिया ने गाजा पट्टी (2007-14) में वास्तविक सरकार के नेता के रूप में काम किया था. 2017 में उन्हें खालिद मेशाल की जगह हमास के राजनीतिक ब्यूरो प्रमुख के रूप में चुना गया था.

इजराइल के हेरिटेज मंत्री अमिहाई एलियाहू ने हानिया की हत्या की खबर सामने आने के बाद एक्स पर लिखा- दुनिया को इस गंदगी से साफ करने का यही सही तरीका है। अब कोई काल्पनिक शांति या आत्मसमर्पण समझौता नहीं होगा। ऐसे लोगों के लिए कोई दया नहीं दिखाई जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि जो मजबूत हाथ उन पर हमला करेगा वह शांति और थोड़ा आराम लाएगा और शांति चाहने वालों के साथ शांति से रहने की हमारी क्षमता को मजबूत करेगा। हानिया की मौत दुनिया को बेहतर बनाती है।

अमेरिकी सांसद माइक वाल्ट्ज ने हानिया की मौत पर कहा है कि वह हमास का आतंकी चेहरा था जिन्हें ईरान भी नहीं बचा सका। एक्स पर माइक ने लिखा-वह इंसान अयातुल्ला के साथ मेलजोल रखता था, कतर और तुर्की के लक्जरी होटलों में दरबार लगाता था। उन्होंने कहा कि गाजा में जहां लोग गरीबी में जी रहे हैं, वहां वह माल की तस्करी करके अरबों डॉलर की हेराफेरी की। यहां तक कि आईआरजीसी भी उनकी रक्षा नहीं कर सकी।

### हमास ने दी धमकी, जल्द लेंगे मौत का बदला

**तेल अवीव।** इजरायल ने बुधवार तड़के हमास चीफ को ईरान की राजधानी तेहरान में मारा गया जिसकी पुष्टि हमास ने की है। हमास ने एक बयान जारी कर कहा कि विश्वासघाती इजरायली हमले में तेहरान में फिलिस्तीनी समूह के पोलित ब्यूरो प्रमुख की मौत हो गई है। हानिया ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के पद ग्रहण समारोह में शामिल होने तेहरान आए थे। हमास पोलिटिकल ब्यूरो के सदस्य मोउसा अबू मरजूक ने कहा कि हानिया की मौत का बदला लेंगे। उन्होंने कहा कि इजराइल को हानिया की कायरतापूर्ण हत्या का जवाब दिया जाएगा। कतर में रह रहे हानिया मंगलवार को ईरानी राष्ट्रपति पेजेश्कियान के पद ग्रहण समारोह में नजर आए थे। ईरानी राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान हानिया ने हमास और फिलिस्तीन को समर्थन के लिए ईरान का आभार माना था। तेहरान में अपने आवास पर इजरायली हमले में मारे जाने से कुछ घंटे पहले हानिया ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई से भी मिले थे। ईरान के इस्लामिक रिवोल्युशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने कहा है कि हानिया के साथ उनके बॉडीगार्ड भी मारे गए हैं। बयान में कहा गया कि हमला बुधवार तड़के हुआ और हमले के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जारी है। फिलिस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने हमास चीफ की हत्या की निंदा की है और इसे इजराइल की कायरतापूर्ण हरकत बताया है। उन्होंने कहा है कि इस्माइल हानिया की हत्या करना बेहद खतरनाक प्रगति है।



# इजराइल ने हिजबुल्ला को निशाना बनाकर बेरूत पर किया हवाई हमला, एक की मौत



**बेरूत।**
इजराइल ने हिजबुल्ला को निशाना बनाते हुए बेरूत पर हवाई हमला किया जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसी के साथ इजराइल का लेबनान में सक्रिय चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के साथ तनाव बढ़ गया है।

इजराइल की सेना ने कहा कि यह हमला उसके नियंत्रण वाले गोलान हाइट्स क्षेत्र में गत सप्ताहांत रॉकेट से हमला करने और 12 बच्चों एवं किशोरों की मौत के साथ-साथ अन्य हमलों में कई इजराइली नागरिकों की मौत के लिए जिम्मेदार आतंकी कमांडर के ठिकाने को निशाना बनाकर किया गया।

इजराइल ने बीते शनिवार को मजदल शम्स शहर में हुए रॉकेट हमले के लिए हिजबुल्ला को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि, चरमपंथी संगठन ने हमले में अपनी भूमिका से इनकार किया है। इजराइली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने मंगलवार के हमले के तुरंत बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा, "हिजबुल्ला ने अपनी हदें पार कर दी है।"

लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि ड्रोन से किए गए इस हमले में तीन रॉकेट दागे गए, जिसमें एक महिला की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। सूत्रों के मुताबिक, घायलों को पास के अस्पतालों में ले जाया गया। विस्फोट स्थल के पास स्थित बहमन अस्पताल ने लोगों से रक्तदान करने का आह्वान किया। यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि जिस पर हमला किया गया है उसकी हमले में मौत हुई या घायल हुआ है।

हिजबुल्ला के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार शाम को बेरूत के दक्षिण में हिजबुल्ला के गढ़ पर इजराइली हवाई हमला हुआ, जिससे नुकसान हुआ है।

# कमला हैरिस से सीधे बहस करने से बचते नजर आ रहे डोनाल्ड ट्रंप

**न्यूयॉर्क।**
अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की आधिकारिक उम्मीदवार होने के बाद रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति उम्मीदवार व पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी प्रतिद्वंदी हैरिस के साथ बहस करने की अपनी पूर्व प्रतिबद्धता से पीछे हटते नजर आ रहे हैं। ट्रंप ने इस संभावित बहस के महत्व पर सवाल उठाया है और कहा है कि वह "संभवत:" बहस करेंगे, लेकिन वह "ऐसा न करने का भी तर्क दे सकते हैं"। ट्रंप के इस बयान पर हैरिस की टीम ने पलटवार करते हुए कहा कि वह 'डरे हुए हैं'। फॉक्स न्यूज चैनल पर सोमवार रात को प्रसारित साक्षात्कार में ट्रंप से हैरिस के साथ बहस करने के बारे में कई बार सवाल पूछे जाने के बाद पहले की तुलना में अधिक नरमी से जवाब दे रहे थे।



रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप तत्कालीन डेमोक्रेट उम्मीदवार जो बाइडन के साथ बहस करने के लिए तैयार थे। लेकिन बाइडन के दौड़ से बाहर होने और हैरिस को डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनाए जाने के बाद ट्रंप ने बाइडन के साथ मूल बहस की शर्तों पर सवाल उठाए हैं, जिस पर उन्होंने सहमति जताई थी।

ट्रंप ने एबीसी न्यूज़ पर 10 सितंबर को प्रस्तावित बहस को किसी दूसरे नेटवर्क पर कराने का सुझाव दिया है। उन्होंने एबीसी को "फर्जी खबर" बताया है। पिछले हफ्ते पत्रकारों के साथ फोन पर बातचीत में ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह कम से कम एक बार हैरिस के साथ बहस करेंगे। उन्होंने जवाब दिया, "हाँ, बिल्कुल। मैं ऐसा करना चाहूँगा,"। ट्रंप ने कहा कि बहस करना एक बाध्यता है। ट्रंप से सोमवार के साक्षात्कार में बार-बार प्रोस्ताता लॉरा इंग्राहम द्वारा बहस को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा, "मैं बहस करना चाहता हूं। लेकिन मैं यह भी कह सकता हूं। हर कोई जानता है कि मैं कौन हूं। और अब लोग जानते हैं कि वह कौन है।"

पूर्व राष्ट्रपति ने अंतत: कहा, इसका उत्तर हां है, मैं संभवत: बहस करूंगा। उन्होंने एक मिनट तक कहा कि राज्यों में प्रारंभिक मतदान शुरू होने से पहले किसी भी बहस को आयोजित किया जाना चाहिए और फिर उन्होंने कहा, इसका उत्तर हां है, लेकिन मैं ऐसा न करने का भी तर्क दे सकता हूं।

# ब्रिटेन में बच्चों के बीच हुई चाकूबाजी, एक मासूम की मौत, पीएम ने जताया दुख

**लंदन।**
उत्तर-पश्चिमी इंग्लैंड के साउथपोर्ट में बच्चों की डांस क्लास में हुई चाकूबाजी की घटना में नौ साल की एक बच्ची की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। इससे पहले, छह और सात साल की दो बच्चियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। पांच अन्य जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। उधर, मर्सीसाइड पुलिस के जासूसों ने मामले में 17 वर्षीय संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की। मर्सीसाइड पुलिस ने बताया कि आज तड़के चाकू से किये गए हमले में जख्मी हुई एक और बच्ची की मौत हो गई।



इस घटना पर ब्रिटने के प्रधानमंत्री स्टॉर्मर चिंता जाहिर की है। स्टॉर्मर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'साउथपोर्ट से भयावह और बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। मेरी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। मैं पुलिस और आपातकालीन सेवाओं को उनकी त्वरित कार्रवाई के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा।' पुलिस ने कहा कि चाकूबाजी का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है और हमले को आतंकवाद से संबंधित नहीं माना जा रहा है। पुलिस ने पुष्टि की कि अधिकारी किसी और संदिग्ध की तलाश नहीं कर रहे हैं। मर्सीसाइड पुलिस की प्रमुख कांस्टेबल सेरेना केनेडी ने कहा, कार्डिफ (वेल्स) में जन्मे लैंकशर के 17 वर्षीय व्यक्ति को हत्या और हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार करके थाने ले जाया गया, जहां अधिकारी उससे पूछताछ करेंगे। इस बीच, गायिका टेलर स्विफ्ट ने कहा कि वह घटना के बारे में जानकर पूरी तरह स्तब्ध हैं और इस भयावह घटना के बारे में अब जानकारी ले रही हैं। उन्होंने 'इंस्टाग्राम' पर लिखा, डांस क्लास में ये छोटे-छोटे बच्चे थे। मैं पूरी तरह असमंजस में हूं कि इनके परिवारों तक अपनी संवेदनाएं कैसे पहुंचाऊं।

## पड़ोसी देश में बद से बदतर हो रहे हालात

# तो क्या फिर होगा पाकिस्तान का बंटबारा?

**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान के बलोचिस्तान में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन देखा जा रहा है। बलोच कार्यकर्ता महरंग बलोच ने ग्वादर में प्रदर्शन पर बैठ गई हैं। पाकिस्तानी अधिकारी उन्हें हटाने की कोशिश में लगे हैं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। बलूचों का कहना है कि पाकिस्तान सरकार बंदूकों के जरिए उन्हें डराना चाहती है, लेकिन वह ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। बलूचों का आरोप है कि पाकिस्तान और चीन मिलकर बलोचिस्तान के संसाधनों पर कब्जा कर रहे हैं। वहीं कई एक्सपर्ट्स का मानना हैं कि ये प्रदर्शन उसी तरह हैं, जिसने पूर्वी पाकिस्तान को तोड़कर बांग्लादेश बना दिया था।

जानकार ने कहा कि यहा प्रदर्शन हमेशा होते रहे हैं, जो लीडरशिप को बदलते रहे हैं। आज के समय कई प्रदर्शन महिलाएं लीड कर रही हैं और ऐसा ही कुछ हमें बलोचिस्तान में देखने को मिलता है। उन्होंने कहा, बलोचिस्तान की पॉलिटिस में बहुत कुछ बदल रहा है। महिलाओं और युवाओं को आगे किया जा रहा है, जो कि सॉफ्ट बेस हैं। बलोचिस्तान की कई छात्राएं मारी गई, अरेस्ट हुईं और प्रदर्शन में हिस्सा लिया, जो कुछ नया नहीं है।



उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में कोई भी प्रदर्शनकारी सरकार की बातचीत पर भरोसा नहीं करता। उन्हें पता हैं कि पाकिस्तान सरकार की ओर से लिखित में भी शर्तें मान ली जाती हैं। लेकिन बाद में वे पलट जाते हैं। उन्होंने कहा, बलोचिस्तान के प्रदर्शन में अगर उनकी मांगें देखी जाएं तब वह कुछ भी ऐसा नहीं है, जिसे न माना जाए। वे अपने हक की बात कर रहे हैं। लेकिन पाकिस्तान में लोग खुद मान रहे हैं, जैसे बलूचों ने खुद को अलग करने की मांग कर ली है।

जानकार कहते हैं कि हमारे लोकतंत्र में बलोचिस्तान है। लेकिन उन्हें यह हक नहीं दिया गया कि वह खुद का फैसला कर सके। हर किसी को पता है कि यह कठपुतली सरकार है। जो लोग प्रदर्शन कर रहे हैं उनमें से कई लोगों के परिवार वालों ने सरकार के खिलाफ बंदूक उठा रखी है।

बांग्लादेश जैसा होगा हाल?

उन्होंने कहा, बलूचिस्तान को इतनी आजादी दी जाए कि वह खुद का फैसला ले सके तब कोई दिक्कत नहीं होगी। इसमें समस्या ये है कि सरकार को लगता है कि पाकिस्तान विरोधी लोग सदन में आएंगे और वे फैसले जो उन्हें पसंद नहीं आएंगे। यह बांग्लादेश वाली बात है। वह भी अपने हक और सरकार मान रहे थे। आपने पहले ही सोच कर रखा होता है कि आपको नहीं मानना, जिसके नुकसान बाद में देखने पड़ते हैं।

### इस्लाम के नाम पर आतंकवाद की पैरवी करने वाले अंजेम चौधरी को आजीवन कारावास

**लंदन।** इस्लाम के नाम पर बड़े बड़े उपदेश देकर युवाओं को बहकाने वाले ब्रिटिश-पाकिस्तानी उपदेशक अंजेम चौधरी को आतंकवादी संगठन चलाने का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।चौधरी को पिछले सप्ताह अल-मुहाजिरून(एएलएम) चलाने का दोषी पाया गया था। इस संगठन को एक दशक से भी अधिक समय पहले आतंकवादी संगठन मानते हुए प्रतिबंधित कर दिया गया था। जस्टिस मार्क वॉल ने ब्रिटिश-पाकिस्तानी उपदेशक के लिए आजीवन कारावास की सजा की घोषणा की है। उसे कम से कम 28 साल की सजा होगी। वॉल ने लंदन के वूलविच क्राउन कोर्ट में चौधरी से कहा कि एएलएम जैसे संगठन ऑनलाइन कार्यक्रमों के माध्यम से हिंसा की बात करते हैं। जज ने कहा, उनका अस्तित्व उन व्यक्तियों को साहस देता है जो उनके सदस्य हैं। वे उन लोगों के बीच दरार पैदा करते हैं जो शांतिपूर्ण तरीके से एक साथ रह सकते हैं। चौधरी के वकील पॉल हाइन्स ने तर्क दिया कि यह समूह एक संगठन से ज्यादा कुछ नहीं है और इससे जुड़े लगभग सभी हमले पहले ही हो चुके हैं। ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा की पुलिस ने संयुक्त जांच के बाद सबूत इकट्ठा किए कि अंजेम चौधरी न्यूयॉर्क में स्थित अनुयायियों के साथ ऑनलाइन व्याख्यानों के माध्यम से एएलएम चला रहा था। अभियोजकों ने कहा कि इस समूह ने कई नामों से काम किया है। न्यूयॉर्क स्थित इस्लामिक थिंकर्स सोसाइटी भी इसी का हिस्सा है। न्यूयॉर्क की डिप्टी पुलिस कमिश्नर रेबेका वेनर ने मामले को ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि इस्लामिक थिंकर्स सोसाइटी एएलएम की अमेरिकी शाखा थी। चौधरी को उसके एक अनुयायी खालिद हुसैन के साथ दोषी ठहराया गया है। अभियोजकों के अनुसार, वह समूह का एक समर्पित समर्थक भी था।

# उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 25 अगस्त को




**झांसी, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से झांसी के सदर बाजार में विक्रम संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 25 अगस्त रविवार को प्रत्येक विद्यालय के कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। संस्कृत संस्थान की प्रतियोगिता के लिए नियुक्त जनपद संयोजिका डॉ.स्तुति गोस्वामी ने बताया कि संस्कृत भाषा को प्रत्येक छात्र तक पहुँचाने और संस्कृत के प्रति छात्रों में रुचि जगाने के लिए संस्कृत संस्थान की ओर से प्रत्येक जनपद में संचालित समस्त प्रकार के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते हैं। छात्र छात्राएं फिर चाहे किसी भी विषय में अध्ययनरत क्यों ना हो। यह प्रतियोगिता तीन स्तरों में आयोजित की जाएगी, जिसमें क्रमशः जनपद स्तर, मण्डल स्तर और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का स्वरुप रहने वाला है। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर की प्रतियोगिता कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए है। इसमें संस्कृत गीत प्रतिभा खोज (बाल वर्ग), वाचन प्रतिभा खोज (संस्कृत बोर्ड के छात्रों को छोड़कर), संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज प्रतियोगिताएं होंगी। मंडल स्तर की प्रतियोगिता में श्लोकान्त्याक्षरी प्रतिभा खोज (6 से 12), संस्कृत गीत प्रतिभा खोज (युवा वर्ग, कला, भाषा, तकनीकि, वाणिज्य आदि से स्नातक, परास्नातक के लिए) राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में अष्टाध्यायी कंठस्थपाठ प्रतियोगिता (कक्षा 6 से 12), अमरकोश कंठस्थपाठ प्रतियोगिता (6 से 12), लघु सिद्धान्त कौमुदी कंठस्थ पाठ प्रतियोगिता (कक्षा 6 से 12), तर्क संग्रह कंठस्थ पाठ प्रतियोगिता (कक्षा 6 से 12), श्रुतलेखन प्रतियोगिता (कला, भाषा, तकनीकि, वाणिज्य से बीए, एमए के लिए), संस्कृत भाषण प्रतियोगिता (कला, भाषा, तकनीकि, वाणिज्य आदि से स्नातक, परास्तनक के लिए), संस्कृत अभिनय प्रतियोगिता (कक्षा 6 से स्नातकोत्तर तक के छात्रों का समूह) कुल 12 प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि संस्कृत प्रतिभा खोज 2024 की प्रतियोगिता में छात्रों को निम्न पुरस्कार दिये जाएंगे, जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में एक हजार रुपये तक, मंडल स्तरीय का प्रतियोगिता में तीन हजार तक तथा राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में 11 हजार रुपये तक पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके लिए आवेदन तिथि 16 जुलाई 2024 से 10 अगस्त 2024 तक है। आवेदन निःशुल्क है। सूचना, सम्पर्क तथा आवेदन का लिंक https://up-sanskritpratibhakhoj.com है। प्रतियोगिता के विषय में और अधिक जानकारी के लिए जनपद संयोजिका डॉ. स्तुति गोस्वामी से उनके दूरभाष क्रमांक 9118087807 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

# हमारी सरकार ने खोले आठ लाख कर्मचारियों के पेंशन खाते : मुख्यमंत्री योगी



**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधान परिषद में न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) को लेकर एक सवाल के जवाब में कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद करीब 8 लाख कर्मचारियों के पेंशन खाते खोले गए। वर्ष 2005 में जब न्यू पेंशन स्कीम लागू हुई तब प्रदेश में सपा सरकार थी। वहीं 2007 से 2012 तक बसपा और फिर 2012 से 2017 तक सपा सत्ता में थी, मगर ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक भी कर्मचारी के पेंशन खाते नहीं खोले गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2018 में जब ये बात हमारे सज्ञान में आई तब हमने तत्कालीन फाइनेंस सेक्रेटरी की अध्यक्षता में कमेटी गठित की। इसमें संबंधित विशेषज्ञों को भी रखा गया। कर्मचारी संगठनों से भी चर्चा की गई। ये लगभग आठ लाख कर्मचारियों से संबंधित मुद्दा था। तब ये बात सामने आई थी कि कर्मचारी की लास्ट पेमेंट जो ड्रॉ होगी उसका 50 प्रतिशत देने के लिए आवश्यक होगा कि सरकार अपना शेयर थोड़ा और बढ़ाए। आकलन में पता लगा कि अगर सरकार अैर कर्मचारी समय से पैसा जमा करें और कर्मचारी किसी स्कीम से अपना पैसा जोड़ता है तो रिटायरमेंट के बाद करीब 60 प्रतिशत तक पैसा पेंशन के रूप में उसे प्राप्त हो सकता है। इसके बाद हमने पेंशन स्कीम में सरकार के शेयर को 10 से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया है। हमने सभी कर्मचारियों के अकाउंट खोले, 2005 से 2017 तक का पैसा जो कर्मचारियों के खाते में नहीं गया था, क्योंकि खाता ही नहीं था, उस पैसे को भी डालने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में न्यू पेंशन स्कीम लागू होने के वक्त जिन कर्मचारियों की नियुक्ति अंतिम चरण में थी, ऐसे 70 हजार लोगों को ओल्ड पेंशन स्कीम में ही रखा, इनमें एक बड़ी संख्या शिक्षकों की है। न्यू पेंशन स्कीम को प्राइवेट बैंकों में जमा करने की शिकायत को गंभीरता से लिया गया है और इसमें कार्रवाई भी की गई है, साथ ही धनराशि को वापस लाने का कार्य किया गया है। सरकार की प्राथमिकता होती है कि किसी भी सरकारी स्कीम का पैसा राष्ट्रीयकृत बैंक में ही जुड़े। इससे पहले मुख्यमंत्री ने लाल बिहारी यादव को विधान परिषद में नेता विरोधी दल बनने पर बधाई दी और चुटकी लेते हुए कहा कि आशा करता हूं कि आप हमेशा नेता विरोधी दल बने रहें। उन्होंने कहा कि ये उच्च सदन है, यहां आने वाले सदस्यगण सभी समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। कुछ स्थानीय निकाय, कुछ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र, कुछ स्नातक मतदाताओं व राज्यपाल के मनोनयन से यहां आते हैं। सरकार आपकी भावनाओं का पूरा सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही पीठ से जो भी आवश्यक दिशा-निर्देश मिलते हैं, उसका भी सम्मान किया जाता है।

# बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ पोषण के लिए हॉट कुक्ड फूड परोसा जाए - राज्यपाल

**बाराबंकी, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भविष्य के भारत को स्वस्थ बनाने का सपना देखा है। इसकी शुरूआत आंगनबाड़ी से ही होती है। सभी अधिकारी पूरी तत्परता से आंगनबाड़ी केंद्रों में सुधार के लिए प्रयास करें। बुधवार को हिंद मेडिकल इंस्टिट्यूट में जिला प्रशासन और आईसीआईसीआई फाउंडेशन की ओर से आयोजित 223 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए प्री स्कूल किट वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ पोषण देने के लिए हर केंद्र पर हॉट कुक्ड फूड परोसा जाए। आज संस्थागत प्रसव बढ़कर 90 प्रतिशत तक हो गया, इसका पूरा श्रेय आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जाता है। कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए नियमित देखभाल की जाए। इससे बच्चों में सृजनता आयेगी। राज्यपाल ने आगे कहा कि आईसीआईसीआई बैंक की ओर से 500 प्री स्कूल किट उपलब्ध कराई गई थी। इस पर कई जिलों से कायाकल्प वाले आंगनबाड़ी केंद्रों के बारे में जानकारी ली गई लेकिन बाराबंकी के अलावा किसी भी जनपद में इतनी संख्या में आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प नहीं कराया गया था। इसलिए बाराबंकी को किट वितरण के लिए चुना गया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की क्षमता संवर्धन के लिए कराई गई परीक्षा अच्छा कदम है।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शेष बची सीटों पर पांच अगस्त को काउंसिलिंग

**जौनपुर, (हि.स.)।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रथम काउंसिलिंग के उपरान्त शेष बची सीटों पर पांच अगस्त को काउंसिलिंग करायी जायेगी। विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों जिनमें एमबीए एवं एमसीए को छोड़कर सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु प्रथम काउंसिलिंग बीतें दिनों सम्पन्न करायी गई थी। बुधवार को कुलसचिव महेंद्र कुमार द्वारा ने बताया कि बीए एल एल बी, बीएससी गणित, बीएससी बायो, बीएससी बायोटेक्नोलॉजी आनर्स, बीएससी पर्यावरण विज्ञान आनर्स, बीकॉम, बीटेक ईई,आरई, आईटी, ईसीई ईआई, एमई, बीसीए, डी फार्मा और बीबीए में विभिन्न केटेगरी में रिक्त सीटों पर ही काउंसलिंग होगी। काउंसिलिंग के उपरान्त यदि रिक्त बची तो तृतीय व अन्तिम काउंसिलिंग में आरक्षित वर्ग को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये रिक्त बची आरक्षित वर्ग की सीटों को अनारक्षित वर्ग में परिवर्तित कर अभ्यर्थियों का प्रवेश लिया जायेगा। तृतीय और अन्तिम काउंसिलिंग 7 अगस्त को सम्पन्न करायी जायेगी।

**मेरिट के आधार पर लिया जायेगा प्रवेश** - बीए एल एल बी, बीएससी पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर प्रवेश लिया जा रहा है। उन पाठ्यक्रमों में तृतीय, अन्तिम काउंसिलिंग दिनांक 7 अगस्त के उपरान्त भी यदि सीटें रिक्त रहती है। तो ऐसी ऑनलाईन आवेदन के लिए 8 अगस्त को रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय पोर्टल खोल दिया जायेगा।

# एनसीआरटीसी ने नमो भारत यात्रियों के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक के साथ की साझेदारी



**गाजियाबाद, (हि.स.)।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने नमो भारत के यात्रियों को बेहतर डिजिटल टिकटिंग अनुभव प्रदान करने के लिए बुधवार को एयरटेल पेमेंट्स बैंक के साथ साझेदारी की। इससे यात्री एयरटेल पेमेंट्स बैंक की ओर से जारी नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) से नमो भारत ट्रेनों मे यात्रा कर सकेंगे। साथ ही यात्री इस एनसीएमसी से देशभर में अन्य परिवहन प्रणालियों से भी यात्रा कर सकेंगे। जो निर्बाध और कुशल डिजिटल भुगतान के लिए एनसीएमसी स्वीकार करते हैं। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बुधवार को बताया कि एयरटेल पेमेंट्स बैंक द्वारा पेश किए गए एनसीएमसी डेबिट और प्रीपेड कार्ड सभी परिचालित आरआरटीएस स्टेशनों पर उपलब्ध हैं। यात्री शुल्क देकर टिकट खिड़की से ये एनसीएम कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को अपना मोबाइल नंबर साझा करना होगा, जिससे एनसीएम कार्ड लिंक हो जाएगा। जारी किए गए ये एनसीएम कार्ड नमो भारत ट्रेनों और देशभर में अन्य ओपन-लूप परिवहन प्रणालियों जैसे दिल्ली मेट्रो, डीटीसी बसों और नोएडा मेट्रो आदि पर निर्बाध यात्रा को सक्षम बनाएगा। इसके अतिरिक्त इन कार्ड से वे खुदरा खरीद, एटीएम निकासी और ई-कॉमर्स लेनदेन की सुविधा भी प्राप्त कर सकेंगे। एनसीआरटीसी और एयरटेल पेमेंट्स बैंक से उन यात्रियों को बहुत लाभ होगा जो मेट्रो, आरआरटीएस, रेलवे, बस सेवाओं जैसे परिवहन के कई साधनों का नियमित रूप से इस्तेमाल करते हैं। एक कार्ड के उपयोग से लोगों को कई टिकट या कार्ड साथ रखने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी और वे अपनी यात्रा के साथ-साथ खरीदारी और अन्य भुगतानों के लिए भी सरलता से एनसीएमसी से त्वरित भुगतान कर सकेंगे।

# झारखंड के राज्यपाल बने संतोष गंगवार, राजभवन के बिरसा मंडल में हुआ शपथ ग्रहण समारोह



**रांची, (हि.स.)।** पूर्व केंद्रीयमंत्री संतोष गंगवार ने आज सुबह 10 बजे यहां झारखंड के राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण की। राजभवन के बिरसा मंडल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। झारखंड हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने उन्हें शपथ दिलाई। गंगवार ने सीपी राधाकृष्णन की जगह ली। राधाकृष्णन को महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया गया है। समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक कल्पना सोरेन, झारखंड भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, आशा लकड़ा, झारखंड हाई कोर्ट के अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल हुए। 75 वर्षीय संतोष गंगवार बरेली (उत्तर प्रदेश) के रहनेवाले हैं। एक नवंबर 1948 को जन्मे गंगवार बरेली से आठ बार सांसद रहे हैं। वह केंद्र में श्रम व रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहित वित्त राज्यमंत्री, कपड़ा राज्यमंत्री व पेट्रोलियम राज्यमंत्री रह चुके हैं। उन्होंने संसदीय कार्य राज्यमंत्री के रूप में भी काम किया है। संतोष गंगवार बीएससी और एलएलबी की है। इमरजेंसी के दौरान जेल भी जा चुके हैं। 1996 में उत्तर प्रदेश भाजपा के महासचिव भी रहे हैं। बरेली में उनकी ख्याति विकास पुरुष के रूप में है। वो बरेली में शहरी को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरपर्सन भी रह चुके हैं। संतोष गंगवार मंगलवार को ही रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व विधायक कल्पना सोरेन सहित अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया। यहां से वे राजभवन पहुंचे। प्रधान सचिव डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने गंगवार का स्वागत किया।

# जब से जेल से बाहर आया हूं, विपक्षियों को ज्यादा कांटा चुभ रहा : हेमंत सोरेन



**रांची, (हि.स.)।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को सदन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर खुलकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब से मैं जेल से बाहर आया हूं, विपक्षियों को ज्यादा ही कांटा चुभ रहा है। विपक्षियों की बहुत सारी चिंताएं हैं। सीट पर बैठ नहीं पाते हैं। इनकी कुर्सी में कांटा है। झट से खड़े हो जाते हैं। विपक्षियों को भरपूर रूप से संतुष्ट करेंगे। इनका धरना-प्रदर्शन भी देखा, इनकी मंशा भी समझ लिया। सभी सवालों को नोट किया जा रहा है, इसका बिंदुवार जवाब दिया जायेगा। नौकरी से लेकर बाकी सारी इच्छाओं का भी इनको जवाब मिलेगा। आपलोग जरूर सुनियेगा। मुख्यमंत्री सदन में अनंद ओझा के पेयजलापूर्ति से जुड़े एक सवाल के जवाब में खड़े हुए थे। इससे पहले अनंत ओझा और पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बीच साहेबगंज जलापूर्ति योजना को लेकर बहस चल रही थी। हेमंत सोरेन ने कहा कि अनंत ओझा हमारे जिले के साथी हैं। दो दिन पहले ही मैनें जलापूर्ति योजना को देखा था। 2013-14 में मैंने ही इसकी आधारशिला रखी थी। वहां पर कई समस्याएं हैं। गंगा नदी सामान्य नदी नहीं है। गंगा नदी से पानी लेने की लंबी प्रक्रिया है। देश के एक बड़े व्यापारी अडानी का भी फोन आया था। इस प्रोजेक्ट के लिए काफी डायवर्जन करना पड़ा। कई अचड़ने आयी हैं। इस विषय पर मैं संज्ञान लेता हूं। इसको मैं खुद देखूंगा। जल्द से जल्द मिलजुल कर ये काम पूरा करेंगे।

# राज्य में जल्द होगा जल संसाधन आयोग का गठन : चम्पाई सोरेन



**रांची, (हि.स.)।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को सदन में जल संसाधन मंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि झारखंड में जल्दी ही जल संसाधन आयोग का गठन किया जायेगा। आयोग का गठन हो जाने के बाद राज्य में वृहद जलाशय का रोड मैप सरकार की ओर से तैयार किया जायेगा। वृहद जलाशय से केनाल या पाइप लाइन के जरिए खेतों तक पानी पहुंचाने का काम सरकार करेगी। योजना के बारे में जानकारी देते हुए चम्पाई सोरेन ने कहा कि हर खेत तक पानी पहुंचाने का काम पाइप लाइन से ही संभव है। साथ ही मंत्री ने बताया कि राज्य में सुखाड़ को लेकर कृषि विभाग हर सप्ताह स्थिति का आकलन कर रहा है। चम्पाई ने कहा कि सुखाड़ से निबटने के लिए स्थायी समाधान की कार्य योजना भी तैयार की जाएगी। अगस्त के अंतिम में विभाग केंद्र सरकार को सुखाड़ की रिपोर्ट भेजेगा। वहीं, कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सदन में जानकारी दी है कि वर्ष 2024-25 में विभाग ने मोटा अनाज के लिए 50 करोड़ रुपये का निर्धारण किया है। दरअसल, प्रदीप यादव ने सदन में ध्यानाकर्ष प्रश्न के जरिए सुखाड़ पर सरकार की तैयारी पर सवाल पूछा था। प्रदीप यादव ने कहा कि राज्य में मात्र 10 प्रतिशत धान की रोपाई हुई है। उन्होंने राज्य में सिंचित भूमि का प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जोर दिया। कहा कि सिंचित भूमि का प्रतिशत बढ़ाने से ही राज्य के किसानों को आर्थिक अभाव के कुचक्र से बाहर निकाला जा सकता है।

# पर्यावरण की सुरक्षा हर नागरिक का कर्तव्य : रोहित शारदा



**रांची, (हि. स.)।** भारत तिब्बत सहयोग मंच झारखंड प्रांत की ओर से रातू रोड स्थित बिड़ला मैदान में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर झारखंड प्रांत के अध्यक्ष रोहित शारदा ने उपस्थित समूह को कैलाश मानसरोवर की मुक्ति के लिए संकल्प पाठ कराया। संकल्प दिलाते हुए शारदा ने कहा कि चीन की विस्तारवादी नीति के खिलाफ पूरे हिंदुस्तान के नागरिकों को सतर्क रहना चाहिए, जिससे कि चीन की गलत मंसूबों में वह कामयाब ना हो सके। तिब्बत हमारा पड़ोसी है उसकी आजादी के लिए भी हमें प्रयास करना चाहिए, जिससे की चीन हमारे सीमा के करीब ना आ सके और हम अपने देवों के देव महादेव के निवास स्थान कैलाश मानसरोवर कोचिंग के अधिपत से मुक्त कर सके। साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा देश के हर नागरिक का कर्तव्य है और सभी को एक पौधा इस सावन माह में अवश्य लगाना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक महेश सोनी ने सभी को एक-एक पौधा देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्र के पार्षद दिलीप गुप्ता, भारत तिब्बत सहयोग मंच की महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष नम्रता सोनी, कुमुद पांडे, प्रिया सिन्हा , जितेंद्र बरनवाल सहित अन्य लोग शामिल थे।

# खनन माफिया ने गश्ती दल पर किया धक्का-मुक्की, 4 लोगों पर मामला दर्ज, 3 अभियुक्त गिरफ्तार



**किशनगंज, (हि.स.)।** जिले में अवैध खनन एवं भंडारण और परिवहन करने वालों पर खनन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। किशनगंज प्रखंड के गाछपारा में अवैध खनन करने वालों पर खनन विभाग के द्वारा कार्रवाई करते हुए गाछपारा के कमारमुनी बांध के समीप अवैध खनन कर भाग रहे बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर चार लोगों के खिलाफ सदर थाना में मामला दर्ज किया गया है। ट्रैक्टर को थाना लाने के दौरान पीपला चौक के समीप ट्रैक्टर मालिक व पल्सर बाइक जिसका निबंधन सं. डब्लू बी 62 जी 3385 है पर सवार तीन व्यक्तियों द्वारा भीड़ जमा कर गश्ती दल का विरोध किया गया व धक्का मुक्की कर ट्रैक्टर को भगा ले जाने की कोशिश की गयी। हालांकि पुलिस गश्ती दल की सूझ बूझ से तीनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीणों एवं स्थानीय लोगों से पूछ-ताछ में पता चला कि शाकिर हक, हाकिम हक, गणेश मुर्मू व मन्नारुल हक गाछपाड़ा द्वारा बालू का खनन कर बाजार में ऊंचे दामों पर बेचा जाता है।

उक्त ट्रैक्टर को थाना ले जाने के क्रम में पीपला चौंक के समीप ट्रैक्टर मालिक एवं पल्सर बाइक पर सवार तीन व्यक्तियों द्वारा भीड़ जमा कर गश्ती दल का विरोध किया जाने लगा। धक्का-मुक्की कर ट्रैक्टर को भगा ले जाने की कोशिश की गई। वर्तमान समय में सभी प्रकार का खनन प्रतिबंधित है। खनन विभाग के पदाधिकारियों ने सदर थाना में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराई।

# बिहार के सुपौल में नर्सरी में पढ़ने वाले बच्चे ने तीसरी कक्षा के छात्र को मारी गोली

**पटना, (हि.स.)।** बिहार में सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज-लालपट्टी स्थित सेंट जॉन बोर्डिंग स्कूल में बुधवार को नर्सरी क्लास में पढ़ रहे सात साल के बच्चे ने तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे को गोली मार दी। प्रार्थना से पहले नर्सरी के छात्र ने तीसरी क्लास में पढ़ने वाले 12 वर्षीय छात्र मो. आसिफ के बाएं हाथ में गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में जख्मी छात्र को अनुमंडलीय अस्पताल त्रिवेणीगंज में भर्ती कराया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना से आक्रोशित परिजनों ने लालपट्टी गांव स्थित एनएच 327 को करीब आधे घंटे तक जामकर विरोध-प्रदर्शन किया।

साथ ही उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपित को गिरफ्तार करने की मांग की। जाम हटाने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस विभाग के बड़े अधिकारियों ने किसी तरह से समझाकर जाम को खत्म कराया। अब सेंट जॉन बोर्डिंग स्कूल में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया। हालांकि, प्रशासन की सूझबूझ से सैकड़ों बच्चों को स्कूल से बाहर निकाला गया। इधर, घटना के बाद गोली चलाने वाला छात्र और स्कूल प्रशासन के लोग फरार हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि विद्यालय के डायरेक्टर को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। गोली चलाने वाले बच्चे की उम्र छह से सात वर्ष है।

# मुख्यमंत्री प्रखण्ड परिवहन योजना के लिए आवेदन 01 अगस्त से 25 अगस्त तक



**कटिहार, (हि.स)।** परिवहन विभाग के द्वारा जिले के सुदूर इलाकों को प्रखण्ड मुख्यालय से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना चलाई गई थी। इस योजना के तहत अब आवागमन की व्यवस्था को और सदृढ़ करने तथा सभी प्रखण्डों में बस सेवा के माध्यम से जिला मुख्यालय को जोड़ने के लिए (मुख्यमंत्री प्रखण्ड परिवहन योजना) संचालित की गई हैं। जिले में पहले चरण में लक्ष्य प्राप्त नहीं होने के कारण अब दूसरे चरण की शुरूआत की गई है। जिसके लिए इच्छुक लाभार्थी 01 अगस्त से 25 अगस्त तक इस योजना के लिए आवेदन दे सकते हैं। इस संदर्भ में जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) बालमुकुन्द प्रसाद ने बताया कि आवेदन की तिथि के समाप्ति के पश्चात 27 अगस्त को सभी आवेदकों का प्रखंडवार एवं कोटिवार वरीयता सूची तैयार किया जाएगा तथा 29 अगस्त को जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा लाभुकों का चयन किया जाएगा। इसके पश्चात ही जिला में मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना में चयनित लाभुकों को 06 सितंबर से 10 सितम्बर तक जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा चयन पत्र का वितरण किया जायेगा। डीटीओ ने बताया कि 11 सितम्बर से बस क्रय करने वाले चयनित लाभूक जिला परिवहन कार्यालय में अनुदान के भुगतान हेतु आवेदन जमा करेंगे। अवेदन प्राप्ति के सात दिनों के भीतर अनुदान की राशि सीएफएमएस के माध्यम से लाभुक के खाते पर भुगतान किया जाएगा।

# दोस्त ने ही किया गला रेतकर हत्या का प्रयास, घायल अवस्था में युवक अस्पताल में दाखिल



**नवादा, (हि. स.)।** नवादा जिला के हिसुआ थाना क्षेत्र स्थित बढ़ही बिघा गांव में बुधवार को प्रदीप मिस्त्री के 25 साल के पुत्र अजय कुमार को अपने अजीज दोस्त ने फोन पर घर में बुलाकर धारदार हथियार से हत्या की नियत से गला पर जोरदार प्रहार किया है, जिससे वे गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में पुलिस ने युवक को हिसुआ से इलाज करवाकर नवादा सदर अस्पताल में भेज दिया है। पीड़ित अजय कुमार के परिजन ने बताया कि सुरेश मालाकार के पुत्र जितेंद्र मालाकर ने मेरे बेटे को फोन पर घर से बुलाकर एक अन्य दोस्त के साथ मिलकर हत्या की नियत से प्राण घातक हमला किया है। अजय मिस्त्री ने पुलिस को लिखित आवेदन दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।



# ग्लोबल मार्केट : एशियाई बाजारों में तेजी का रुख

**नई दिल्ली।**
ग्लोबल मार्केट से बुधवार को मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार करके बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। इसी तरह यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ ही बंद हुए। एशियाई बाजारों में आमतौर पर मजबूती नजर आ रही है।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों को लेकर अपनी घोषणा करने के पहले अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान संभल कर कारोबार करता नजर आया, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स 203.40 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की मजबूती के साथ 40,743.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,436.44 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 222.78 अंक यानी 1.28 प्रतिशत टूट कर 17,147.42 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.21 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 40,656.71 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार करने के बाद बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.22 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,274.41 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,474.94 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,411.18 अंक के स्तर पर बंद हुआ। अमेरिकी और यूरोपीय बाजार के विपरीत एशियाई बाजारों में मजबूती का माहौल बना हुआ है। एशिया के सभी 9 बाजारों के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.05 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,943.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 0.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 38,545.12 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स ने जोरदार छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 323.67 अंक यानी 1.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,326.58 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,449.37 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में भी बुधवार को जोरदार मजबूती आई है। फिलहाल ये सूचकांक 1.76 प्रतिशत उछल कर 2,930.80 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,317.80 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स से 0.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,250.94 अंक के स्तर पर, कोस्पी इंडेक्स 0.64 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,755.66 अंक के स्तर पर और ताईवान वेटेड इंडेक्स 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,256.46 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय रुपया एक पैसे की तेजी के साथ 83.72 रुपये प्रति डॉलर पर



**मुंबई/नई दिल्ली।** भारतीय मुद्रा रुपये में कारोबार के दौरान तेजी देखने को मिली है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसे की तेजी के साथ 83.72 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में घरेलू मुद्रा रुपया पिछले दिन के अपने बंद भाव से एक पैसे अधिक पर खुला। हालांकि, दिन में कारोबार के दौरान यह 83.75 रुपये प्रति डॉलर तक फिसला, लेकिन कारोबार के अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक पैसे की उछाल के साथ यह 83.72 (अनंतिम) पर बंद होने में कामयाब रहा। उधर, विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने बताया कि विदेशी कोषों की भारी निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में रातों-रात आए उछाल ने रुपये पर दबाव बढ़ा दिया था। लेकिन, घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख से मिले समर्थन को आयातकों की डॉलर मांग ने इसको बेअसर कर दिया। गौरतलब है कि मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 83.73 पर स्थिर बंद हुआ था।

### मारुति सुजुकी का मुनाफा जून तिमाही में उछलकर 3,650 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अप्रैल-जून में एमएसआई का मुनाफा 47 फीसदी उछलकर 3,650 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 2,485 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। एमएसआई ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया कि लागत में कटौती के प्रयासों, अनुकूल जिंस कीमतों तथा विदेशी मुद्रा विनिमय लाभ की वजह से उसके मुनाफे में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। अप्रैल-जून तिमाही के दौरान एमएसआई का मुनाफा 47 फीसदी उछलकर 3,650 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 2,485 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। अप्रैल-जून तिमाही के दौरान उसकी शुद्ध बिक्री बढ़कर 33,875 करोड़ रुपये हो गई, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 30,845 करोड़ रुपये रही थी। एमएसआई के मुताबिक पहली तिमाही में कंपनी ने 5,21,868 वाहन बेचे, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 5 फीसदी अधिक है। इसी तरह पहली तिमाही में कंपनी की घरेलू बाजार में बिक्री चार फीसदी बढ़कर 4,51,308 इकाई रही। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का निर्यात 12 फीसदी बढ़कर 70,560 इकाई रहा है।

### अब मुंबई में भी 60 रुपये प्रति किलो के भाव से टमाटर बेच रही सरकार



**मुंबई/नई दिल्ली।** सरकार ने दिल्ली-एनसीआर के बाद अब मुंबई में भी 60 रुपये प्रति किलोग्राम के दाम पर टमाटर बेचना शुरू किया है। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) ने बुधवार से ही रियायती दरों पर टमाटर बेचना शुरू कर दिया है। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि मुंबई में चार जगहों पर उपभोक्ताओं को 60 रुपये प्रति किलोग्राम के दर पर टमाटर उपलब्ध कराया जा रहा है। इन जगहों में एनसीसीएफ ऑफिस, सिऑन सर्कल, वर्ली नाका, और अशोकवन बोरीवली ईस्ट शामिल है। एनसीसीएफ ने कहा कि फिलहाल प्रत्येक व्यक्ति को एक किलोग्राम टमाटर ही उपलब्ध कराया जाएगा। संघ ने कहा कि उपभोक्ताओं को सस्ती दर टमाटर मुहैया कराने का उद्देश्य बढ़ती कीमतों से राहत प्रदान करना है। ये बिक्री तब तक जारी रहेगी, जब तक बाजार में टमाटर की कीमतें कम नहीं हो जाती। इससे पहले एनसीसएफ ने दिल्ली-एनसीआर में रियायती दरों पर उपभोक्ताओं को 16 जगहों में मोबाइल वैन के जरिए टमाटर की बिक्री शुरू की थी। गौरतलब है कि देश में अधिकांश शहरों में बारिश के कारण टमाटर के फसलों को भारी नुकसान होने की वजह से इसकी खुदरा कीमतें 70 से 80 रुपये प्रति किलोग्राम तक है।

## लगातार चौथे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

# मार्केट में निवेशकों को 1.81 लाख करोड़ का हुआ मुनाफा

**सेंसेक्स पहली बार 81,700 अंक के ऊपर और निफ्टी 24,950 अंक के ऊपर बंद**

**नई दिल्ली।**
घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी दिन बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। सेंसेक्स पहली बार 81,700 अंक के ऊपर और निफ्टी 24,950 अंक के ऊपर बंद हुए। सुबह बाजार मामूली तेजी के साथ खुला था। पूरे दिन के कारोबार के दौरान लिवालों और बिकवालों के बीच की खींचतान जारी रहने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.35 प्रतिशत और निफ्टी 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

बुधवार को कारोबार के दौरान हेल्थ केयर, पावर, फार्मास्यूटिकल और मेटल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसके साथ ही यूटिलिटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस, टेक और ऑटोमोबाइल इंडेक्स में भी बढ़त बनी रही। दूसरी ओर रियल्टी और पीएसयू बैंक सेक्टर में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.86 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर स्मॉल कैप इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।



बुधवार को बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 462.72 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 460.91 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 1.81 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

बुधवार को दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,036 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,132 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,820 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 84 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2.365 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,215 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,150 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 200.50 अंक की मजबूती के साथ 81,655.90 के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में ही बिकवाली का दबाव बढ़ जाने पर ये सूचकांक सारी बढ़त गंवा कर 21.08 अंक की कमजोरी के साथ 81,434.32 अंक तक लुढ़क गया लेकिन इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने के कारण इस सूचकांक ने थोड़ी देर में ही हरे निशान में अपनी जगह बना ली। बाजार में पूरे दिन लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश चलती रही, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी उतार चढ़ाव होता रहा। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 372.64 अंक की तेजी के साथ 81,828.04 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 285.94 अंक की तेजी के साथ ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 81,741.34 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने भी 29.40 अंक की बढ़त के साथ 24,886.70 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में बिकवाली का दबाव बनने के कारण ये सूचकांक कुछ देर के लिए लाल निशान में भी गिर गया लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण इसने वापस हरे निशान में अपनी जगह बना ली। बाजार में लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले 127.30 अंक की तेजी के साथ 24,984.60 अंक तक पहुंच गया। हालांकि आखिरी वक्त में हुई मामूली बिकवाली के कारण निफ्टी ने ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे गिर कर 93.85 अंक की मजबूती के साथ ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 24,951.15 अंक के स्तर पर कारोबार का अंत किया। दिनभर के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से जेएसडब्ल्यू स्टील 2.90 प्रतिशत, एशियन पेंट्स 2.64 प्रतिशत, एचडीएफसी लाइफ 2.62 प्रतिशत, एनटीपीसी 2.22 प्रतिशत और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 1.89 प्रतिशत की मजबूती के साथ टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, ब्रिटानिया 0.99 प्रतिशत, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज 0.79 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज 0.51 प्रतिशत, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 0.51 प्रतिशत और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ बुधवार को के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# एनसीआरटीसी ने नमो भारत यात्रियों के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक के साथ की साझेदारी



**गाजियाबाद।**
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने नमो भारत के यात्रियों को बेहतर डिजिटल टिकटिंग अनुभव प्रदान करने के लिए बुधवार को एयरटेल पेमेंट्स बैंक के साथ साझेदारी की। इससे यात्री एयरटेल पेमेंट्स बैंक की ओर से जारी नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) से नमो भारत ट्रेनों मे यात्रा कर सकेंगे। साथ ही यात्री इस एनसीएमसी से देशभर में अन्य परिवहन प्रणालियों से भी यात्रा कर सकेंगे। जो निर्बाध और कुशल डिजिटल भुगतान के लिए एनसीएमसी स्वीकार करते हैं।

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बुधवार को बताया कि एयरटेल पेमेंट्स बैंक द्वारा पेश किए गए एनसीएमसी डेबिट और प्रीपेड कार्ड सभी परिचालित आरआरटीएस स्टेशनों पर उपलब्ध हैं। यात्री शुल्क देकर टिकट खिड़की से ये एनसीएम कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को अपना मोबाइल नंबर साझा करना होगा, जिससे एनसीएम कार्ड लिंक हो जाएगा।

जारी किए गए ये एनसीएम कार्ड नमो भारत ट्रेनों और देशभर में अन्य ओपन-लूप परिवहन प्रणालियों जैसे दिल्ली मेट्रो, डीटीसी बसों और नोएडा मेट्रो आदि पर निर्बाध यात्रा को सक्षम बनाएगा। इसके अतिरिक्त इन कार्ड से वे खुदरा खरीद, एटीएम निकासी और ई-कॉमर्स लेनदेन की सुविधा भी प्राप्त कर सकेंगे।

एनसीआरटीसी और एयरटेल पेमेंट्स बैंक से उन यात्रियों को बहुत लाभ होगा जो मेट्रो, आरआरटीएस, रेलवे, बस सेवाओं जैसे परिवहन के कई साधनों का नियमित रूप से इस्तेमाल करते हैं। एक कार्ड के उपयोग से लोगों को कई टिकट या कार्ड साथ रखने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी और वे अपनी यात्रा के साथ-साथ खरीदारी और अन्य भुगतानों के लिए भी सरलता से एनसीएमसी से त्वरित भुगतान कर सकेंगे।

# आईपीईएफ ने भारत को आपूर्ति श्रृंखला परिषद का उपाध्यक्ष चुना

**नई दिल्ली।**
भारत को आपूर्ति श्रृंखला परिषद का उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। ये परिषद इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) के 14 सदस्यीय आईपीईएफ ब्लॉक द्वारा गठित तीन निकायों में से एक है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में सहयोग, स्थिरता तथा समृद्धि में योगदान देना है। आईपीईएफ में सहयोग के चार स्तंभ व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत को आपूर्ति श्रृंखला परिषद का उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत और आईपीईएफ के 13 अन्य साझेदारों ने आपूर्ति श्रृंखला को जुझारू बनाने के आईपीईएफ के समझौते के तहत तीन निकायों की स्थापना की है। ये समझौता इस साल फरवरी में लागू हुआ।

मंत्रालय के मुताबिक आपूर्ति श्रृंखला परिषद (एससीसी), संकट प्रतिक्रिया नेटवर्क (सीआरएन) और श्रम अधिकार सलाहकार बोर्ड (एलआरएबी) की उद्घाटन आभासी बैठकों ने क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन को मजबूत करने के लिए भागीदार देशों के बीच सहयोग के लिए एक बड़ा कदम आगे बढ़ाया है। अपनी तरह के पहले आईपीईएफ आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन समझौते पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अन्य आईपीईएफ भागीदार देशों के मंत्रियों के साथ नवंबर 2023 में वाशिंगटन डीसी में हस्ताक्षर किए थे।

वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक ऑनलाइन बैठकों में तीनों आपूर्ति श्रृंखला निकायों में से प्रत्येक ने एक प्रमुख और एक उप-प्रमुख का चुनाव किया है, जो दो वर्ष की अवधि के लिए कार्य करेंगे। परिषद तथा बोर्ड का प्रमुख अमेरिका है, जबकि तंत्र के लिए प्रमुख तथा उप प्रमुख कोरिया और जापान होंगे। फिजी श्रम बोर्ड का उप प्रमुख होगा।

# जून माह में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 4 फीसदी पर पहुंची

**नई दिल्ली।**
अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर झटका देने वाली खबर है। देश के प्रमुख बुनियादी उद्योगों की रफ्तार धीमी पड़ गई है। जून में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की उत्पादन की वृद्धि दर नरम पड़कर 4 फीसदी रह गई है। इससे पिछले महीने मई में इन प्रमुख उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 6.3 फीसदी थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि कच्चे तेल और रिफाइनरी उत्पादों का प्रोडक्शन घटने से जून में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की उत्पादन दर नरम पड़कर 4 फीसदी रही है। मंत्रालय के मुताबिक जून महीने में इन प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर सालाना और मासिक दोनों आधार पर घटी है। मई, 2024 में प्रमुख क्षेत्रों का उत्पादन 6.3 फीसदी बढ़ा था, जबकि जून,



2023 में इसकी वृद्धि दर 8.4 फीसदी रही थी।

आंकड़ों के मुताबिक जून में कच्चे तेल और रिफाइनरी उत्पादों के प्रोडक्शन में क्रमश: 2.6 फीसदी और 1.5 फीसदी की गिरावट आई है। इस दौरान प्राकृतिक गैस, उर्वरक, इस्पात और सीमेंट के उत्पादन की वृद्धि दर क्रमश: 3.3 फीसदी, 2.4 फीसदी, 2.7 फीसदी और 1.9 फीसदी तक सीमित रह गई। हालांकि, जून महीने में कोयला और बिजली के उत्पादन में क्रमश: 14.8 फीसदी और 7.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई।

मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में इन आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 5.7 फीसदी बढ़ा है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह छह फीसदी की दर से बढ़ा था। इन प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि का पिछला सबसे निचला स्तर अक्टूबर, 2022 में 0.7 फीसदी दर्ज किया गया था।

उल्लेखनीय है कि देश के इन आठ प्रमुख उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 फीसदी का योगदान है। आईआईपी देश की समग्र औद्योगिक वृद्धि को मापने का एक सूचकांक है।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन और एथेरियम में गिरावट

**नई दिल्ली।**
क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बुधवार को मिला-जुला कारोबार होता दिखा। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से 5 गिरावट के साथ रेडजोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि सिर्फ 4 बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं। एक क्रिप्टो करेंसी के बाजार भाव में पिछले 24 घंटे के दौरान कोई बदलाव नहीं आया है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन एक बार फिर 56 लाख रुपये के स्तर से भी नीचे आ गई है। इसी तरह दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम भी पिछले 24 घंटे के दौरान 3 लाख रुपये के स्तर से नीचे गिर गई है।



### एथेरियम 0.63 प्रतिशत गिरा

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से बुधवार शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 0.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 55.34 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी 0.63 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 2.77 लाख रुपये के स्तर पर आ गई थी।

### बिटकॉइन, एथेरियम, डॉगकॉइन टेथर और कार्डानो भी लुढ़के

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.04 प्रतिशत, डॉगकॉइन 3.99 प्रतिशत और कार्डानो 0.65 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, बीएनबी 2.07 प्रतिशत, सोलाना 0.80 प्रतिशत, एक्सआरपी 4.46 प्रतिशत और टॉनकॉइन 2.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। यूएसडी कॉइन के भाव में पिछले 24 घंटे के दौरान कोई बदलाव नहीं हुआ था।

कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 0.72 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 199.01 लाख करोड़ रुपये रह गया है।

### 5.34 लाख करोड़ का क्रिप्टो करेंसी लेनदेन हुआ

ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी गिरावट आई है। इस अवधि में कुल 5.34 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 18.61 प्रतिशत कम है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें तो कीमत में गिरावट आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति भी 0.06 प्रतिशत कमजोर हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी घट कर 54.78 प्रतिशत रह गई है।

### अडाणी ग्रुप की एनर्जी सॉल्यूशंस ने जुटाए 8300 करोड़




**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रुप ने बाजार से करीब एक अरब डॉलर यानी करीब 8373 करोड़ रुपए जुटाए हैं। यह रुपया अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने क्वालिफाइड इंस्टीटूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के जरिए शेयर बेचकर जुटाए हैं। अडाणी ग्रुप ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद पहली बार सार्वजनिक इक्विटी के जरिये बाजार से फंडिंग की है। इस रिपोर्ट ने अडाणी ग्रुप की कंपनियों की नेटवर्थ को जबरदस्त नुकसान हुआ था। अडाणी एनर्जी का क्यूआईपी मंगलवार को खोला गया था। यह इश्यू तीन गुना सब्सक्राइब हुआ यानी करीब 26 हजार करोड़ रुपए की मांग आई। यह भारत के एनर्जी सेक्टर का सबसे बड़ा ट्रांजेक्शन बन गया है। इस इश्यू का प्राइस 976 रुपए प्रति शेयर रखा था। हालांकि, यह 1,135 रुपए प्रति शेयर पर बंद हुआ। क्यूआईपी का रास्ता वह लिस्टेड कंपनियां अपनाती हैं, जो बड़े संस्थानों से रुपया जुटाना चाहती हैं। अडाणी एनर्जी के क्यूआईपी के सफल होने के साथ अब अडाणी इंटरप्राइजेज भी करीब 600 करोड़ रुपए बाजार से जुटाने के लिए जुट गई है। यह सफल क्यूआईपी दिखा रहा है कि अडाणी ग्रुप में निवेशकों का भरोसा मजबूत हो रहा है। अडाणी विल्मर इस पैसे का इस्तेमाल खाद्य तेल और सोलर पावर क्षमता बढ़ाने में करेगी। क्यूआईपी अत्यधिक कागजी कार्यवाही के बगैर की गई शेयर बिक्री है। इसमें भी किसी आईपीओ की तरह ही शेयर जारी किए जाते हैं लेकिन इसे हर कोई नहीं खरीद सकता। क्यूआईपी को केवल क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) ही खरीद सकते हैं। ये वे निवेशक होते हैं जिन्हें भारत में सेबी से मान्यता मिली हुई है। ये बाजार के विशेषज्ञ निवेशक होते हैं और बाजार में इनका अहम योगदान होता है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि कंपनी को इसके लिए आईपीओ या एफपीओ की तरह सेबी के पास पेपर फाइल नहीं करने होते हैं।

# आखिर अभिषेक-ऐश्वर्या क्यों होते हैं बार-बार ट्रोल्स के निशाने पर?

**मुंबई (ईएमएस)।** आखिर ट्रोल्स अभिषेक और ऐश्वर्या के पीछे क्यों पड़े हैं? क्यों बार-बार दोनों के बीच ग्रे डिवोर्स का मुद्दा उठा रहे हैं? दरअसल, हाल ही में पूरा बच्चन परिवार एक शादी समारोह में शामिल हुआ, जहां अमिताभ बच्चन, जया बच्चन, श्वेता बच्चन और अभिषेक बच्चन मीडिया के सामने एक साथ पोज देते नजर आए। वहीं ऐश्वर्या राय बच्चन अपनी बेटी आराध्या के साथ परिवार से अलग नजर आईं।



इसके बाद ट्रोल्स ने कयास लगाना शुरू कर दिया कि अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या के बीच कुछ ठीक नहीं है। पहले दोनों के बीच अनबन की चर्चा शुरू हुई, फिर यह चर्चा दोनों के ग्रे डिवोर्स पर आ गई। पिछले 10-12 दिनों से अभिषेक और ऐश्वर्या लगातार सोशल मीडिया पर ट्रोल्स के निशाने पर हैं, लेकिन दोनों में से किसी ने भी अब तक किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। ग्रे डिवोर्स पर ट्रोल्स इतना जोर क्यों दे रहे हैं? दरअसल, कुछ दिनों पहले ही अभिषेक बच्चन ने डिवोर्स पर की गई एक पोस्ट को लाइक की थी, जो ग्रे डिवोर्स से जुड़ा था।

इसके बाद से ही ट्रोल्स अभिषेक और ऐश्वर्या के बीच ग्रे डिवोर्स को लेकर चर्चा कर रहे हैं। बता दें, जब लोग शादी के काफी साल बाद तलाक लेते हैं तो उसे ग्रे डिवोर्स का नाम दिया जाता है, जिसमें जब कोई कपल लंबे समय तक साथ रहने के बाद एक-दूसरे से अलग होने का फैसला करता है तो उसे इस कैटेगरी में शामिल किया जाता है। अभिषेक बच्चन और उनकी पत्नी ऐश्वर्या राय बच्चन इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल हो रहे हैं। ट्रोल्स लगातार दोनों को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट लिख रहे हैं और उनके बीच अनबन की बात कर रहे हैं। ट्रोल्स अभिषेक और ऐश्वर्या के बीच तलाक की बात भी कर रहे हैं। उनका बस चले तो वे बिना किसी सबूत के दोनों का तलाक भी करवा दें।

# शोस्टॉपर के तौर पर रैंप पर शानदार वापसी की सोनाक्षी ने

## -शादी के बाद सोनाक्षी का है यह पहला रैंप वॉक

**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही में बालीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अपने हनीमून के लिए फिलीपींस गये थे। उन्होंने दिल्ली में इंडिया कॉउचर वीक में डिजाइनर डॉली जेके कलेक्शन के लिए शोस्टॉपर के तौर पर रैंप पर शानदार वापसी की। अभिनेता जहीर इकबाल से शादी के बाद सोनाक्षी का यह पहला रैंप वॉक है। सोनाक्षी के कई वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं और फैशन की दुनिया में उनकी वापसी पर प्रशंसक प्यार बरसा रहे हैं। वॉक के दौरान सोनाक्षी सीक्विन थाई-हाई स्लिट गाउन में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने अपनी मिलियन-डॉलर स्माइल बिखेरी, अपने लहराते घुंघराले बालों को खुला छोड़ा। रैंप पर सोनाक्षी पहले से कहीं ज्यादा कॉन्फिडेंट दिखीं। उन्होंने अपने चमकीले गुलाबी गाउन को केप और हील्स के साथ स्टाइल किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस इवेंट के दौरान सोनाक्षी ने जहीर के साथ अपनी शादी के बारे में भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मुझे सच में लगता है कि सिंपल दुल्हनें फिर से वापस आने वाली हैं। ईमानदारी से कहूं तो मुझे अपनी शादी का पूरा आनंद लेने की आजादी मिली क्योंकि मैं बहुत सहज थी। और मैं सांस लेने और घूमने में सक्षम थी। मैंने खुद पर कोई तनाव नहीं लिया। इसलिए मुझे लगता है कि सिंपल लेकिन खूबसूरत दुल्हन, यह निश्चित रूप से आने वाला ट्रेंड होगा। शादी समारोह




के बाद इस जोड़े ने मुंबई में एक शानदार रिसेप्शन का आयोजन किया, जिसमें सलमान खान समेत इंडस्ट्री के तमाम सितारे शामिल हुए। शादी के बाद से ही जहीर और सोनाक्षी अपनी नई-नवेली जिंदगी का भरपूर लुत्फ उठा रहे हैं। इस दौरान दोनों कई जगहों पर घूमे और कई बार डिनर डेट का भी लुत्फ उठाया। सोनाक्षी सिन्हा के वर्क फ्रंट की बात करें तो सोनाक्षी जल्द ही खिलाड़ी 1080 में नजर आएंगी। यह कबीर सदानंद द्वारा निर्देशित एक एक्शन फिल्म होगी। इस फिल्म में सोनाक्षी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इसके अलावा वह मल्टीस्टारर फिल्म हाउसफुल 5 में नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सोनाक्षी इस फिल्म में कैमियो रोल में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन तरुण मनसुखानी करने वाले हैं। सोनाक्षी हाल ही में हॉरर फिल्म ककुड़ा में नजर आई थीं। इस फिल्म में सोनाक्षी के अलावा रितेश देशमुख और साकिब सलीम नजर आए थे। यह फिल्म 12 जुलाई को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी। बता दें कि सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने 23 जून को मुंबई में अपने घर पर अपने करीबी रिश्तेदारों और दोस्तों की मौजूदगी में शादी कर ली। शादी के बाद सोनाक्षी अपने पति के साथ सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं।

# रिलीज के साथ ही तहलका मचा दिया हॉलीवुड फिल्म डेडपूल एंड वूल्वरिन ने

**मुंबई (ईएमएस)।** रिलीज होते ही हॉलीवुड फिल्म डेडपूल और वूल्वरिन ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। ह्यूग जैकमैन और रयान रेनॉल्ड्स की यह फिल्म घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर आर-रेटेड कैटेगरी की सबसे बड़ी ओपनर बन गई है। दुनियाभर के दर्शक इस फिल्म को खूब पसंद कर रहे हैं। रयान रेनॉल्ड्स ने फिल्म के बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने फिल्म के उनके करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग और कई अन्य रिकॉर्ड तोड़ने के लिए दर्शकों का शुक्रिया अदा किया। रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल और वूल्वरिन को मिल रहे रिस्पॉन्स से बेहद खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म देखने के लिए दर्शकों का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, यह समझना थोड़ा मुश्किल है। लेकिन इस वीकेंड फिल्म देखने आए सभी लोगों का शुक्रिया। डेडपूल और वूल्वरिन रयान के करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग वाली फिल्म बन



गई है ह्यू जैकमैन ने भी फिल्म को मिल रही जबरदस्त प्रतिक्रिया का जश्न मनाया। उन्होंने अपनी वूल्वरिन की एक फैन आर्ट शेयर की। इसमें वे एक फ्रेम की हुई तस्वीर को बड़ी उत्सुकता से देख रहे हैं। इस पर लिखा है, दुनिया की नंबर 1 मूवी। जैकमैन ने तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, वूल्वरिन और डेडपूल दुनिया की नंबर 1 मूवी है। आप सभी का शुक्रिया। रयान रेनॉल्ड्स ने भी निर्देशक शॉन लेवी की एक पोस्ट शेयर की और लिखा, मैं नहीं बता सकता कि शॉन लेवी के साथ काम करना मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से या पेशेवर रूप से सबसे अच्छी बात है। इसलिए मैं इसे ड्रॉ कहूंगा। डेडपूल और वूल्वरिन के निर्देशक शॉन लेवी ने लिखा, आठ साल पहले रयान रेनॉल्ड्स ने डेडपूल के साथ खेल को बदल दिया। उन्होंने आर-रेटेड ओपनिंग का रिकॉर्ड बनाया और सुपरहीरो जॉनर को भी नया रूप दिया। आज उन्होंने अपना ही बॉक्स-ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ दिया है और उन्होंने फिर से डेक बदल दिया है। 26 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म ने भारत में 66.85 करोड़ और विदेशों में 2000 करोड़ की कमाई की है।

# नेटफ्लिक्स ने राज और डीके के साथ फिर मिलाया हाथ



अपनी पहली एक्शन-फैंटेसी सीरीज, रक्त ब्रह्मंड - द ब्लडी किंगडम के लिए नेटफ्लिक्स ने मशहूर क्रिएटर जोड़ी राज और डीके के साथ एक बार फिर हाथ मिलाया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए राज और डीके ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी डी2आर फिल्म्स के तहत निर्देशक राही अनिल बर्वे और लंबे समय से सहयोगी सीता आर मेनन के साथ साझेदारी की है। यह सीरीज एक काल्पनिक साम्राज्य की पृष्ठभूमि पर आधारित एक मनोरंजक, धारदार कहानी का वादा करती है, जिसमें खूनी एक्शन और शानदार दृश्य हैं। सीरीज के लिए फिल्मांकन जल्द ही शुरू होगा। नेटफ्लिक्स के साथ अपने रोमांचक सहयोग के बारे में बात करते हुए, राज और डीके ने कहा, यह एक अज्ञात क्षेत्र है जो इसे हमारे लिए और भी रोमांचक बनाता है!

हमारा लक्ष्य एक ऐसी काल्पनिक दुनिया विकसित करना है जो मौलिक होने के साथ-साथ हमारे बचपन में सुनी गई काल्पनिक कहानियों की याद दिलाती हो।

# जब अभिनेत्रियों ने अपनी लिपस्टिक के रंग में किया बदलाव

**मुंबई (ईएमएस)।** विक्रम भट्ट ने बतौर डायरेक्टर डेब्यू करने से पहले अग्निपथ, हम हैं राही प्यार के और जुनून जैसी फिल्मों के अस्टिटेंट डायरेक्टर रहे। उन्होंने महेश भट्ट और शेखर कपूर के साथ मिलकर काम किया। उन्होंने राज जैसी कई डरावनी में फिल्में बनाई। उन्होंने कई मल्टस्टारर फिल्मों की कमान संभाली। इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि फिल्म के सेट पर सबसे ज्यादा अभिनेत्रियों के झगड़ों ने परेशान किया है। विक्रम भट्ट ने बताया कि निर्देशक बनने से पहले मैं 10 साल तक अस्सिटेंट के रूप में काम कर चुका हूं। तब कोई मेकअप वैन नहीं थी। मैंने 2 अभिनेत्रियों के साथ बहुत-सी फिल्में की हैं और उनमें से किसी को भी इस बात की चिंता नहीं थी कि वह सीन में क्या पहनेगी, लेकिन उन्हें हमेशा



इस बात की चिंता रहती है कि दूसरी ने क्या पहना है। विक्रम भट्ट ने बताया कि अभिनेत्रियों अपनी लिपस्टिक के रंग और आईशैडो की शेड्स को बहुत चालाकी से बदल देती थीं। विक्रम ने खुशी जाहिर की उनकी हाल में रिलीज हुई फिल्म ब्लडी इश्क के सेट पर ऐसा कुछ नहीं हुआ। फिल्म में अविका गौर लीड रोल में हैं। फिल्म1920: हॉरर्स ऑफ द हार्ट के विक्रम ने दूसरी बार अविका के साथ का किया। उन्होंने अविका के सेट पर व्यवहार की तारीफ की। उन्होंने कहा, वह घमंडी नहीं है।

# मैं साधारण परिवार से हूं, मेहनत से पहचान बनाई है: कृति सेनन

## -बालीवुड में नेपोटिज्म पर कृति सेनन का छलका दर्द

**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही में बालीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने नेपोटिज्म पर खुलकर अपनी बात रखी थी। उन्होंने कहा था, हर किसी की अपनी जर्नी होती है। अगर मैं एक फिल्मी परिवार से होती, तो मेरे लिए काम करना आसान होता। लोग मुझे पहले से ही जानते और मुझे जल्दी मौके मिलते। लेकिन मैं एक साधारण परिवार से हूं, इसलिए मुझे अपनी मेहनत से अपनी पहचान बनानी पड़ी। बड़े पर्दे का अब जाना माना चेहरा बन चुकी कृति दिल्ली से हैं। उनका जन्म 27 जुलाई 1990 को दिल्ली के पंजाबी परिवार में हुआ। पिता राहुल सेनन एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, तो मां गीता सेनन दिल्ली यूनिवर्सिटी में फिजिक्स की प्रोफेसर। एक्ट्रेस ने अपनी स्कूलिंग दिल्ली पब्लिक स्कूल से की और नोएडा के एक कॉलेज से इंजीनियरिंग की। इसके साथ उन्होंने मॉडलिंग भी की। कृति को पहला बड़ा ब्रेक हिंदी सिनेमा में नहीं बल्कि साउथ सिनेमा में मिला। उन्होंने अपने करियर की शुरूआत सुपरस्टार महेश बाबू की तेलुगू थ्रिलर फिल्म नेनोक्काडाइन से की थी। बॉलीवुड डेब्यू टाइगर श्रॉफ की फिल्म हीरोपंती से किया। ये फिल्म ब्लॉकबस्टर रही। इसके



लिए उन्हें आईफा अवॉर्ड स्टार डेब्यू ऑफ द इयर फीमेल अवॉर्ड भी मिला। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह कई फिल्मों में नजर आईं, जिसमें लुका छिपी, बरेली की बर्फी, दिलवाले, राब्ता, हाउसफुल 4, पानीपत, बच्चन पांडे, आदिपुरुष, हम दो हमारे दो, भेड़िया, शहजादा, गणपत, तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और क्रू जैसी फिल्मों में नजर आईं। सुपर स्टार प्रभास के साथ आदिपुरुष में भी वो जानकी की भूमिका में दिखीं। कृति ने कई स्पेशल सॉन्ग भी किए, जैसे फिल्म स्त्री के आओ कभी हवेली पे, फिल्म कलंक के ऐरा गैराआदि।युवा, ऊर्जावान एक्टर अपने करियर को लेकर जितनी समर्पित हैं उतना ही खुद को बिजनेस वूमन के तौर पर भी साबित कर रही हैं। कृति सेनन का फैशन और क्लोदिंग लेबल भी है, जिसका नाम मिसेज टेकन है। वह इसकी सह-मालकिन हैं। हाल ही में उन्होंने अपना प्रोडक्शन हाउस ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स लॉन्च किया। इस बैनर के तले पहली फिल्म जल्द ही पर्दे पर रिलीज होगी, जिसका नाम दो पत्ती है। इस फिल्म में काजोल लीड रोल में नजर आएंगी। बता दें कि बॉलीवुड की कुछ हस्तियां ऐसी भी हैं जिनको विरासत में एक्टिंग नहीं मिली हैं। उन्होंने अपने बेहतरीन एक्टिंग के दम पर सिनेमा में अपनी पहचान बनाई। कृति सेनन भी ऐसी ही एक्टर हैं, जिन्हें इंडस्ट्री का आउटसाइडर कहा जाता है। आज कृति अपना 34वां जन्मदिन मना रही हैं।

# करण ने रोकी कार्तिक की अनाम फिल्म

बालीवुड फिल्म निमार्ता करण जौहर ने एक्टर कार्तिक आर्यन के साथ बनने वाली अपनी अगली फिल्म को रोक दिया है। कहा जा रहा है कि युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी देशभक्ति फिल्मों की भरमार है। करण ने योद्धा के बाद बाजार के रुझान को पहचान लिया है और संदीप मोदी और कार्तिक आर्यन की अगली फिल्म को रोक दिया है। इतना ही नहीं, करण ने अपनी एक और फिल्म को रोक दिया है। बता दें कि 2023 में कार्तिक आर्यन ने घोषणा की थी कि वह पहली बार करण जौहर और एकता कपूर के साथ एक महाकाव्य युद्ध फिल्म पर काम कर रहे हैं। इस घोषणा ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी क्योंकि इसने दोस्ताना की शूटिंग के बीच सार्वजनिक रूप से हुए मतभेद के बाद कार्तिक और करण के बीच सुलह का संकेत दिया। इस फिल्म का निर्देशन संदीप मोदी द्वारा किया जाना था और इस साल अक्टूबर में फ्लोर पर आने की उम्मीद थी।

# खेल खेल में की रिलीज की उल्टी गिनती शुरू




खतरों के खिलाडी यानि कि बालीवुड एक्टर अक्षय कुमार अभिनीत कॉमेडी फिल्म खेल खेल में की रिलीज की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। एक्ट्रेस वाणी कपूर, फरदीन खान, तापसी पन्नू, एमी विर्क, आदित्य सील और प्रज्ञा जायसवाल अभिनीत यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, निमार्ताओं ने मुंबई में एक भव्य कार्यक्रम की योजना बनाई है, जिसमें बहुप्रतीक्षित ट्रेलर लॉन्च के लिए अक्षय कुमार सहित पूरी स्टार कास्ट एक साथ आएगी। ट्रेलर, जिसे पहले ही केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिल चुका है, 3 मिनट और 8 सेकंड के रनटाइम के साथ हंसाने का वादा करता है। फिल्म के प्रति उत्सुकता बढ़ाने के लिए, निमार्ताओं ने हाल ही में एक ऊजार्वान ट्रैक, हौली हौली का अनावरण किया, जिसमें सितारों से सजी एक संगीत वीडियो है। अब, उत्साह चरम पर पहुंच रहा है क्योंकि फिल्म का नाटकीय ट्रेलर 2 अगस्त को प्रदर्शित होने जा रहा है।

## सूडोकु नवताल- 6870

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6869 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## शब्दजाल - 7617

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | न | सी | ब | आ | ज | ग | ल | ट |
| रा | वि | ली | प्रे | दि | ला | व | र | ज | कां | ड़ |
| न्यौ | छा | व | र | दी | छ | मि | आ | ब | वृ | ता |
| इं | नौ | ब | न | बा | वा | स | थु | ल | ष | क |
| डि | आ | मु | नी | श्व | र | न | न | न | भ | त |
| या | ल | मा | र | रा | क | ली | ट | ण | घ | व |
| द | स | न | न | ट्रे | जो | रा | व | र | व | र |
| क | रो | ऊ | ई | स | ब | क | र | चो | श | क |
| रा | व | तु | ला | रा | रो | ते | या | औ | र | आ |
| क | र | ल | प | लि | जी | व | भ | म | प | द |
| क | ड | क | अ | धी | श्व | र | र | ब | त | म |

*शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'वर' शब्द लगा हो. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

दिलावर, सरोवर, जोरावर, नटवर, तेवर, अधीश्वर, मुनीश्वर, न्यौछावर,ताकतवर, मानसरोवर,

### शब्दजाल - 7616 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | खी | रे | दा | र | रि | सि | या | र | ट |
| दा | वि | ल | ग | व | जी | ग | द | इ | ह | ली |
| गि | स | शे | ज | ग | न्ना | थ | ता | गा | क | क |
| री | ज | र | दो | पु | ज | न | म | न | त | ज |
| क | ग | ग | भा | लू | लं | ग | म | ग | व | न |
| जी | द | ल | जा | य | ज | पू | ना | हि | र | नी |
| ती | गु | म | ड़ी | हि | प | र | श | र | र | ल |
| क | रु | ल्जा | ई | धा | र | क | ज | ल | न | ण |
| ने | बा | म | न्न | ब्रा | ह | त्या | री | श | प | क |
| ज | ग | त | प | व | ज | ग | दा | चा | र्य | त |
| क | दु | ल्हे | रा | नी | ल | ज | ग | ख्या | त | थ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6570

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 5 | 1 | 6 | |
| | 33 | 1 | 25 | | 31 | |
| 1 | | 6 | | 3 | | 5 |
| 5 | 39 | | 31 | 6 | 34 | |
| | 7 | | 3 | | | 1 |
| 2 | 36 | 7 | 36 | 7 | 30 | 2 |
| | 1 | 3 | | 4 | | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6569 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 5 |
| 3 | 30 | 1 | 24 | 2 | 30 | 6 |
| 6 | 5 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 35 | 6 | 37 | 3 | 29 | 1 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 31 | 7 | 40 | 4 | 33 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 5 | 2 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# सुपर ओवर में जीती भारतीय टीम टी20 श्रृंखला में किया क्लीन स्वीप

**नई दिल्ली।**
तीन टी20 मैचों की श्रृंखला के तीसरे और आखिरी मुकाबले को भारत ने सुपर ओवर में जीत लिया है। इसी के साथ भारत ने श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया है। सुपर ओवर में भारत के सामने मात्र 3 रन का लक्ष्य था, जिसे पहली ही गेंद पर चौका जड़कर सूर्यकुमार यादव ने हालिस कर लिया जबकि भारत की ओर से सुपर ओवर में वाशिंगटन सुंदर ने गेंदबाजी कर और मात्र दो रन देकर दो बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई।

इससे पहले, टॉस हारकर भारत ने बल्लेबाजी की और 9 विकेट खोकर 137 रन बनाए। श्रृंखला में पहली बार टीम इंडिया की बल्लेबाजी लड़खड़ाई थी। टीम के लिए शुभमन गिल ने 39 रन, रियान पराग ने 26 रन और वाशिंगटन सुंदर ने 25 रन बनाए।जबकि श्रीलंका के लिए महीश तीक्ष्णा ने तीन विकेट और वनिंदु हसरंगा ने दो विकेट चटकाए। वहीं विक्रमसिंघे, असिथा फरनांडो और रमेश मेंडिस को एक-एक सफलता मिली। भारत के 138 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम भी निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 137 रन ही बना सकी। श्रीलंका के लिए कुसल परेला ने 46, कुसल मेंडिस ने 43 और पथुम निशंका ने 26 रन की पारी खेली। भारत की ओर से चार स्पिनर्स ने दो-दो विकेट चटकाए। इनमें वाशिंगटन सुंदर, रवि विश्नोई, रिंकू सिंह और सूर्यकुमार यादव रहे। रिंकू और सूर्या ने मात्र एक-एक ओवर किया।

## यूएई में तीन मैचों की एकदिनी श्रृंखला के लिए द. अफ्रीका की मेजबानी करेगा अफगानिस्तान

**जोहानसबर्ग।** अफगानिस्तान 18 से 22 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा। यह एकदिवसीय श्रृंखला दोनों पक्षों के बीच पहली द्विपक्षीय श्रृंखला है, जिसके तीनों मैच 18, 20 और 22 सितंबर को शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका ने 2019 और 2023 में पिछले दो आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दौरान एकदिवसीय क्रिकेट में दो मौकों पर अफगानिस्तान का सामना किया है। यह श्रृंखला पिछले महीने त्रिनिदाद और टोबैगो में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराने के बाद से उनका पहला मुकाबला होगा। सीएसए के चेयरमैन लॉसन नायडू ने बुधवार को एसीबी के साथ जारी एक संयुक्त बयान में कहा, हम अफगानिस्तान के साथ इस ऐतिहासिक एकदिवसीय श्रृंखला को शुरू करने के लिए उत्साहित हैं, जो आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 और हाल ही में आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप 2024 में उनके हालिया प्रदर्शन से स्पष्ट रूप से एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी ऑल-राउंड टीम बन गई है। यह हमारे क्रिकेट संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और हम एक प्रतिस्पर्धी और मनोरंजक श्रृंखला की आशा करते हैं। एसीबी के चेयरमैन मीरवाइज अशरफ ने कहा, शुरू में ये मैच हमारे एफटीपी का हिस्सा नहीं थे। फिर भी, क्रिकेट साउथ अफ्रीका में अपने समकक्षों के साथ हमारी उत्पादक बातचीत के आधार पर, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि हम सितंबर में एकदिवसीय श्रृंखला के लिए प्रोटियाज की मेजबानी करेंगे।

### न्यूज ब्रीफ

## पीवी सिंधु एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा को हराकर अंतिम-16 में पहुंचीं




**पेरिस।** भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने बुधवार को पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन महिला एकल स्पर्धा के अंतिम ग्रुप एम मैच में एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा को हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। सिंधु ने कुबा पर दबदबा बनाया और ला चैपल एरिना में 34 मिनट तक चले मुकाबले में 21-5, 21-10 से मैच जीत लिया। पहले गेम में सिंधु ने गति को नियंत्रित किया और सिर्फ 14 मिनट में 21-5 से जीत हासिल की। ??भारतीय शटलर ने अपना फॉर्म जारी रखा और दूसरा गेम 19 मिनट में 21-10 से जीत लिया। पीवी सिंधु अपने आगामी राउंड ऑफ 16 मैच में संभावित रूप से पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की ही बिंगजियाओ का सामना कर सकती हैं। इससे पहले सिंधु के पिछले ग्रुप एम मैच में, मालदीव की फतिमाथ नबाहा अब्दुल रज्जाक के खिलाफ सीधी जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। सिंधु ने धैर्य और आत्मविश्वास का परिचय दिया और दोनों मैचों में अपने प्रतिद्वंद्वी को एकल अंकों तक सीमित रखा। उन्होंने 29 मिनट तक चले खेल में 21-9, 21-6 की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। यह दूसरी बार था जब सिंधु और रज्जाक एक दूसरे से भिड़े थे। भारतीय शटलर ने अपने पहले मुकाबले में मालदीव के शटलर को आसानी से हराया था और एक बार फिर पेरिस में इतिहास ने खुद को दोहराया।

## पेरिस ओलंपिक : अल्कराज-नडाल की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में



**पेरिस।** राफेल नडाल और कार्लोस अल्काराज की स्पेनिश जोड़ी ने नीदरलैंड के टालोन ग्रीक्सपूर और वेस्ले कूलहोफ को 6-4, 6-7(2), 10-2 से हराकर चल रहे पेरिस ओलंपिक में टेनिस पुरुष युगल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्पेनिश जोड़ी ने पहले ही पल से खेल पर अपना दबदबा बनाया और बिना किसी परेशानी के पहला सेट 6-4 से जीत लिया। हालांकि, दूसरे सेट में डच खिलाड़ियों ने वापसी की और अच्छी टक्कर दी। टैलोन ग्रीक्सपूर और वेस्ले कूलहॉफ ने दूसरा सेट टाईब्रेकर में 6-7(2) से जीता। इस बीच, नडाल-अलकाराज की स्पेनिश जोड़ी ने तीसरा सेट 10-2 से अपने नाम किया और क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। इससे पहले, पिछले दौर में, नडाल और अलकाराज ने अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी को 7-6 (7.4), 6-4 से हराया था।

## ओलंपिक करियर से संन्यास लेने के बाद अश्विनी पोनप्पा ने कहा-मैं यह सब दोबारा नहीं झेल सकती



**पेरिस।** स्टार भारतीय शटलर अश्विनी पोनप्पा ने बहु-खेल प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया की सेतियाना मापासा और एंजेला यू के खिलाफ ग्रुप सी बैडमिंटन महिला टीम मैच में निराशाजनक हार के बाद ओलंपिक से संन्यास की घोषणा कर दी है। मैच के बाद पोनप्पा ने कहा कि इससे उबरने के लिए काफी भावनात्मक और मानसिक शक्ति की जरूरत होती है। भारतीय शटलर ने कहा कि वह अब और नहीं सह सकती। ओलंपिक डॉट कॉम ने पोनप्पा के हवाले से कहा, यह भावनात्मक और मानसिक रूप से बहुत भारी पड़ता है, मैं इससे दोबारा नहीं गुजर सकती। यह आसान नहीं है, अगर आप थोड़े छोटे हैं तो आप यह सब झेल सकते हैं। इतने लंबे समय तक खेलने के बाद, मैं अब और नहीं सह सकती। महिला टीम स्पर्धा में, अश्विनी पोनप्पा और तनिषा क्रैस्टो की भारतीय महिला जोड़ी ग्रुप सी में लगातार तीसरी हार के कारण चौथे स्थान पर रही और ग्रुप चरण से बाहर हो गई। उन्हें मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी सेतियाना मापासा और एंजेला यू के खिलाफ सीधे गेम में 15-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ पूरे मैच में संघर्ष करती रही।

### पेरिस ओलंपिक-2024

# लवलीना बोरगोहेन ने सुन्नीवा हॉफस्टैड को हराया, पदक पक्का करने से एक जीत दूर

**पेरिस।**
भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने चल रहे पेरिस ओलंपिक में बुधवार को महिलाओं के 75 किलोग्राम वर्ग के राउंड ऑफ 16 मैच में नॉर्वे की सुन्नीवा हॉफस्टैड को शिकस्त दी।



पहले दो राउंड में लवलीना ने अपनी लंबाई का फ़ायदा उठाते हुए हॉफस्टैड पर जबर्दस्त वार किए। 2022 की विश्व युवा चैंपियन हॉफस्टैड ने पहले राउंड में कई तेज मुक्कों से लवलीना को परेशान करने की कोशिश की, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने कुछ जैब और राइट हुक से जरूरी अंक हासिल किये।

दूसरे राउंड में लवलीना बोरगोहेन ने आक्रामक रुख अपनाया और हॉफस्टैड के चेहरे पर जोरदार वार किए। हालांकि हॉफस्टैड ने तीसरे राउंड में वापसी करने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। जजों ने भारतीय खिलाड़ी के पक्ष में सर्वसम्मति से 5-0 का फ़ैसला सुनाया।

लवलीना बोरगोहेन की एक और जीत भारत के लिए एक पदक पक्का कर देगी, जो संभवतः उनका दूसरा ओलंपिक पदक हो सकता है, इससे पहले उन्होंने टोक्यो 2020 में कांस्य पदक जीता था।

## जोनाथन क्रिस्टी पर जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे लक्ष्य सेन

भारत के शीर्ष शटलर लक्ष्य सेन ने बुधवार को पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन पुरुष एकल ग्रुप एल मैच में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को 21-18, 21-12 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। लक्ष्य ने बुधवार को ला चैपल एरिना में क्रिस्टी पर 50 मिनट में जीत हासिल की। भारतीय शटलर ने इंडोनेशियाई पर दबदबा बनाया और पहला गेम 21-18 से जीत लिया। लक्ष्य ने दूसरा गेम 21-12 से अपने नाम कर मैच जीत लिया। सेन पुरुष एकल ग्रुप एल में भी शीर्ष पर रहे और आगामी राउंड ऑफ 16 मैच में एचएस प्रणय का सामना कर सकते हैं। प्री-क्वार्टर फाइनल गुरुवार से शुरू होंगे। इससे पहले सोमवार को लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक में ग्रुप एल पुरुष एकल बैडमिंटन मैच में बेल्जियम के जूलियन कैरागगी को हराया। भारतीय खिलाड़ी ने बेल्जियम के अपने प्रतिद्वंद्वी को सीधे सेटों में 21-19, 21-14 से हराया। ला चैपल एरिना में यह मैच 43 मिनट तक चला। रविवार को बैडमिंटन पुरुष एकल ग्रुप एल मैच में ग्वाटेमाला के केविन कॉर्डन पर लक्ष्य की शानदार जीत को हटा दिया गया क्योंकि ग्वाटेमाला के खिलाड़ी ने बाएं कोहनी की चोट के कारण इस बहु-खेल प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया। कॉर्डन ने चल रहे पेरिस ओलंपिक से खुद को अलग कर लिया है, जिसके लिए इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी और बेल्जियम के जूलियन कैरेगी के खिलाफ उनके आगामी ग्रुप एल मैच नहीं खेले जाएंगे।



## दीपिका कुमारी ने महिला व्यक्तिगत तीरंदाजी के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

पेरिस ओलंपिक में भारतीय तीरंदाजी दल की खराब शुरुआत के बाद दीपिका कुमारी ने आखिरकार बुधवार को महिला व्यक्तिगत तीरंदाजी के राउंड ऑफ 16 में अपनी जगह पक्की करके पदक की उम्मीदें दिखाईं। दीपिका ने अपने दिन की शुरुआत एस्टोनिया की रीना परनाट के खिलाफ 6-5 से रोमांचक जीत के साथ की और फिर राउंड ऑफ 16 में नीदरलैंड की क्विंटी रोफेन को 6-2 से आसानी से हराया। नीदरलैंड की क्विंटी रोफेन के खिलाफ मुकाबले में दीपिका ने धमाकेदार शुरुआत की और पहले सेट में दो 10 सहित 29 अंक बनाए, जबकि रोफेन ने दो 9 और एक 10 सहित 28 अंक बनाए। पहले सेट में दीपिका ने 2-0 की बढ़त हासिल की, हालांकि रोफेन ने भी शानदार वापसी की और दूसरे सेट में दो 10 अंकों सहित 29 अंक हासिल किये हासिल किए, जबकि दीपिका केवल 27 अंक ही हासिल कर सकीं और स्कोर 2-2 से बराबर हो गया। हालांकि भारतीय खिलाड़ी के पक्ष में फिर से रुख बदल गया और रोफेन लक्ष्य से पूरी तरह चूक गईं, जिससे दीपिका ने 28-17 से आसान सेट जीत लिया और 4-2 से बढ़त हासिल कर ली। स्पष्ट रूप से हताश रोफेन को अगले सेट में भी अपनी गति हासिल करने में कठिनाई हुई, क्योंकि दीपिका ने 29-23 के एक और आसान सेट जीत कर मैच 6-2 से अपने नाम कर लिया।



## सिंगापुर की जियान जेंग को हराकर श्रीजा अकुला अंतिम 16 में पहुंचीं



**पेरिस।**
भारतीय पैडलर श्रीजा अकुला ने बुधवार को पेरिस ओलंपिक में महिला एकल राउंड टेबल टेनिस मैच में अपनी सिंगापुर की प्रतिद्वंद्वी जियान जेंग को हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया। भारतीय पैडलर ने राउंड ऑफ 32 का मैच 4-2 (9-11, 12-10, 11-4, 11-5, 10-12, 12-10) से जीता। यह मैच बुधवार को साउथ पेरिस एरिना में 51 मिनट तक चला।

पहले दो गेम में जेंग ने चुनौती स्वीकार की और अपनी प्रतिद्वंद्वी पर हावी रहीं। तीसरे और चौथे गेम में श्रीजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की, जहां जेंग ने वापसी करते हुए पांचवां गेम जीत लिया, वहीं अकुला ने अगला गेम जीतकर मैच अपने नाम किया। अकुला ओलंपिक में राउंड ऑफ 16 में जगह बनाने वाली केवल दूसरी भारतीय टेबल टेनिस एकल खिलाड़ी बनीं।

इससे पहले रविवार को श्रीजा अकुला ने महिला एकल स्पर्धा के राउंड ऑफ 64 में स्वीडन की क्रिस्टीना कल्बर्ग पर शानदार जीत के बाद अगले दौर में प्रवेश किया। भारतीय पैडलर ने 11-4, 11-9, 11-7 और 11-8 से जीत हासिल की।

वहीं, भारत की एक अन्य पैडलर मनिका बत्रा ने चल रहे पेरिस ओलंपिक के टेबल टेनिस महिला एकल के राउंड ऑफ 32 मैच में फ्रांस की पृथिका पावड़े को हराया। टेबल टेनिस महिला एकल के राउंड ऑफ 32 मैच में बत्रा ने अपनी फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी को 4-0 (11-9, 11-6, 11-9, 11-7) से हराया।

## भारत, बेल्जियम हॉकी टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

पेरिस ओलंपिक में पूल बी में अर्जेंटीना की न्यूजीलैंड पर जीत और बेल्जियम की ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद भारत और बेल्जियम ने नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई कर लिया है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड पर 2-0 की व्यापक जीत दर्ज करके देश की तालिका में एक पदक जोड़ने की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाया। मंगलवार देर रात को अर्जेंटीना द्वारा न्यूजीलैंड पर 2-0 की जीत दर्ज करने के बाद भारत का क्वार्टर फाइनल में स्थान सुनिश्चित हो गया। अर्जेंटीना की जीत के बाद, भारत कुछ समय के लिए पूल बी में शीर्ष पर पहुंच गया। बेल्जियम ने अंततः ऑस्ट्रेलिया को 6-2 हराकर भारत को शीर्ष से अपदस्थ कर दिया। शानदार जीत के साथ, बेल्जियम ने क्वार्टर फाइनल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। बेल्जियम के परिणाम के बाद, भारत तीन मैचों में सात अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

## टीएसएच ने जारी की ईडब्लूएस खिलाड़ियों की सूची, आज से शुरु हो रहा है नया बैच

**कानपुर।**
द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में ईडब्ल्यूएस के बच्चों के लिए एक अगस्त से शुरू होने वाले नये प्रशिक्षण सत्र के लिये 21 जुलाई को हुए ट्रायल का परिणाम आ गया है। ट्रायल देने वाले 306 बच्चों में से कुल 252 बच्चों का चयन अंतिम सूची में हुआ है। चयनित खिलाड़ियों की सूची नगर निगम को भेजने के साथ ही टीएसएच के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कर दी गई है।



कानपुर नगर निगम के सहयोग से आर्य नगर में संचालित द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में नये सत्र के लिये चयनित ईडब्ल्यूएस के बच्चों को अपने अपने खेलों के कोच से संपर्क करना है। उनसे प्रवेश लेने को लेकर आगे की कागजी कार्यवाही के बारे में समझना है। खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया के लिये पूरी कमेटी गठित की गई थी। कमेटी में कानपुर नगर निगम के एडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर जगदीश यादव, कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सुचित अग्रवाल और आशुतोष विक्रम सिंह, यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव पाठक, यूपी एथलेटिक्स एसोसिएशन के डॉक्टर देवेश दुबे, ऑडी स्टेडिया कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव गर्ग और ट्रांसस्टेडिया के रिप्रेजेंटेटिव पीके श्रीवास्तव शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि ट्रायल प्रक्रिया 21 जुलाई को हुई। टीएसएच में प्रवेश के लिये कुल 604 बच्चों ने आवेदन किया था जिनमें से 365 आवेदनों को ट्रायल के लिये चयनित किया गया।ट्रायल के लिये बुलाये गये 365 में से 306 बच्चे ट्रायल देने के लिये पहुंचे। जिनका चार स्तरीय ट्रायल लिया गया जिसमें फिजिकल पैरामीटर, एप्टीट्यूड, स्पोर्ट्स स्किल की जांच की गई। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ईडब्ल्यूएस बच्चों के प्रशिक्षण का नया बैच एक अगस्त से शुरु होने जा रहा है।

## स्वप्निल कुसाले ने 50 मीटर 3पी शूटिंग स्पर्धा के फाइनल के लिए किया क्वालीफाई



**पेरिस।**
भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने बुधवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर 3पी के क्वालीफिकेशन राउंड में सातवें स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया।

भारतीय निशानेबाज ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर और स्वप्निल कुसाले दोनों पेरिस 2024 ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर 3पी क्वालीफिकेशन राउंड में शामिल हुए। अपने ओलंपिक पदार्पण पर, कुसाले 590-38× के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहे। जबकि, तोमर 589-33× के कुल स्कोर के साथ 11वें स्थान पर रहे। केवल शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई कर पाए हैं और तोमर फाइनल राउंड में अपनी जगह बनाने में असफल रहे। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के लियू युकुन ने कुल 594-38× के साथ ओलंपिक क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड दर्ज किया। फाइनल इवेंट गुरुवार को दोपहर 1 बजे होगा।

इससे पहले ग्रीष्मकालीन खेलों में भाकर ने महिलाओं की व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। मनु-सरबजोत ने कांस्य पदक के प्ले-ऑफ मैच में दक्षिण कोरिया की ली वोनहो और ओह ये जिन को 16-10 से हराया। इस पदक के साथ ही पेरिस ओलंपिक में भारत के पदकों की संख्या दो हो गई है।

भाकर और सरबजोत दोनों ने कोरियाई खिलाड़ियों के खिलाफ सीरीज में लगातार 10 अंक बनाए। मनु-सरबजोत ने कुल 580-20× अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। मनु की अपने तीसरे ओलंपिक पदक की तलाश 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भाग लेने से शुरू होगी।

इससे पहले रविवार को 22 वर्षीय भाकर ओलंपिक में निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। भाकर ने 10 मीटर महिला एयर पिस्टल स्पर्धा में 221.7 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीतकर मौजूदा मेगा इवेंट में भारत को पहला पदक दिलाया। टोक्यो ओलंपिक में अपनी पिस्तौल की खराबी के बाद मनु के लिए यह एक तरह से मुक्ति का मौका था।

2004 में सुमा शिरुर के बाद ओलंपिक की व्यक्तिगत स्पर्धा में शूटिंग के फाइनल में पहुंचने वाली 20 साल में पहली भारतीय महिला बनकर उन्होंने इतिहास रच दिया। दक्षिण कोरिया की ये जिन ने 243.2 अंकों के ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। उनकी हमवतन किम येजी ने 241.3 अंकों के साथ रजत पदक जीता।

### भारतीय खिलाड़ी जो पेरिस ओलंपिक में नहीं दिखा पाए दमखम

## तीरंदाज धीरज व्यक्तिगत स्पर्धा के शूट-ऑफ में हारे

**पेरिस।**
पेरिस ओलंपिक में तीरंदाजी में भारत के लिए उलटफेर का सिलसिला जारी रहा, जब युवा तीरंदाज धीरज बोम्मादेवरा को पुरुषों की व्यक्तिगत 1/16 स्पर्धा में हार का सामना करना पड़ा। कनाडा के एरिक पीटर्स और धीरज ने रोमांचक ड्रॉ खेला, जिसने प्रशंसकों को अपनी सीटों पर बांधे रखा। दोनों तीरंदाजों के धनुष से 10 की बारिश हो रही थी, जिसके कारण दोनों तीरंदाजों के बीच बेहद रोमांचक मुकाबला हुआ।

धीरज करीब पहुंचे, लेकिन अंत में बहुत दूर गिर गए, जिससे उनका इवेंट से बाहर होना तय हो गया। पहले सेट की शुरुआत धीरज के 10 अंकों से हुई जो दोनों तीरंदाजों के बीच का अंतर साबित हुआ। धीरज ने बढ़त बनाई लेकिन पीटर्स ने अपनी सटीकता पर भरोसा करते हुए वापसी की और मैच को बराबरी पर ला दिया। तीसरे सेट की शुरुआत पीटर्स ने तीन 9 अंक लगाए जबकि धीरज ने दो 10 अंक लगाए और तीसरा सेट अपने नाम कर लिया। चौथे सेट में दोनों तीरंदाजों ने प्रत्येक शॉट पर 10 अंक बनाए और एक-एक अंक अपने नाम किया। धीरज अगले दौर में अपनी जगह पक्की करने से एक कदम दूर थे लेकिन अपने अंतिम शॉट में 9 अंक हासिल करने के कारण पीटर्स ने गेम को शूट-ऑफ में धकेल दिया। दोनों तीरंदाजों ने 10-10 अंक बनाए, लेकिन पीटर्स का तीर केंद्र के करीब था, जिससे वह अगले दौर में पहुंच गए और एकल स्पर्धा में धीरज का सफर खत्म हो गया। इस बीच, महिलाओं की स्पर्धा में भारत की शीर्ष तीरंदाज भजन कौर ने पोलैंड की अनुभवी वायलेटा मिजसोर को महिला व्यक्तिगत रिकर्व तीरंदाजी में हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। भजन के लिए यह क्लीन स्वीप था, क्योंकि उन्होंने राउंड ऑफ 32 में 6-0 की जीत के साथ मिजसोर को बाहर कर दिया। शुरुआती सेट में उन्होंने 10, 9, 9 अंक बनाकर 29 अंक बनाए। जवाब में पोलिश तीरंदाज अपने पहले शॉट में लड़खड़ा गईं और 8 अंक बनाए। उन्होंने लगातार दो नौ अंक बनाए और पहले सेट में केवल 26 अंक ही बना सकीं। दूसरे सेट में भजन ने अपने पहले दो शॉट में लगातार 10 अंक बनाए और मिजसोर की पकड़ से दूसरा सेट छीनकर 4-0 की बढ़त बना ली। तीसरे सेट में, माइज़ोर ने अपने अंतिम शॉट में पांच शॉट लगाए, जिससे वह प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।



## भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार राउंड ऑफ 16 में हारीं

भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार की देश के लिए ओलंपिक पदक लाने की उम्मीदें उस समय खत्म हो गईं जब कोलंबिया की मुक्केबाज येनी मार्सेला एरियस कास्टानेडा ने महिलाओं की 54 किलोग्राम भारवर्ग के राउंड ऑफ 16 में उन्हें हरा दिया। एक बार फिर, एक भारतीय एथलीट पदक के करीब तो आया, लेकिन अगले दौर में जगह बनाने से चूक गया। प्रीति की पदक जीतने की असफल कोशिश कास्टेनेडा के खिलाफ पहले दौर में उनके प्रदर्शन के कारण हुई। कोलंबिया की मुक्केबाज ने प्रीति पर दबदबा बनाया, जिसके परिणामस्वरूप पांच में से चार जजों ने कास्टेनेडा को दस अंक दिए। प्रीति ने दूसरे दौर में कास्टेनेडा पर बढ़त बना ली, जबकि दूसरे दौर के बाद जजों के तीन दस अंक उसके पक्ष में गए। तीसरे और अंतिम दौर में, यह एक करीबी मुकाबला साबित हुआ, लेकिन भारतीय मुक्केबाज को हार का सामना करना पड़ा। वह एक कड़ी टक्कर में विभाजित निर्णय से 2.3 से हार गईं। मंगलवार को भारत को पुरुष और महिला दोनों ही वर्ग में मुक्केबाजी में हार का सामना करना पड़ा। फिलीपींस की नेस्टी पेटेसियो ने महिलाओं के 57 किलोग्राम भार वर्ग के राउंड ऑफ 32 के मैच में भारतीय मुक्केबाज जैस्मीन लैम्बोरिया को हराया। प्रीति की तरह जैस्मीन के लिए भी मुकाबला सही तरीके से शुरू नहीं हुआ, क्योंकि वह पहले राउंड के अंत में पिछड़ रही थीं। पांच में से चार जजों ने फिलीपींस की मुक्केबाज को दस अंक दिए। दूसरे राउंड में पेटेसियो ने भारतीय मुक्केबाज पर अपना दबदबा बनाए रखा। वह दूसरे राउंड में सहज दिखीं और अंत में सभी पांच जजों ने उन्हें दस अंक दिए।



# नकारात्मक लोगों को कैसे पहचानें?



**जिन** लोगों के साथ आप समय बिताते हैं वो जाने-अनजाने में आपके जीवन पर बहुत बड़ा असर डालते हैं। कहीं न कहीं हम उनकी तरह बात करने, उनकी तरह बनने और वैसा ही करने की कोशिश अनजाने में करने लगते हैं, ये मानवीय पकृति है जिसे हर कोई करता है और इसे बदलना लगभग नामुमकिन है, क्योंकि संगत का असर दिमाग पर पड़ता है और दिमाग एक जटिल अंग है जिसे समझ पाना असंभव है। कई बार हमें पता ही नहीं चलता है कि जो लोग हमारे साथ या आसपास हैं वो कितने बेकार और नकारात्मक सोच वाले हैं। ऐसे लोग विषैले सांप की तरह होते हैं जो कभी न कभी आपको भी नुकसान पहुंचाते ही हैं। इसलिए, बेहतर होगा कि ऐसे लोगों को पहचानें और उनसे दूरी बना लें। ऐसे लोग अपनी बातों या अपने कामों से आएं दिन किसी न किसी का दिल दुखाते रहते हैं। वे हमेशा कोशिश करेंगे कि वे आपको बहुत भला चाहते हैं लेकिन आपको निराश करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। ऐसे लोगों को स्मार्टली हैंडल करना सीखें और उनसे भावनात्मक दूरी बना लें। वरना वे आपमें भी ऐसी आदत पनपा सकते हैं। ऐसे लोग हमेशा परेशान रहते हैं। वो जीवन में कभी खुश नहीं रहते हैं। चाहें परिस्थितियां कितनी भी अच्छी क्यों न हों, उन्हें हमेशा शिकायत और समस्या ही रहती है। समय रहते ऐसे लोगों से दूर हो जाएं। जो लोग आपको किसी काम को करने के लिए प्रेरित नहीं करते हैं बल्कि हमेशा हतोत्साहित करते रहते हैं वे लोग टॉक्सिक होते हैं। ऐसे लोग जीवन में नकारात्मकता लेकर आते हैं। जितना संभव हो, ऐसे लोगों से दूर रहें। जहरीले स्वभाव वाले लोगों से आप जब भी बात करें, तो वे दूसरों के बारे में हमेशा खराब ही बोलेगें। इससे आपके नजरिए पर भी असर पड़ता है। इसलिए, अच्छा होगा कि ऐसे लोगों से दूरी बनाकर रखें।

# डीवीडी देखकर व्यायाम न करें...



**एक** नए शोध में पता चला है कि फिटनेस डीवीडी देखते हुए घर में व्यायाम करने का विचार अच्छा लग सकता है, लेकिन इसका काफी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ऑरिगन स्टेट यूनिवर्सिटी में हुए एक शोध के परिणामों से पता चला है कि इस तरह के वीडियो से व्यक्ति की सोच नकारात्मक दिशा की ओर मुड़ सकती है और उनके प्रेरणा स्तर पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। फिटनेस के लिए मिलने वाली डीवीडी के अध्ययन से यह भी सामने आया है कि इस तरह की डीवीडी में इस्तेमाल होने वाली निराशाजनक भाषा से व्यायाम करने वालों पर पड़ने वाले प्रभाव का स्तर कम हो सकता है। इसके साथ ही ऐसा वीडियो देखने वाले व्यक्तित की आशा और क्षमता पर पड़ने वाला नकारात्मक प्रभाव मनोवैज्ञानिक क्षति का कारण बन सकता है। इस शोध के लिए शोधकर्ताओं ने व्यायाम का प्रशिक्षण देने वाले 10 लोकप्रिय डीवीडी की समीक्षा की। इस तरह के डीवीडी में इस्तेमाल होने वाली भाषा और वीडियो का मूल्यांकन किया गया। इस शोध का लक्ष्य इस तरह के डीवीडी में दिए जाने वाले संदेशों और वीडियो को बेहतर तरीके से समझना और उपयोगतकर्ताओं पर इनके प्रभाव का आकलन करना था। इन फिटनेस डीवीडी का 25 करोड़ डॉलर का उद्योग है, लेकिन इनकी सुरक्षा से संबंधित कोई भी वैज्ञानिक सबूत नहीं है। इस शोध के परिणामों के बाद सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया कि वे इस तरह के डीवीडी को खरीदते समय या इनका इस्तेमाल करते समय इससे पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव के प्रति जागरूक रहें।

# सैनिक स्कूलों में लड़कियों को भी मिल सकता है दाखिला



**सैनिक** स्कूलों में अब लड़कियों के दाखिले की भी अनुमति दी जा सकती है। करीब 55 साल पहले जब एक सैनिक स्कूल खुला था तो वह सिर्फ पुरुष प्रधान ही था यानी सिर्फ छात्रों का ही दाखिला होता था। मामले के जानकार एक अधिकारी ने बताया कि नागरिक उड़यन मंत्री अशोक गजापति राजू ने एक पत्र लिखा था जिसके आधार पर रक्षा मंत्रालय ने इन स्कूलों में लड़कियों को भी दाखिला देने की संभावना तलाशनी शुरू कर दी है। रक्षा मंत्रालय अभी देश भर में 22 सैनिक स्कूल चलाता है। अधिकारी ने बताया कि राजू ने रक्षा मंत्री मनोहर पारिज़्कर को एक पत्र लिखकर आग्रह किया जिस पर पार्रिकर ने इस मामले पर गौर करने का वादा किया। देश भर में नैशनल डिफेंस अकेडमी और आर्मी में महिलाओं के दाखिले को लेकर विभिन्न स्तरों पर बहस चल रही थी। सैनिक स्कूल में छात्राओं के प्रवेश को इस दिशा में पहला कदम माना जाएगा।

रक्षा मंत्री को लिखे पत्र में राजू ने उल्लेख किया, 'आज के आधुनिक समय में रक्षा सेवाएं अपवाद नहीं रह गई हैं जहां महिलाएं अपनी भूमिका न निभा सकें। इस संदर्भ में मैं आपके ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं कि कई पैरंट्स सैनिक स्कूल, कोरुकोंडा (विजयनगरम) के माध्यम से देश की सेवा में अपनी लड़कियों को भेजना चाहते हैं।'

" अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना कोई आसान काम नहीं है, लेकिन ऐसा कर पाने में जो इंसान सक्षम होता है, उसे लगभग आधी समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है। जीवन में अनुशासन लाकर भावनाओं को एक सीमा तक नियंत्रित किया जा सकता है। आजकल मनोवैज्ञानिक इमोशनल इंटेलिजेंस को बहुत ज्यादा महत्व देने लगे हैं, क्योंकि इसके बिना कोई भी इंसान अपने अर्जित ज्ञान का सही इस्तेमाल नहीं कर सकता। "



# इमोशनल इंटेलिजेंस भी जरूरी...

**आज** की जटिल जीवन स्थितियों में खुशी और कामयाबी हासिल करने के लिए व्यक्ति का केवल मेहनती और बुद्धिमान होना ही काफी नहीं, बल्कि इसके लिए भावनात्मक परिपक्वता भी बहुत जरूरी है। आपने यह अनुभव किया होगा कि एक ही जैसी स्थितियों में लोग अलग-अलग ढंग से प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं।कुछ लोग छोटी-छोटी परेशानियों से हताश हो जाते हैं तो कुछ बेहद मुश्किल हालात में भी घबराने के बजाए शांतिपूर्ण ढंग से अपनी समस्याओं का हल ढूंढने की कोशिश करते हैं। इसमें से दूसरी तरह के लोग भावनात्मक रूप से बुद्धिमान माने जाते हैं और वे जीवन के हर मोर्चे पर कामयाब होते हैं। आजकल मनोवैज्ञानिक भावनात्मक विवेक को बहुत ज्यादा महत्व देने लगे हैं, क्योंकि इसके बिना कोई भी इंसान अपने अर्जित ज्ञान का सही इस्तेमाल नहीं कर सकता। भावनात्मक विवेक के सिद्धांत के प्रतिपादकों का ऐसा मानना है कि पारंपरिक रूप से जिसे हम आइक्यू कहते हैं, उसका क्षेत्र बहुत सीमित है, लेकिन इमोशनल इंटेलिजेंस का दायरा बहुत विस्तृत है।

## क्या है इमोशनल इंटेलिजेंस

इमोशनल इंटेलिजेंस के अंतर्गत समस्त मानवीय व्यवहार समाहित हैं। जीवन में सफल होने के लिए केवल मेहनत करके तकनीकी कौशल सीखना और जानकारियां हासिल करना ही काफी नहीं, बल्कि इंसान को अपनी भावनाओं के बीच संतुलन स्थापित करना भी आना चाहिए। बौद्धिक रूप से कोई भी इंसान चाहे कितना ही सक्षम क्यों न हो लेकिन भावनात्मक परिपक्वता के अभाव में वह असफल हो सकता है।

## अंतर्मन के आईने में

अपने व्यक्तित्व को अच्छी तरह समझना भी भावनात्मक विवेक का ही एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आपको यह मालूम होना चाहिए कि आप किन बातों से खुश होते हैं, कौन सी बातें आपको नापसंद हैं, अगर कभी आपका मूड खराब है तो आपको यह मालूम होना चाहिए कि किस वजह से आपका मूड खराब है। किन बातों को लेकर आप चिंतित और परेशान होते हैं, आपके मन में किन बातों को लेकर असुरक्षा है, यह आपको स्पष्ट रूप से मालूम होना चाहिए। जब कभी आप शांतिपूर्वक अकेले बैठे हों तो तटस्थ हो कर दूसरों की नजर से आत्मविश्लेषण करें। जब आप ईमानदारी के साथ अपने व्यक्तित्व का मूल्यांकन करेंगे, तभी आप अपनी भावनाओं को अच्छी तरह समझने में सक्षम होंगे। इससे अपने मनोभावों को नियंत्रित और संतुलित करना आपके लिए सहज होगा।



## भावनात्मक अनुशासन

अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना कोई आसान काम नहीं है, लेकिन ऐसा कर पाने में जो इंसान सक्षम होता है, उसे लगभग आधी समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है। जीवन में अनुशासन लाकर भावनाओं को एक सीमा तक नियंत्रित किया जा सकता है। अगर आप अच्छी प्रेरणादायक किताबें पढेंगे और जीवन के लिए यह दिशा-निर्देश तय करेंगे कि मन में नकारात्मक भावनाओं को आने नहीं देना है तो क्रोध, ईर्ष्या-द्वेष जैसी भावनाओं से काफी हद तक ऊपर उठ सकते हैं। अगर कोई क्रोध में आकर आपके साथ बुरा व्यवहार करता है तो उसकी प्रतिक्रिया में आपका नाराज होना उचित नहीं है। उस वक्त आप शांत रहें और बाद में जब उस व्यक्ति का गुस्सा शांत हो जाए तब आप उसे उसकी गलती का एहसास कराएं। कोई भी निर्णय लेते समय इंसान को अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए क्योंकि भावावेश में आकर जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अकसर गलत साबित होता है।

## भावनात्मक परिपक्वता

जब इंसान अपनी भावनाओं को नियंत्रित करना सीख लेता है तो वह स्वतः भावनात्मक परिपक्वता की ओर बढ़ने लगता है। जीवन में सफलता और सच्ची खुशी हासिल करने के लिए किसी भी व्यक्ति का भावनात्मक रूप से परिपक्व होना बहुत जरूरी है। कोई भी इंसान भावनात्मक रूप से कितना परिपक्व होगा, यह इस बात पर निर्भर है कि वह अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति के प्रति कितना सचेत है। महात्मा बुद्ध के उपदेशों में आठ सम्यक सूत्रों का उल्लेख मिलता है, जिनके माध्यम से जीवन के हर क्षेत्र में संतुलित आचरण अपनाने की शिक्षा दी गई है। गौतम बुद्ध ने एक बार अपने शिष्यों से कहा था, तुम वीणा के तारों को इतना न कसो कि वे टूट जाएं और न ही इतना ढीला छोड़ों कि उनसे स्वर न निकले। कहने का अर्थ यह है कि भावनाओं की अभिव्यक्ति के मामले में हमेशा संतुलन होना चाहिए।

## समझें दूसरों की भावनाएं

भावनात्मक रूप से संतुलित होने के लिए खुद को समझने के साथ दूसरों की भावनाओं को भी समझने और उनके अनुरूप व्यवहार करने की कोशिश करनी चाहिए। इमोशनली इंटेलिजेंट लोगों का सामाजिक व्यवहार हमेशा संतुलित होता है। दूसरों के व्यक्तित्व की खूबियों-खामियों को पहचानने और उनके मन की बातों को पढ़ पाने का गुर जीवन के हर क्षेत्र में आपके काम आता है। चाहे वह आपका व्यक्तिगत जीवन हो या सार्वजनिक। अगर आप दूसरों को समझते हैं तो यह आपके लिए भी अच्छा होगा। दूसरों की भावनाओं को बारीकी से समझ पाना भावनात्मक विवेक का एक महत्वपूर्ण पहलू है।

## मुश्किल का हल



दफ्तर में जो व्यक्ति अपने साथियों के व्यक्तित्व को समझने में सफल होता है, अगर कभी उसके सामने कोई मुश्किल आती है तो वह आसानी से उसका हल ढूंढ लेता है। पारिवारिक और सामाजिक जीवन में भी भावनात्मक रूप से संतुलित लोग अपने सभी संबंधों का निर्वाह अच्छी तरह कर पाते हैं। वे अपने जीवनसाथी, दोस्तों और रिश्तेदारों के व्यवहार को ध्यान से देखते हुए उनके व्यक्तित्व के सकारात्मक-नकारात्मक पक्षों को समझने की कोशिश करते हैं। लोगों के साथ उनका व्यवहार बेहद संयत होता है। उन्हें मालूम होता है कि अगर किसी से अपनी बात मनवानी भी है तो उसके सामने किस ढंग से पेश आना चाहिए। बच्चों की परवरिश के मामले में भावनात्मक संतुलन की भूमिका काफी अहम होती है।

## व्यवहार कुशलता

समाज में लोगों के साथ व्यक्ति के व्यवहार के आधार पर भी उसके भावनात्मक विवेक को आंका जाता है। भले ही किसी व्यक्ति से आपके वैचारिक मतभेद हों या किसी कारण से आप उसे नापसंद करते हों, लेकिन जब वह सामने मिले तो उसके साथ आपका व्यवहार हमेशा सहज और संतुलित होना चाहिए। जीवन के हर मोर्चे पर कामयाबी हासिल करने के लिए यह बहुत जरूरी है। अगर आप सचेत ढंग से इन सुझावों पर अमल करेंगे तो आपके लिए भावनात्मक संतुलन स्थापित करना आसान हो जाएगा।

## संतुलन के कुछ सरल नियम

- **इमोशन मैनेजमेंट डायरी:** अपने लिए एक इमोशन मैनेजमेंट डायरी बनाएं, रोजाना रात को सोने से पहले उसमें दर्ज करें कि पूरे दिन में आपने कितनी बार और किन स्थितियों में नकारात्मक व्यवहार किया, ताकि अगली बार वैसी स्थिति में आप अपने व्यवहार में सुधार ला सकें।
- **यह आदत डालें:** समस्याओं से दुखी होने के बजाय उन्हें हल करने की आदत डालें घर और बाहर दोनों जगहों पर लोगों के साथ अच्छे संबंध बनाने और बिगडे हुए संबंध को सुधारने की कोशिश करें। अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति पर नियंत्रण रखें और सहनशक्ति को मजबूत बनाएं।
- **भावुक क्षणों में फैसला न लें:** भावुक क्षणों में कोई भी निर्णय न लें क्योंकि इसमें अकसर गलतियां हो जाती हैं। ऐसे लोगों से दोस्ती बढाएं, जिनसे बातें करके आपको खुशी मिलती है। अच्छे सामाजिक संबंध भावनात्मक संतुलन बनाने में मददगार होते हैं।
- **असफलताएं हैं जीवन का हिस्सा:** करियर के क्षेत्र में मिलने वाली छोटी-छोटी असफलताओं को पहले से ही अपने जीवन का जरूरी हिस्सा मानकर चलें। अपनी नाकामी से निराश होने के बजाय यह संकल्प लें कि दोबारा आपके साथ ऐसा नहीं होगा। अगर आप छात्र हैं या करियर बनाने की दिशा में प्रयासरत हैं तो अपनी क्षमताओं का सही मूल्यांकन करना सीखें।
- **अपनी क्षमताओं को जानें:** अपनी क्षमता के अनुरूप ही परिणाम की आशा रखें। अति महत्वाकांक्षा और उसके पूर्ण न होने की स्थिति में कोई भी व्यक्ति भावनात्मक रूप से असंतुलित हो जाता है। सीखने की कोई उम्र नहीं होती। अपने प्रोफेशन के संबंध में निरंतर नई जानकारियां हासिल करें और काम की नई तकनीकें सीखते रहें। इससे आप स्वयं को हमेशा युवा और ऊर्जावान महसूस करेंगे।
- **अपने ऊपर ध्यान दें:** अगर ऐसा लगता है कि वाकई आपका भावनात्मक संतुलन बिगड़ रहा है तो अपने ऊपर पूरा ध्यान दें। पर्याप्त नींद लें, योगाभ्यास और ध्यान करें।परिवार के साथ पूरा समय बिताएं। छुट्टियों में कहीं घूमने जाएं। हमेशा अच्छा सोचें। इससे जीवन में सकारात्मक बदलाव महसूस करेंगे।

# जानें किताब पढ़ने के फायदे...



**पढ़ना** एक ऐसी गतिविधि है जिसके कई स्वास्थ्य लाभ भी होते हैं। यदि आप नियमित रूप से नहीं पढ़ते हैं तो आपको रीडिंग को एक शौक के रूप में लेने पर विचार करना चाहिए। अक्सर लोगों के पढ़ने के पीछे के प्रयोजनों में कोई काम या शौक होता है। लेकिन वास्तव में पढ़ना एक ऐसी गतिविधि है जिसके कई स्वास्थ्य लाभ भी होते हैं। यदि आप नियमित रूप से नहीं पढ़ते हैं तो आपको रीडिंग को एक शौक के रूप में लेने पर विचार करना चाहिए। हर दिन एक किताब के कुछ पन्नों को पढ़ने के साथ धीरे-धीरे इसे शुरू करें या फिर समाचार देखने के बजाय अखबार पढ़ें। जल्द ही आपको अहसास होगा कि आप फिल्में देखने के बजाए किताबें पढ़ने की अच्छी आदत के मालिक हो चुके हैं।

## तनाव कम होता है

किताब पढ़ना आपके तनाव को कम करता है, क्योंकि यह एक तरह की शांतिपूर्ण गतिविधि होती है। यह ऐसी गतिविधि नहीं है, जो आपके विचारों को उत्तेजित करे। हां, किताब पढ़ने के दौरान यह जरूर देखें कि आप किस तरह की किताब पढ़ रहे हैं। याद रहे कि अवसाद और तनावग्रस्त होने पर हमेशा दिमाग को शांत करने वाली या फिर मन को हल्का करने वाली किताब ही पढ़ें, आपको अच्छा लगेगा।

## अकेलापन दूर होता है

किताब पढ़ने का एक फायदा यह है कि ये आपका अकेलापन दूर करती है। आप दुनिया में कहीं भी चले जाएं, किताब आपको कभी अकेला नहीं छोड़ेगी। किताब तनाव से दूर ले जाती है और उन विचारों से दूर ले जाती है, जो आपको परेशान करते हैं।

## फालतू बातों पर लगाम

किताब पढ़ने का एक फायदा यह है कि तनाव के दौरान तरह-तरह की फालतू बातें दिमाग में आती हैं। ऐसे में मन शांत रहे, यह काम मुश्किल हो जाता है। दिमाग में आई फालतू बातों पर लगाम लगाने का काम करती हैं किताबें। तनाव में किताब पढ़ने से दिमाग में मौजूद फालतू बातें बाहर निकल जाती हैं, क्योंकि आप एकाग्रचित्त हो कर किताब पढ़ रहे होते हैं।

## सोचने की क्षमता का विकास

पढ़ना एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें आपको अपने शरीर को भी कष्ट नहीं पहुंचाना होता है। तनाव के दौरान यूं भी कुछ करने का मन नहीं करता। ऐसे में आप चुपचाप कहीं भी बैठ कर आराम से कोई किताब पढ़ सकते हैं। कई बार हम स्वकेंद्रित हो जाते हैं। कुछ नया नहीं सोच पाते हैं, सिर्फ और सिर्फ खुद के बारे में सोचने लगते हैं, पर किताब पढ़ने के दौरान आपके सामने कई सारी ऐसी बातें होती हैं, जो आप पर केंद्रित नहीं होती हैं। ऐसे में एक तरह से आपकी अन्य बातों को सोचने की क्षमता का विकास ही होता है।

## मस्तिष्क का व्यायाम

पढ़ना एक प्रकार बेहतर तरीके से मस्तिष्क को उद्दीप्त करना करता है, जोकि टीवी देखने या रेडियो सुनने से कभी नहीं हो सकता। फिर भले ही आप कोई नया थ्रिलर पढ़ रहे हों या फिर अपने डीवीडी प्लेयर का अनुदेश मैनुअल, पढ़ने से आपका मस्तिष्क संलग्न रहता है और उसकी एक्सरसाइज होती है।

## याददाश्त बढ़ती है

जो लोगो पढ़ाई करते रहते हैं उनकी याददाश्त तेज होती है। टीवी देखने और कंप्यूटर पर काम करने की तुलना में पढ़ाई करने वालों का दिमाग अधिक तेज होता है। इसके अलावा पढ़ने की आदत व्यक्ति के सोचने और समझने की क्षमता को भी बढ़ाती है।

## दिमाग जवां रहता है

पढ़ने की आदत से इंसान का दिमाग हमेशा जवां रहता है। एक शोध के अनुसार, वे लोग जो रचनात्मक कामों जैसे पढ़ाई आदि में अधिक समय बिताते हैं, उनका दिमाग ऐसा न करने वाले लोगों की तुलना में 32 प्रतिशत तक अधिक युवा बना रहता है।

## अल्जाइमर से बचाव

अल्जाइमर उम्रदराज लोगों में होने वाला एक मानसिक रोग है, जिसके कारण व्यक्ति की याददाश्त कमजोर हो जाती है। जो दिमागी गतिविधियों जैसे, पढ़ाई, चेस खेलना, पजल हल करना आदि में व्यस्त रहते हैं।



# फंकी लुक और पार्टी वेयर 'किमोनो' है ट्रैंड में

**फैशन** जगत में भी लुक ईस्ट पॉलिसी पर फोकस किया जा रहा है। जापानी गुड़िया पर सजने वाली चीजें अब दुनिया के हर कोने के साथ-साथ भारत में भी खासी पसंद की जा रही हैं। 'किमोनो' भी इनमें से एक है। जो बहुत ही ट्रेंडी हैं। इस ढीले-ढाले परिधान को किसी भी ड्रेस के ऊपर पहना जा सकता है। इसे मॉडर्न आउटफिट कम टेड्रिशनल कहा जा रहा है। बॉलीवुड हमेशा से ही ट्रेंड सेटर रहा है। दीपिका पादुकोण ने 'किमोनो' को भी काफी पापुलर बना दिया है। गर्ल्सज़ अपने आप को डिफरेंट और अट्रैक्टिव दिखाने का प्रयास कर रही हैं, इसलिए यूनिक और स्टाइलिश 'किमोनो' टॉप्स में हैं। ये काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। अब गर्ल्स भी 'किमोनो' टॉप्स में नजर आ रही हैं जो की उन्हें अट्रैक्टिव लुक दे रहा। ये लुक टीनेजर्स को बहुत लुभा रहा है। 'किमोनो' टॉप्स कलरफूल और सिम्पल लुक में भा रहे हैं। प्लेन और प्रिंटेड 'किमोनो' को जींस या पैंट्स के ऊपर पहन सकते हैं।

## स्टाइलिश क्रेप व 'किमोनो' चलन में

कैजुअल लुक, फंकी लुक और पार्टी वेयर लुक के अलावा स्टाइलिश क्रेप और 'किमोनो' काफी चलन में है। नेट 'किमोनो' भी प्रचलित में है। मिनी स्कर्ट या शॉर्ट्स, फुल स्किनी ट्राउजर के साथ इसे कैरी कर सकते हैं और इसमें अटैच बेल्ट से इसे कमर में टाइट कर सकते हैं। ये बैक साइड से पूरा कवर होता है और सामने से हाफ ओपन होता है ताकि अंदर जो जीन्स और स्कर्ट पहना है वो नजर आ सके। ये गर्ल्स को स्टाइलिश लुक दे। जापानी 'किमोनो' का डिजाइनर आउटफिट्स काफी लड़कियों को लुभा रहा है जो स्लीवलेस कुर्ती और टी सर्ट के साथ कैरी किया जा रहा है।

## फॉलो कर रही हैं

इस सीजन में सबसे ज्यादा चलन में है तो वो है 'किमोनो'। गर्ल्स ये ट्रेंड फॉलो कर रही हैं। यही नहीं इसमें भी नए-नए इन्नोवेशन देखने को मिल रहे हैं।

इसे जींस के साथ कैरी किया जा सकता है तो वहीं प्लाजो के साथ भी इसे पहना जा सकता है। कैजुअल लुक, फंकी लुक और पार्टी वेयर लुक के लिए भी इसे ट्राय कर सकते हैं। ये नया ट्रेंड है और कूल भी है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**